Mahendra's™

मार्च 2016
₹ 40

मास्टर इन

करेन्ट अफेयर्स

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु ...



प्रौद्योगिकी विजन 2035 - विज्ञान का उपयोगी स्वरूप

भारत में सूखा प्रबंधनः एक अवलोकन

मृदा स्वास्थ्य कार्ड - कृषि क्रांति के लिए एक उपकरण

जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र का विकास प्रभावित

Mahendra Publication Pvt. Ltd.

माह की शीर्ष चर्चित खबरें



1. गुजराती साहित्यकार रघुवीर चौधरी को वर्ष 2015 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई।

2. बॉलिवुड की मशहूर अभिनेत्री साधना का निधन हो गया।

3. बिन्नी बंसल फ्लिपकार्ट के नए सीईओ बने।

4. पूर्व आईएएस अधिकारी डी.के. सीकरी सीसीआई प्रमुख नियुक्त।

5. इंदिरा नूयी येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की 'सबसे उदार स्नातक' घोषित।

6. लियोनेल मेसी ने 'ग्लोब सॉकर अवॉर्ड' में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

7. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन देश की अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमोस समाप्त की।

8. फिलीपींस की सुंदरी पिया अलोंजो वर्त्जबैक मिस यूनिवर्स-2015 बनीं।

9. पाकिस्तानी गायक अदनान सामी को भारत की नागरिकता मिली।

10. सचिन तेंदुलकर मधुमेह जागरूकता अभियान के ब्रांड एंबेसडर बने।

Mahendra Publication Pvt. Ltd.

Mahendra Publication Pvt. Ltd.

भाग - 6
अंक - 3

सम्पादक
एन.के. जैन
सह-सम्पादक
नीरज गौड़
सलाहकार
नीरज छाबड़ा
के.सी. गुप्ता
पंजीकृत कार्यालय
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
103, प्रगतिदीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08, लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, नई दिल्ली - 110092
TIN- 07136921593
डब्ल्यू.ई.एफ. 10-04-2014
शाखा कार्यालय
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
ई-42, 43, 44, सेक्टर-7, नोएडा, (यू.पी.)

प्रसार, वितरण एवं विज्ञापन सम्बन्धी सभी जानकारियों के लिए सम्पर्क करें:-
mahendrapublication.org
Ph.: 0522-3247030

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक एन.के. जैन
103, प्रगतिदीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08, लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, नई दिल्ली - 110092 से प्रकाशित।

कॉपीराइट
- प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता है।
- किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

कृपया अपने सुझाव एवं शिकायत हमें निम्न पते पर भेजें:- महेन्द्रा पब्लिकेशन, प्राइवेट लिमिटेड, सी.पी.-9 विजयन्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ -226010
mahendrapublication.org

अनुक्रमाणिका

साक्षात्कार	5
कम्पटीशन बूस्टर	6-11
एक नजर में	12
न्यूज़ मेकर्स	13-18
न्यूज़ डायरी	20-81
भारत में सूखा प्रबंधन : एक अवलोकन	83-84
प्रौद्योगिकी विजन 2035 - विज्ञान का उपयोगी स्वरूप	85-86
मृदा स्वास्थ्य कार्ड-कृषि क्रांति के लिए एक उपकरण	87
जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र का विकास प्रभावित	88-89
प्रश्न खजाना (भाग-ए)	91-95
प्रश्न खजाना (भाग-बी)	96-99
प्रश्न खजाना (भाग-सी)	100-114
राष्ट्रीय	100-104
अन्तर्राष्ट्रीय	105-106
अर्थव्यवस्था	107-112
विविध	113-114

भारत में सूखा प्रबंधन : एक अवलोकन

प्रौद्योगिकी विजन 2035 - विज्ञान का उपयोगी स्वरूप

मृदा स्वास्थ्य कार्ड-कृषि क्रांति के लिए एक उपकरण

जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र का विकास प्रभावित

संपादकीय

सपने साकार हों, इससे पहले हमें सपने देखने होगें

ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने समावेशी विकास एवं देश में जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए **1996** में 'विजन **2020**' की कल्पना की थी। इससे पीछे रहते हुये, संघर्षरत भारत ने अपनी प्रमुख चुनौतियों पर काबू पाने के लिए इस बार उभरती प्रौद्योगिकियों पर दांव लगाया है, और **2035** के लिए इसी तरह का एक प्रयास पुनः शुरू किया है।

टेक विजन **2035**, **100** पृष्ठों का एक दस्तावेज है जिसे मैसूर में **103**वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी किया। इस दस्तावेज में घोड़े की चार गतियों-चौकड़ी, कदमचाल, दुलकी और ठुमकी-की सादृश्यता का उपयोग करते हुए भारत के प्रौद्योगिकी भविष्य की कल्पना करने का प्रयास किया गया है।

2012 की **120** करोड़ जनसंख्या जो **2035** में **153** करोड़ हो जायेगी की सुरक्षा, समृद्धि और पहचान की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दस्तावेज में सभी भारतीयों के विजन को और प्रौद्योगिकी द्वारा इसके फलीभ्भूत किये जाने को परिलक्षित किया गया है।

दस्तावेज में चिन्हित प्रमुख चुनौतियों में विकास, सशक्तिकरण, समग्रता, स्थिरता, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी बुनियादी ढांचा, संसाधन, सामाजिक-आर्थिक नीतियाँ, समाधान, इलेक्ट्रूनिक संचार और गुणवत्ता अनुसंधान शामिल हैं। विजन **2020** की परिकल्पना **1990** के दशक के बाद के उदारवादी आर्थिक सुधारों की पृष्ठभ्भूमि में की गई थी जब देश ने आर्थिक दिवालियापन की स्थिति से उभरना शुरू किया था। इसने, हालांकि, **2020** तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहल के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये थे।

यद्यपि देश ने कुछ क्षेत्रों में चौकड़ी भरी और अन्य में गति बनाये रखने के लिये कदम ताल की चाल चली फिर भी, यह कुछ ही क्षेत्रों में दुलकी चाल ही चल सका और कई अनेक क्षेत्रों में विभिन्न कारणों से चाहे वे आंतरिक हों अथवा बाह्य, चल नहीं सका। उदाहरण के लिये देश ने आईटी के नेतृत्व में सेवा क्षेत्र में चौकड़ी भरी, परंतु डिजाइन और निष्पादन आपनाने की कमी के चलते विनिर्माण क्षेत्र में ऐसा नहीं हो सका और इस क्षेत्र में देश की विशेषज्ञता प्रौद्योगिकी के बुनियादी या मध्यवर्ती स्तर पर ही बनी रह गयी। पिछले दो दशकों में भारत ने अंतरिक्ष, परमाणु और मिसाइल प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी में चौकड़ी भरी, नागरिक उड्डयन, सेवा और सड़क परिवहन में कदम चाल चली लेकिन खाद्य और कृषि, विनिर्माण और इलेक्ट्रूनिक्स में यह दुलकी चाल ही चल सका।

प्रौद्योगिकी एक ऐसा सेतु हैं जिसके एक ओर मानव आवश्यकतायें व जरूरते हैं और दूसरी ओर उपलब्ध संसाधन हैं। सबसे बड़ी चुनौती, संसाधनों पर दबाव है क्योंकि ये जीवाश्म ईंधन की तरह सीमित और गैर-नवीकरणीय हैं। भारत के अधिकांश हिस्सों में साठ से भी अधिक प्रतिशत आबादी अभी भी ग्रमीण बस्तियों में रहती है जहाँ आधे से भी अधिक जनसंख्या एक अत्यंत अल्प-आय पर अपने अस्तित्व के लिए निरंतर संघर्षरत है। इसे कम से कम एक सम्मानजनक स्तर तक लाये जाने की आवश्यकता है। अतः प्रौद्योगिकी को तथाकथित संस्कृति की ओर निर्देशित न करके संसाधनों की समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए। जब वे सशक्त होगें और सम्मान सहित जीवन यापन में सक्षम होगें तो संस्कृति का खयाल भी वे रख सकेगें।

आपका शुभेच्छु

महेन्द्रा पब्लिकेशन प्रा. लि.

व्यक्तिगत विवरण

नाम : सुकन्या शर्मा
पिता का नाम : श्री ब्रज भूषण शर्मा
माता का नाम : श्रीमती शकुंतला शर्मा
शिक्षा : बी. टेक
रूचियाँ : पुस्तकें पढ़ना, कविता लिखना, टीटी खेलना और सुडोकू।
अंतिम चयन : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई सहायक)
उत्तीर्ण परीक्षा का अनुक्रमांक : **3430715724**
महेंद्रा संस्थान का अनुक्रमांक : **MAH 0010728188**

माइका : सर्वप्रथम आपको "भारतीय रिजर्व बैंक में आरबीआई सहायक के पद" पर चयनित होने पर हार्दिक बधाई।

सुकन्या : धन्यवाद।

माइका : आप अपनी सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगी?

सुकन्या : मैं अपनी सफलता का श्रेय महेंद्रा की टीम को (सफलता के लिये आवश्यक सभी प्रकार के साधन उपलब्ध कराने के लिये), ईश्वर को तथा विश्वास एवं भरोसा रखने के लिए अपने परिवार को देना चाहूँगी।

माइका : आपको, कितने प्रयासों के बाद भारतीय रिजर्व बैंक की परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई?

सुकन्या : भारतीय रिजर्व बैंक के लिए यह मेरा पहला प्रयास था।

माइका : क्या आपने परीक्षा की तैयारी के लिए किसी संस्थान की सहायता ली, यदि हां तो आपकी सफलता में संस्थान का क्या योगदान है?

सुकन्या : मैंने महेंद्रा में 3 महीने की कक्षाएं ज्वॉइन की थी। यहाँ की शिक्षण रणनीति, अध्ययन सामग्री और एसटी पोर्टल बहुत ही उपयोगी रहे।

माइका : आपने लिखित परीक्षा की तैयारी कैसे की?

सुकन्या : मैंने महेंद्रा की अध्ययन सामग्री, स्पीड टेस्ट और प्रॉब्लम सॉल्विमग सेशन की सहायता से तैयारी की थी।

संख्यात्मक अभियोग्यता:

मैने अभ्यास के लिए क्लास नोट्स, महेंद्रा का स्पीड टेस्ट और अभिजीत गुहा की 'संख्यात्मक अभियोग्यता' पुस्तक की सहयता ली थी।

तार्किक अभियोग्यता:

मैंने अभ्यास के लिए क्लास नोट्स पढ़ा और महेंद्रा के स्पीड टेस्ट हल किये एवं एम.के. पांडे की 'एनालिटिकल रीजनिंग' पुस्तक पढ़ी।

अंग्रेजी:

मैंने 'द हिंदू' से संपादकीय पढ़े और नियमित रूप अपने क्लास नोट को बार-बार दुहराया। अभ्यास के लिए मैंने खूब स्पीड टेस्ट दिये।

सामान्य सचेतता:

क्लास नोट्स, समाचार पत्र और मास्टर इन करेंट अफेयर्स पत्रिका का अध्ययन किया।

कम्प्यूटर एवं विपणन:

बैंकर्स गुरु पर उपलब्ध क्लास नोट्स और सामग्री से।

माइका : ज्ञान पर आधारित एक स्रोत के रूप में सामान्य सचेतता के लिए "मास्टर इन करेन्ट अफेयर्स" पत्रिका, बैंकर्स गुरू तथा इंटरव्यू गुरू वेबसाइटों के बारे में आपका क्या अनुभव है?

सुकन्या : माइका तैयारी के लिए सबसे अच्छी पत्रिका है, बैंकर्स गुरु और इंटरव्यू गुरु हमें अद्यतन और प्रेरित रखने में अत्यंत सहायक हैं।

माइका : आपके अनुसार, आपके कोचिंग संस्थान की सबसे अच्छी बात क्या है?

सुकन्या : स्पीड टेस्ट और महेंद्रा के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले प्रॉब्लम सॉल्विंग सेशन।

माइका : किसी की सफलता में "समय प्रबंधन" का क्या योगदान है?

सुकन्या : समय ही हमें सब कुछ देता है और समय ही हसमे सब कुछ ले लेता है। हमें प्रति दिन कम से कम 2-3 घंटे "बैठकर" अध्ययन करना चाहिए।

माइका : आपने साक्षात्कार के लिए तैयारी किस प्रकार की?

सुकन्या : मैंने महेंद्रा में ही साक्षात्कार की कक्षाएं ली थी। यहाँ के मार्गदर्शक काफी अनुभवी और सहायक स्वभाव के हैं।

माइका : साक्षात्कार बोर्ड के बारे में आपकी धारणा क्या है और आपसे साक्षात्कार में किस तरह से प्रश्न पूछे गए?

सुकन्या : बोर्ड का रूख बहुत ही सहायक और मेरे लिए बहुत अच्छा था। भाषा पर कोई प्रतिबंध नहीं था। अधिकांश साक्षात्कार हिंदी में ही हुआ।

पूछे गये प्रश्न :-

(I) हमें आपका चयन क्यों कर चाहिए?
(II) मेरे पैतृक स्थान और रूचि से संबंधित प्रश्न।
(III) भारतीय रिजर्व बैंक के कार्य और हमारी अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति की भूमिका।
(IV) कॉर्पोरेट प्रशासन क्या है, पीपीपी मॉडल और स्वॉट विश्लेषण क्या है।

माइका : आपको अपने चयन की जानकारी कैसे प्राप्त हुई और आपकी प्रतिक्रिया क्या थी?

सुकन्या : मुझे चयन की जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से मिली। मैं बहुत खुश और संतुष्ट थी।

माइका : आप अन्य अभ्यर्थियों के लिए क्या संदेश देना चाहती हैं?

सुकन्या : आपको ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करना चाहिये। अपनी क्षमताओं में विश्वास रखें और असफलता से न डरें। सफलता की आशा रखें। सफलता निश्चय ही मिलेगी।

माइका : एक बार फिर से आपको सफलता के लिए बधाई व आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।

सुकन्या : धन्यवाद

जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का निधन हो गया।

कम्पटीशन बूस्टर

किस देश के साथ भारत ने तटीय पोत परिवहन समझौते के संचालन के लिए मानक कार्य-प्रक्रिया (एसओपी) पर हस्ताक्षर किये?	बांग्लादेश
जी-20 शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण का आयोजन कहाँ हुआ था?	अंताल्या, तुर्की
हाल ही में सईद जाफरी का निधन हो गया। वह एक ---------- थे।	अभिनेता
किस राज्य सरकार ने राज्य में 'मोबाइल गवर्नेंस' का शुभारंभ किया है?	झारखंड
---------- की प्रख्यात लेखिका कमला लक्ष्मण का निधन हो गया।	बच्चों की पुस्तकों
ब्राजील ग्रांड प्रिक्स किसने जीती?	निको रोसबर्ग
पेटा द्वारा 'पर्सन ऑफ दि ईयर' सम्मान के लिए किसे चयनित किया गया है?	कपिल शर्मा
चाइना ओपन सुपर सीरीज का महिला एकल खिताब किसने जीता?	ली शुरेई
उन्नत टॉरपीडो सुरक्षा प्रणाली का नाम क्या है जिसे भारत के रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना को सौंप दिया है?	मारीच
अत्यधिक सस्ती दरों पर कैंसर और हृदय रोगों के लिए दवाओं को बेचने वाली देश की पहली खुदरा सुविधा का नाम क्या है?	अमृत
मिशेल जॉनसन ने संन्यास की घोषणा की। वह किस देश के तेज गेंदबाज हैं?	ऑस्ट्रेलिया
संयुक्त राष्ट्र में भारत का नया स्थायी प्रतिनिधि किसे नियुक्त किया गया है?	सैयद अकबरुद्दीन
सिरिल वर्मा किस खेल से संबंधित हैं?	बैडमिंटन
फीफा ने भ्रष्टाचार के आरोप में नेपाल के फुटबॉल प्रमुख गणेश थापा पर कितने सालों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है?	10 साल
हाल ही में के. शंकरन नायर का निधन हो गया। वह किस संगठन के पूर्व प्रमुख थे?	रॉ
एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल किसने जीता?	रोजर फेडरर
यूएनआईएसडीआर द्वारा एशिया क्षेत्र के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण चैंपियन के रूप में किसे नामित किया गया है?	किरेन रिजिजू
होटल मैरियट इंटरनेशनल इंक किस देश में स्थित है?	संयुक्त राज्य अमेरिका
हेमेंद्र नारायण का निधन हो गया। वह एक ..... थे।	पत्रकार
भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?	न्यायमूर्ति तीरथ सिंह ठाकुर
किस बॉलीवुड अभिनेत्री को प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी मेमोरियल पुरस्कार 2015 के लिए नामित किया गया है?	जूही चावला
पुरूष हॉकी टीम के उपकप्तान पी.आर. श्रीजेश को किस खेल परिषद ने लेफ्टिनेंट कर्नल जी.वी. राजा अवार्ड से सम्मानित किया है?	केरल खेल परिषद
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुरक्षा सहयोग पर भारत और ..... के बीच समझौता ज्ञापन के लिए अपनी पूर्वव्यापी स्वीकृति दे दी है।	जर्मनी

1 अप्रैल 2020 से केंद्र सरकार, भारत स्टेज (बीएस) VI उत्सर्जन मानकों को लागू करेंगी।

किस संगठन को हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति का सदस्य बनाया गया?	विश्व बैडमिंटन महासंघ
2015 के लिए इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार हेतु किसे चयनित किया गया है?	यूएनएचसीआर
किस स्थान पर एपेक का **27**वां शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था?	बीजिंग, चीन
चीन में भारत के नए राजदूत के रूप में किसे नामित किया गया है?	विजय केशव गोखले
किस देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक डाक टिकट जारी किया है?	तुर्की
राम कृष्ण त्रिवेदी का निधन हो गया। वह किस राज्य के पूर्व राज्यपाल थे?	गुजरात
शतरंज खिलाड़ी सृष्टि पांडेय किस राज्य की हैं?	महाराष्ट्र
तीसरे एशियाई फुटबॉल पुरस्कारों में 'वुमन फुटबॉलर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार किसने जीता?	अदिति चौहान
वर्ष **2016** के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के अध्यक्ष के रूप में किसे निर्वाचित किया गया है?	हर्षवर्धन नेवतिया
डॉ. सत्या पॉल अग्रवाल का निधन हो गया। वह किस संगठन के महासचिव थे?	भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी
किस राज्य के साथ दक्षिण ऑस्ट्रेलिया ने एक ऐतिहासिक 'सहयोगी राज्य का समझौता' किया है?	राजस्थान
नई दिल्ली में आयोजित ट्रैक एशिया कप साइक्लिंग मीट में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते?	**3**
भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के **46**वें संस्करण में मुख्य अतिथि कौन था?	अनिल कपूर
हाल ही में हॉलीवुड फिल्म निर्माता बने टेनिस चैंपियन .....को ईस्ट लंदन विश्वविद्यालय द्वारा कला के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।	अशोक अमृतराज
सभी राष्ट्रों को आतंकवाद के खिलाफ सभी आवश्यक कदम उठाने के किस देश के प्रायोजित प्रस्ताव को यूएनएससी द्वारा पारित किया गया?	फ्रांस
भारत ने किस देश के साथ साइबर सुरक्षा, संस्कृति और लोक प्रशासन पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए?	मलेशिया
अर्जेंटीना के राष्ट्रपति चुनाव में कौन विजेता के रूप में उभरा है?	मौरिसियो माक्री
अरविंद भट ने निम्न में से किससे सन्यास ले लिया है?	अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन
प्रेरणा भांबरी किस खेल से संबंधित हैं?	टेनिस
कौन सा समूह आसियान द्वारा स्थापित किया गया है?	आसियान इकोनॉमिक कम्यूनिटी
किस देश ने **8**वां जूनियर एशिया हॉकी कप जीता है?	भारत
हाल ही में क्रिकेटर रेमंड वान स्कूर का निधन हो गया। वह किस देश के लिए खेलते थे?	नामीबिया
रायपुर में आयोजित होने वाले विश्व हॉकी लीग (एचडब्ल्यूएल) फाइनल्स के लिए आधिकारिक साझेदार के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?	एनटीपीसी
..... ने लाओस के लिए लाओसैट-**1** नामक पहले उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।	चीन
आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप **2015** किसने जीती?	पंकज आडवाणी
मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) **2016** का ब्रांड एंबेसडर कौन है?	जैकी श्रॉफ
भारत की परमाणु सक्षम धनुष बैलिस्टिक मिसाइल कितनी दूर तक मार कर सकती है?	**350** किमी
डॉ. महीप सिंह का निधन हो गया। वह एक ..... थे।	लेखक

उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि उसने एक हाइड्रोजन बम का सफल परीक्षण कर लिया है।

भारत के 19वें अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन स्थल क्या था?	हैदराबाद
किस राज्य ने 15 नवंबर 2015 को अपनी स्थापना दिवस मनाई?	झारखण्ड
आईआरसीटीसी द्वारा एक नई कंपनी रेलवे ऊर्जा प्रबंधन कंपनी/ REMC के अनुसार गाड़ियां जल्द ही ..... ऊर्जा पर चलेंगी।	वायु और सौर
एक्सप्लोनेट जो..... प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है, पृथ्वी पर दर्ज की गई गति से लगभग 20 गुना अधिक से प्रति घंटे 8690 किलोमीटर तक पहुँच गया है।	63
वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क कैंसर के रोगियों में दवाओं को प्रभावी बनाने के लिए किस बाधा को सफलतापूर्वक पार किया है?	मस्तिष्क रक्त अवरोधक
वैज्ञानिकों के अनुसार, एक संक्षिप्त ईमेल भेजना, वातावरण में कितने ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) जोड़ता है?	4
पृथ्वी से लगभग 100 प्रकाश वर्ष की दूरी पर एक लाल बौने तारे का चक्कर लगाने वाले नीले आसमान युक्त एक ..... की खोज की गयी है।	छुद्र वाह्य ग्रह
स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने एक ..... कैरेट सोने के नग की खोज की है जो सामान्य सोने की तुलना में 1000 गुना हल्का है और दूध के फोम पर तैर सकता हैं।	22
नोवाक जोकोविच ने लगातार चौथे वर्ष एटीपी टूर फाइनल्स जीतने के लिए किस टेनिस खिलाड़ी को हराया है?	रोजर फेडरर
लैंको सोलर लिमिटेड ने 100 मेगावाट सौर सेल विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए किस राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?	छत्तीसगढ़
विश्व मत्स्य दिवस कब मनाया जाता है?	21 नवंबर
दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति हाल ही में निधन हो गया। उनका नाम क्या था?	किम यंग-सैम
वैज्ञानिकों ने नये ..... की खोज की है जो प्रभावी ढंग से ट्यूमर में सीधे कैंसर विरोधी एजेंटों को भेजता है और इसे नष्ट कर सकते हैं।	जैव जेल
किस वरिष्ठ पाकिस्तान राजनीतिक नेता का निधन हो गया है?	मखदूम अमीन फहीम
ई-कॉमर्स कंपनी होम लेन डॉट कॉम ने अपना मुख्य उत्पाद अधिकारी किसे नियुक्त किया है?	जयंत मैसूर
23वां एपेक शिखर सम्मेलन ..... में आयोजित किया गया।	मनीला, फिलीपींस
टेनिस चैंपियन ..... को ईस्ट लंदन विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।	अशोक अमृतराज
किस शहर के मेयर की हाल ही में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी?	चित्तूर
रॉ के किस पूर्व प्रमुख का निधन हो गया है?	के. शंकरन नायर
किस बीमारी के लिए नया टीका पाया गया है?	इबोला
वरिष्ठ राजनयिक ..... को चीन में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।	विजय केशव गोखले
कौन सा प्रकाशन 2015 आईएफएफआई के उद्घाटन के अवसर पर जारी किया गया है?	लेजेंड्स ऑफ इंडियन सिल्वर स्क्रीन
भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के ..... संस्करण आईएफएफआई 2015 का हाल ही में गोवा में उद्घाटन किया गया है।	46वें
ध्रुवीय भालू की आबादी मध्य सदी तक ..... प्रतिशत तक गिर जाएगी, क्योंकि आर्कटिक समुद्र में बर्फ ग्लोबल वार्मिंग से पिघल रही है।	30

कुणाल शाह को इंटरनेट और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वरिष्ठ जदयू नेता नीतीश कुमार ने ..... बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।	पांचवी
किस बैडमिंटन खिलाड़ी ने हांगकांग ओपन पुरुष एकल में लगातार तीसरा सुपर सीरीज खिताब जीता?	ली चोंग वेई
पाकिस्तान और अमेरिका ने किन दो पक्षों के बीच ठप शांति प्रक्रिया को बहाल करने के प्रयास किए हैं?	अफगानिस्तान सरकार और तालिबान
अग्नि-I एक ..... में मार करने वाली मिसाइल है।	सतह से सतह
नई दिल्ली में विकलांग व्यक्तियों के लिए पहले अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किसने किया?	थावर चंद गहलोत
वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी सुलभता सूचकांक पर भारत का क्या स्थान है?	131वां
किस देश ने इंटरनेशनल एजेंसी फॉर सोलर टेक्नोलॉजीज एण्ड एप्लीकेशन्स (आईएएसटीए) की शुरूआत की है?	भारत
उस्ताद साबरी खान का निधन हो गया। वह एक ..... वादक थे।	सारंगी
हाल ही में भारतीय बैडमिंटन संघ ने पीवी सिंधु को ..... देने की घोषणा की।	रु. 10 लाख
46वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?	पीटर ग्रीनअवे
किस मुद्रा को विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) मुद्रा बास्केट में शामिल कर लिया गया है?	युआन
डाटाविंड ने किस देश में कम कीमत वाले मोबाइल इंटरनेट का उपयोग प्रदान करने के लिए एयरटेल अफ्रीका के साथ भागीदारी की है?	नाइजीरिया
श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने मटाले में..... इंटरनेशनल सेंटर का उद्घाटन किया।	महात्मा गांधी
मौरिसियो मैक्री ने किस देश के राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में विजय प्राप्त की?	अर्जेंटीना
तत्काल प्रभाव से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस के चीफ मेंटर (एमआई) के रूप में किसने इस्तीफा दिया?	अनिल कुंबले
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की ..... के अवसर पर 125 रुपये और 10 रूपये के दो स्मारक सिक्के जारी किये।	125 वीं जयंती
भारत ने राष्ट्रमंडल के छोटे राज्यों के लिए ..... की व्यापार वित्त सुविधा की घोषणा की है।	2.5 मिलियन डॉलर
भारत ने सफलतापूर्वक अपने देश में विकसित परमाणु सक्षम ..... मिसाइल का सफल परीक्षण किया।	पृथ्वी-द्वितीय
केन्द्रीय सरकार ने ..... में SAADMEX 2015 संपन्न किया।	दिल्ली
केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने ..... में पहले मेगा फूड पार्क की आधारशिला रखी।	तेलंगाना
कौन सा शहर पहले तालीहो अंतर्राष्ट्रीय कव्वाली महोत्सव 2015 की मेजबानी करेगा।	दिल्ली
प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने ..... कार्यक्रम का शुभारंभ किया है।	'एक कदम उन्नति की ओर'
नीतीश कुमार ने ..... बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।	5वीं बार
किस राज्य की सरकार ने एक दुर्घटना बीमा योजना शुरू करने का निर्णय लिया है।	महाराष्ट्र
अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव ने ..... शरणार्थियों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के लिए एक विधेयक पारित किया है।	ईराकी और सीरियाई
फाइजर और अलर्गन ने दुनिया की सबसे बड़ी दवा कंपनी बनने के लिए के बड़े पैमाने का विलय किया है।	160 बिलियन डॉलर
..... के प्रधानमंत्री, यूसुफ मस्कट ने पर्यावरण परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए एक नया 1 बिलियन डॉलर के राष्ट्रमंडल ग्रीन वित्त सुविधा का अनावरण किया।	माल्टा

स्टैंड अप इंडिया योजना सिडबी के माध्यम से एक पुनर्वित्त खिड़की का सुविधा है।

कम्पटीशन बूस्टर (बैंकिंग एवं वित्तीय सचेतता)

रिलायंस इंडस्ट्रीज ग्रुप की खेल ईकाई का मुख्य कार्यकारी अधिकारी किसे नियुक्त किया गया है?	सुंदर रमन
कौन से बैंक ने 45वां एस.एन. वोहरा का अखिल भारतीय गुरमीत मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट 2015 जीता?	पंजाब एंड सिंध बैंक
भारत में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के / की मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?	जरीन दारुवाला
विश्व जल परिषद के गवर्नर के रूप में किसे निर्वाचित किया गया है?	पृथ्वी राज सिंह
राजस्थान सरकार द्वारा निजी कंपनियों के साथ पर्यटन के क्षेत्र में कितने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए?	37
किस देश ने पानी से संबंधित परियोजनाओं के लिए घाना की सरकार को 1.25 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की है?	चीन
टाटा स्टील ने किस राज्य में अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना की है?	ओडिशा
किस स्टॉक एक्सचेंज का नाम बदलकर सिडनी स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड रख दिया गया है?	एशिया पैसिफिक स्टॉक एक्सचेंज
7वें वेतन आयोग की अध्यक्षता किसने की?	अशोक कुमार माथुर
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की सिंगापुर यात्रा के दौरान भारत और सिंगापुर के बीच कितने समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए?	10
रेलवे द्वारा शुरू किए जाने वाले प्रस्तावित रेलवे सुरक्षा कोष का नाम बताईए?	राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष
भारत ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए बिना किस देश से यूरेनियम खरीदने के लिए पहला देश बनने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?	ऑस्ट्रेलिया
संविधान दिवस इस वर्ष कब मनाया गया था?	26 नवंबर
टीसीएस ने फ्रांस में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की निगरानी करने के लिए किस कंपनी से भागीदारी की है?	गिएफआई इन्फोर्मेटिक
किस एप्लिकेशन आधारित टैक्सी ऑपरेटर ने मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में इन्फोसिस के सीईओ राजीव बंसल की नियुक्ति की घोषणा की है?	टैक्सी फॉर स्योर
सिट्रिक्स ने अपनी टीम के किस कार्यकारी के सीएमओ के रूप में नियुक्ति की घोषणा की है?	टिम मैनहन
एसोचैम के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?	सुनील कनोरिया
जीएसएमए के एक अध्ययन के अनुसार 2015 के अंत तक भारत में ..... मिलियन मोबाइल उपभोक्ता होंगे।	500
किस भारतीय अमेरिकी को एडीबी पद के लिए प्रवर्तन निदेशालय के रूप में नामित किया गया है?	स्वाति दांडेकर
बांग्लादेश और भारत, त्रिपुरा में किस ताप विद्युत परियोजना से बिजली के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे?	पलटना
अक्टूबर 2015 में पी-नोट्स के माध्यम से निवेश ..... लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।	2.58

नितिन गडकरी ने भारत की पहली नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) का उद्घाटन किया।

निर्यात-आयात बैंक ने वित्तीय सहयोग को मजबूत करने के लिए किसके साथ एक समझौता किया है?	एक्जिम बैंक ऑफ मलेशिया
..... की अर्थव्यवस्था **2015** में अप्रैल-जून की अवधि की तुलना में जुलाई-सितंबर के दौरान **1.7** प्रतिशत की दर से संकुचित हुई है। इसने सबसे लंबे समय तक मंदी के दौर में प्रवेश किया।	ब्राजील
संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट के अनुसार, **2016** तक ..... प्रतिशत की दर से वृद्धि के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर उभरेगा।	**7.3**
एमेरिटस टाटा समूह के चेयरमैन रतन टाटा ने किस शहरी सेवा बाजार कंपनी में निवेश किया है?	अर्बन क्लैप
किस ऑनलाइन भुगतान कंपनी ने मुख्य वित्त अधिकारी के रूप में अंशुल क्षेत्रपाल को नियुक्त किया है?	फ्रीचार्ज
टाइटन, जो कंपनी के साथ अपने नए संयुक्त उद्यम के बोर्ड पर तीन निदेशकों को नियुक्त किया है?	मैसन मांटब्लांक
कोल इंडिया लिमिटेड की चुकता इक्विटी पूंजी ..... करोड़ रुपए है।	**6316**
अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष **2015-2016** के पहले सात महीनों में ..... लाख टन लौह अयस्क का निर्यात किया है।	**10.75**
किस योजना के तहत **10** अफ्रीकी देश **31** लाख हेक्टेयर भूमि के निम्नीकृत और कटाई को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है?	**AFR100**
किस व्यापार समूह और एपीएसएसडीसी ने साइबर सुरक्षा और डेटा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में युवाओं के कौशल हेतु हाथ मिलाया है?	नासकॉम
एनआईआईटी ने किस आईटी क्षेत्र की प्रमुख के साथ एक शैक्षिक साझेदारी में प्रवेश किया है?	एचपी
आईडीएफसी ने कोर बैंकिंग समाधान के लिए किस आईटी कम्पनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?	टीसीएस
गेल इंडिया अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से उपयोग पाइपलाइन की सही निगरानी के लिए ..... के रूप में एक निगरानी भू पोर्टल का शुभारंभ किया।	भुवन गेल
कौन सी राज्य सरकार को उदय योजना में शामिल होने की मंजूरी मिल गयी है?	आंध्र प्रदेश
फिनमिन द्वारा स्वर्ण मुद्रीकरण योजना को ..... के रूप में घोषित किया गया है।	स्वैच्छिक
पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की किस रिपोर्ट के अनुसार भारत को एक बड़ा ग्रीन कवर प्राप्त होगा?	इंडिया स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट **2015**
श्रम मंत्रालय के अनुसार ईपीएफओ ने **26** नवम्बर **2015** तक ईटीएफ में ..... निवेश किया है।	**2909** करोड़ रूपये
हवाई यात्रियों का मुआवजा बढ़ाने के लिए ..... विधेयक पारित किया गया है।	कैरिज बाय एयर (अमेंडमेंट) बिल **2015**
समर्थन सेवा कंपनी सोडेक्सो इंडिया ऑन-साइट सर्विसेज का कंट्री प्रेसिडेंट किसे नियुक्त किया गया है?	ऋषि गौर
26 जनवरी **2016** को भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि कौन होंगे?	फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रैंकोइस होलांदे
कौन सा देश दुनिया का सबसे बड़ा पशु क्लोनिंग केंद्र के लिए योजना बना रहा है?	भारत
भारत और .....ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने और एलएसी (**LAC**) पर शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्णय लिया है।	चीन
रेल मंत्रालय ने ..... को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी किया है।	जीई ग्लोबल सोर्सिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

हाशिम अमला ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टेस्ट टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है।

एक नज़र में

संक्षिप्तीकरण

पीबीडी	प्रवासी भारतीय दिवस
पीएमकेएसवाई	प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना
डीडीयूजीजेवाई	दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना
डीआरडीए	डिस्ट्रिक्ट रूरल डेवलपमेंट एसोसिएशन
आरडब्लूएसएस	रूरल वाटर सप्लाई , सैनिटेशन

महत्वपूर्ण तिथि और दिवस

01 जनवरी	वैश्विक परिवार दिवस
09 जनवरी	एनआरआई दिवस
10 जनवरी	वर्ल्ड लाफ्टर दिवस
12 जनवरी	राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद का जन्म दिन)
15 जनवरी	सेना दिवस
25 जनवरी	राष्ट्रीय पर्यटन दिवस
26 जनवरी	भारतीय गणतंत्र दिवस
28 जनवरी	लाला लाजपत राय की जयंती
30 जनवरी	विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस

आर्थिक शब्दावली

पाप कर

यह एक राज्य प्रायोजित कर है जो उन उत्पादों अथवा सेवाओं पर लगाया जाता है जिन्हें; बुराई के रूप में देखा जाता है जैसे कि शराब, तंबाकू और जुआ आदि।

यह कर सरकारों द्वारा इस प्रकार के उत्पादों के उपयोग को बिना अवैध बनाये व्यक्तियों को इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त होने से हतोत्साहित करने के लिए लगाया जाता है। ये कर सरकारी राजस्व के एक स्रोत के रूप में भी कार्य करते हैं।

पाप कर आम तौर पर शराब, सिगरेट और अन्य गैर-लक्जरी मदों पर लगाया जाता है। राज्य सरकारें अक्सर पाप कर की पक्षधर होती हैं क्योंकि इनसे भारी मात्रा में राजस्व की प्राप्ति होती है और ये सामान्य लोगों द्वारा सहज स्वीकार्य होते हैं क्योंकि ये अप्रत्यक्ष कर हैं और केवल उत्पाद का उपयोग करने वालों को ही प्रभावित करते हैं।

जब कोई राज्य घाटे में चलने लगता है, तो बजट घाटे को पाटने के लिए पाप कर को आम तौर विधिनिर्माताओं द्वारा पहले कर के रूप में सुझाया जाता है।

पुस्तक और लेखक

जॉर्ज इओ ऑन बोनसाई, बनयन एण्ड द टाओ



- ली हुआये लेन्ग

हरी – अ हीरो फॉर हाइर

- जॉक ओ याह

माई नेम इज़ महतॉब



- महतॉब महमूदी

द बोस ब्रदर्स एण्ड इण्डियन इण्डिपेन्डेन्स



- माधुरी बोस

द तिरूक्कुरल



- गोपाल कृष्ण गाँधी
- तिरूवल्लुवर

ऑन माई टर्म्स



- शरद पवार

विश्व बैंक के अनुसार 2016-17 के दौरान भारत की अनुमानित आर्थिक विकास दर 7.8% होगी।

न्यूज़ मेकर्स

नियुक्ति

अतुल सोबती

अतुल सोबती ने सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उपकरण कंपनी भेल के चेयरमैन तथा प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाला है। सरकार ने पिछले वर्ष सितंबर में सोबती को पांच वर्ष के लिए भेल का सीएमडी नियुक्त करने को मंजूरी दी थी। बीते वर्ष सितंबर में ही केंद्र सरकार ने पांच वर्ष के लिए सोबती की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। इससे पहले सोबती बोर्ड में निदेशक रहते हुए दो महत्वपूर्ण विभाग पावर और फाइनेंस का कार्यभार संभाल चुके हैं। कुछ दिन वो निदेशक (इंजीनियरिंग) का अतिरिक्त पदभार भी संभाल चुके हैं।

कंपनी का पॉवर क्षेत्र में कारोबार बड़ा हिस्सा है। वर्ष **2014-15** में कंपनी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ने के **19** प्रतिशत के लक्ष्य को पार करने में सफलता प्राप्त की।

कंपनी का दावा है कि सोबती की अगुआई में यही रुख वर्ष **2015-16** में भी बना हुआ है। अब तक भेल **8000** मेगावॉट क्षमता के संयंत्रों को चालू कर चुका है। यह वित्त वर्ष के शुरुआती नौ महीने में सर्वाधिक है।

ज्ञानेन्द्र डी बंदग्यान

अर्थशास्त्री तथा पूर्व आईएएस अधिकारी ज्ञानेन्द्र डी बंदग्यान को नेशनल सेंटर फार गुड गवर्नेन्स (एनसीजीजी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम में मुख्य अर्थशास्त्री रह चुके ज्ञानेन्द्र की नियुक्ति तीन वर्ष के लिये की गई।

इसे **2** वर्ष के लिये या **60** वर्ष पूरा होने तक बढ़ाया जा सकता है। पूर्व आईएएस अधिकारी **54** वर्षीय ज्ञानेंद्र मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। एनसीजीजी बेहतर राजकाज सुधार पर एक शोध संस्थान है।

एनसीजीजी एक स्वायत्त संस्थान है जो डीओपीटी के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।

राकेश कुमार सिंह भदोरिया

एयर मार्शल राकेश कुमार सिंह भदोरिया ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के उपप्रमुख (डीसीएएस) का कार्यभार सम्भाल लिया । वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और वे **1980** में भारतीय वायुसेना में शामिल हुए। डीसीएएस का पद भार ग्रहण करने से पहले एयर मार्शल भदोरिया भारतीय वायु सेना की सेंट्रल कमान में सीनियर एयर स्टॉफ ऑफीसर थे। वे एक्सपेरमेन्टल टेस्ट पालयट, कैट 'ए' क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और उन्हें **25** से ज्यादा किस्म के लड़ाकू और परिवहन विमानों पर **4200** से ज्यादा घंटे उड़ान भरने का अनुभव है। एयर मार्शल भदोरिया ने कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, बांग्लादेश से डिफेंस स्टडीज में स्टॉफ कोर्स और मास्टर्स किया है। **35** से ज्यादा वर्षों के अपने करियर में, एयर मार्शल भदोरिया ने जगुआर स्क्वाड्रन और दक्षिणी- पश्चिमी क्षेत्र में एक प्रमुख वायु सेना ठिकाने की कमान संभाली है।

फिलिपो ग्रैंडी

इटली के फिलिपो ग्रैंडी को संयुक्त राष्ट्र रिफ्यूजी एजेंसी, यूएनएचसीआर (यूनाइटेड नेशन हाईकमीशन फॉर रिफ्यूजी) के नए प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया। ग्रैंडी ने एंटोनियो गटर्स का स्थान लिया है। एंटोनियो का कार्यकाल **31** दिसम्बर **2015** को समाप्त हो गया। एंटोनियो पूर्व पुर्तगाली प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने इस पद पर **10** वर्षों तक अपनी सेवा दी। इसके अलावा वह यूएनएचसीआर के जेनेवा स्थित मुख्यालय में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। ग्रैंडी **27** वर्षों से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े हैं और वह पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के प्रमुख थे इसके अतिरिक्त वह अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के लिए उप विशेष प्रतिनिधि(यूएनएएमए) भी रहे हैं। ग्रैंडी की वर्तमान नियुक्ति बहुत महत्वपूर्ण और चुनौतियों भरी मानी जा रही है।

स्वीडिश कप ग्रां. प्री. शूटिंग टूर्नामेंट में महिलाओं की **10** मीटर एयर रायफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपूर्वी ने जीता।

अमिताभ कांत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अमिताभ कांत को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। यह अतिरिक्त प्रभार 31 दिसंबर 2015 से प्रभावी होगा।

कांत नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिंधुश्री खुल्लर का स्थान लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल 31 दिसंबर 2015 को खत्म हो जाएगा। केरल कैडर के 1980 बैच के आईएएस अधिकारी कांत वर्तमान में औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) के सचिव के रूप में सेवा कर रहे हैं। अमिताभ कांत का कार्यकाल 28 फरवरी 2016 तक निर्धारित है।

पवन कुमार अग्रवाल

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पवन कुमार अग्रवाल को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे युद्धवीर सिंह मलिक के स्थान पर नियुक्त किये गये हैं। युद्ध वीर सिंह को सितम्बर 2015 में अपर सचिव के रूप में नीति आयोग में भेज दिया गया था। उन्होंने ही नेस्ले के प्रसिद्ध ब्रांड मैगी पर प्रतिबन्ध लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पवन कुमार अग्रवाल से पहले एफएसएसएआई के निदेशक आशीष बहुगुणा अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी के रूप में यह पद संभाल रहे थे। पवन कुमार अग्रवाल वर्ष 1985 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के अधिकारी हैं। इस समय वे केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

आर. के. माथुर

पूर्व रक्षा सचिव आर. के. माथुर मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) नियुक्त किए गए हैं। अब तक सेवारत सूचना आयुक्तों के बीच से ही सीआईसी की नियुक्ति की जाती रही है। यह नियुक्ति परिपाटी से हटकर की गयी है। आर के माथुर अब तक सीआईसी रहे विजय शर्मा का स्थान लेंगे। एक दिसंबर को उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद यह पद रिक्त हुआ है। आर के माथुर की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गयी है। वह 65 वर्ष की उम्र तक पदासीन रहेंगे। त्रिपुरा संवर्ग के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी 62 वर्षीय माथुर 28 मई, 2013 को दो वर्ष की निश्चित अवधि के लिए रक्षा सचिव बनाये गये थे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक और आईआईटी दिल्ली से स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले माथुर अपने संवर्ग राज्य और केंद्र में कई अहम पदों पर रहे हैं। वह सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम तथा रक्षा उत्पादन एवं आपूर्ति दोनों ही मंत्रालय में सचिव भी रहे।

गौतम एच. बंबावाले

गौतम एच. बंबावाले पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त किये गये हैं। वर्तमान में वे भूटान में भारत के राजदूत हैं। बंबावाले, टीसीए राघवन के स्थान पर नियुक्त होंगे, राघवन दिसंबर 2015 के अंत में सेवानिवृत हो रहे हैं। गौतम एच बंबावाले वर्ष 1984 बैच के विदेश सेवा अधिकारी हैं। भूटान से पहले वे केंद्रीय विदेश मंत्रालय के पूर्वी एशिया में मुख्यालय दिसंबर 2009 से जुलाई 2014 तक संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वे जर्मनी, अमेरिका एवं चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें वर्ष 2007 में ग्वांग्झू (चीन) में भारत के प्रथम महावाणिज्य दूत के रूप में नियुक्त किया गया।

पुरस्कार/सम्मान

नाइटहुड सम्मान

भारतीय मूल के एक शीर्ष कैंसर अनुसंधान विशेषज्ञ को कैंसर के उपचार और उसकी रोकथाम में प्रभावशाली काम के लिए महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने नाइटहुड से सम्मानित किया। उनका नाम वार्षिक 'न्यूईयर्स ऑनर्स' सूची में शामिल किया गया। कैंसर रिसर्च (यूके- सीआरयूके) के मुख्य कार्यकारी हरपाल सिंह कुमार के प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि उन्हें कैंसर संबंधी अनुसंधान में उनकी सेवाओं और 'कैंसर से जुड़ी देखभाल और कैंसर की रोकथाम, उसके शीघ्र निदान और उपचार में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में अत्यधिक प्रभावशाली भूमिका' निभाने के लिए सम्मानित किया गया है। सीआरयूके की आय और अनुसंधान पर खर्च इस समय पहले की तुलना में सर्वाधिक है। उनके नेतृत्व में इसने धूम्रपान कम करने और 18 से कम आयु के लोगों के लिए सनबैड प्रतिबंधित करने की दिशा में कदम उठाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इंडीपेंडेंट

कृषि के विकास के उद्देश्य के लिए टाटा ट्रस्ट्स ने मार्स, इनकॉरपोरेटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

कैंसर टास्कफोर्स की भी अध्यक्षता की और जुलाई 2015 में प्रकाशित एनएचएस कैंसर रणनीति 'अचीविंग वर्ल्ड क्लास कैंसर आउटकम्स। ए स्ट्रेटजी फोर इंग्लैंड 2015-20' का भी लेखन किया।

निशागांधी पुरस्कारम

प्रसिद्ध संगीतकार इलैयाराजा को इस वर्ष के प्रतिष्ठित निशागांधी पुरस्कारम के लिए चुना गया है। केरल सरकार द्वारा स्थापित इस पुरस्कार के साथ 1,50,000 रूपए की राशि, प्रशस्तिपत्र और एक प्रतिमा दी जाती है। 72 वर्ष के संगीतकार को उनकी कलात्मक उत्कृष्टता और भारतीय फिल्म संगीत जगत में उनके योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया।

तमिलनाडु में जन्मे और पद्मभूषण से सम्मानित संगीतकार को भारतीय लोक संगीत और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के विभिन्न तत्वों के मिश्रण से एक नयी संगीत विधा का निर्माण कर मुख्यधारा के संगीत का स्तर बेहतर बनाने के लिए सराहा जाता है। मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने कणकाक्कुन्नू पैलेस में इलैयाराजा को पुरस्कार दिया।

51वें ज्ञानपीठ पुरस्कार



गुजराती साहित्यकार रघुवीर चौधरी को वर्ष 2015 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई।

रघुवीर चौधरी का चयन प्रसिद्ध आलोचक डॉ. नामवर सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने किया। चौधरी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे गुजराती साहित्यकार हैं ।

चौधरी से पहले गुजराती में यह पुरस्कार 1967 में उमा शंकर जोशी, 1985 में पन्नालाल पटेल और वर्ष 2001 में राजेंद्र शाह को दिया गया था।

रघुवीर को वर्ष 2016 के एक समारोह में 51वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में उन्हें 11 लाख रुपये की राशि, वाग्देवी की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

5 दिसम्बर, 1938 को गांधीनगर के बापूपुरा गांव में जन्मे डॉ. चौधरी गुजरात विवि में हिंदी विभाग के प्रोफेसर हैं। डॉ. चौधरी ने कई कविता, उपन्यांस, कथा, नाटक लिखे हैं।

उन्होंने अब तक 80 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें अमृता, सहवास, अन्तर्वास, पूर्वरंग, वेणु वात्सल (उपन्यास), तमाशा और वृक्ष पतनमा (कविता संग्रह) 'सोमतीर्थ', 'रुद्रमहालय' प्रमुख हैं।

वर्ष 2015 कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

पूर्व भारतीय विकेट कीपर सैयद किरमानी को वर्ष 2015 के कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त टेस्ट टीम के कप्तान, विराट कोहली को पॉली उमरीगर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सैयद मुजतबा हुसैन किरमानी का जन्म 29 दिसंबर 1949 को तमिलनाडु स्थित चेन्नई में हुआ। उन्होंने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ खेलते हुए अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने भारत की ओर से 1976 एवं 1986 के बीच भारत का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। उनके रिकॉर्ड में टेस्ट मैचो में 160 कैच, 38 स्टंपिंग एवं एकदिवसीय मैचों में 27 कैच तथा 9 स्टंपिंग शामिल हैं।

अमेरिका राष्ट्रीय विज्ञान पदक 2015

भारतीय मूल के अमेरिकी प्रोफेसर राकेश के. जैन संयुक्त राज्य अमेरिका में विज्ञान के राष्ट्रीय पदक (अमेरिका) 2015 के लिए चुने गए। जैन हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर और मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में ट्यूमर जीवविज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक है। व्हाइट हाउस में 2016 में आयोजित समारोह में विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए राष्ट्रीय पदक से 16 अन्य विजेताओं के साथ-साथ उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रोफेसर जैन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। प्रो. जैन को ट्यूमर की सूक्ष्मतम जानकारी के लिए जाना जाता है। ट्यूमर जीव विज्ञान, दवा वितरण, विवो इमेजिंग और बायोइंजीनियरिंग में व्यापक रूप से मौलिक खोजों के लिए उनकी पहचान है। ट्यूमर में आणविक और नैनो दवाओं के वितरण और प्रभावकारी बाधाओं के निवारण रणनीति विकसित करना उनके कार्यों में शामिल रहे हैं। उन्होंने 200 से अधिक छात्रों को दर्जन भर से अधिक विभिन्न विषयों भर से सफल परामर्श दिया। उन्हें इंजीनियरिंग और चिकित्सा के क्षेत्र में समाज और संस्थानों से 75 पुरस्कार दिए गए।

वर्ष 2016 जेनेसिस पुरस्कार

नेसिस प्राइज फाउंडेशन ने विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक इत्जहक पर्लमैन को वर्ष 2016 के जेनेसिस पुरस्कार विजेता के रूप मे चुना। ईज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू 23 जून 2016 को यरूशलेम

गंगा ग्राम योजना, उत्तर प्रदेश में शुरू की गई है।

में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार पर्लमैन को प्रदान करेंगे।

पर्लमैन का जन्म फिलिस्तीन के तत्कालीन ब्रिटिश जनादेश वर्तमान में ईज़राइल में वर्ष **1945** में तेल अवीव नामक शहर में हुआ। मात्र चार वर्ष की आयु में उन्हें पोलियो हो गया था और उनके पैरों में लकवा मार गया था। वर्ष **1993** की जॉन विलियम की 'शिंडलर्स लिस्ट' नामक फिल्म से उन्होंने एकल वायलिन वादन से अपने कैरियर की शुरुआत की। वह वाईट हाउस के नियमित मेहमान भी रह हैं। उन्हें वर्ष **2008** में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।जेनेसिस पुरस्कार के रूप में विजेता को **1** मिलियन यूएस डॉलर की राशि प्रदान की जाती है। जेनेसिस प्राइज को 'द जेविश नोबेल/यहूदी नोबेल' भी कहा जाता है। वर्ष **2014** में यह पुरस्कार न्यूयॉर्क मेयर और समाजसेवक माइकल ब्लूमबर्ग को प्रदान किया गया था। वर्ष **2015** में यह पुरस्कार एकेडमी पुरस्कार विजेता, निर्माता, समाज सेवक माइकल डाइलॉग को प्रदान किया गया।

कोस्टा बुक अवार्ड 2015

वर्ष **2015** के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय साहित्यिक पुरस्कार कोस्टा बुक एवार्ड की घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार लेखक केट एटकिंसन को उनके उपन्यास 'अ गॉड इन रुइन' के लिए 'कोस्टा नॉवेल एवार्ड **2015**' श्रेणी के लिए चुना गया है। केट को उनके उपन्यास 'लाइफ आफ्टर लाइफ' के लिए वर्ष **2013** में 'कोस्टा बुक एवार्ड' से सम्मानित किया गया था। जबकि वर्ष **1995** में उन्हें उनके उपन्यास 'बिहाइंड द सीन्स एट द म्यूजियम' के लिए वाईटब्रेड(अब कोस्टा) बुक ऑफ द इयर सम्मान के लिए चुना गया था। यह उनका पहला उपन्यास था। इसके अतिरिक्त उन्हें वर्ष **2011** में 'मेंबर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्परर' के लिए भी चुना गया था। कोस्टा बुक एवार्ड ब्रिटेन का सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय वार्षिक साहित्यिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार इंग्लैंड और आयरलैंड के लेखकों को उनके उपन्यासों के लिए दिया जाता है।

निधन

साधना शिवदासानी

बॉलिवुड की मशहूर अभिनेत्री साधना का निधन हो गया। **74** साल की साधना लंबे वक्त से बीमार चल रही थीं। अपने जमाने में काफी चर्चित साधना ने करीब **35** फिल्में की थी। उन्होंने अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत **15** साल की उम्र में वर्ष **1955** में आयी राज कपूर की फिल्म 'श्री**420**' से की थी। इस फिल्म में उन्होंने कैमियो किया था। इसके बाद उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में दी। इसमें 'आरजू', 'मेरे मेहबूब', 'लव इन शिमला' और 'वो कौन थी' 'वक्त' शामिल है। इसी साल मई में कैंसर और एड्स पीडितों के सपोर्ट के लिए साधना बॉलीवुड अभिनेता रणवीर कपूर के साथ रैंप पर नजर आयी थीं। साधना साधारण बीमारियों का सामना करते-करते विवश सी हो गई और अभिनय यात्रा को विराम देना पड़ा। साधना ने हिंदी सिनेमा के साथ ही देश की युवतियों को विशिष्ट केश सज्जा भी दी है। साधना फिल्म इंडस्ट्री की प्रथम फैशन आइकॉन, फर्स्ट यंग एंग्री वीमन (इंतकाम) फर्स्ट पापुलर आयटम सांग परफॉर्मर एक्ट्रेस (मेरा साया) पापुलर डबल रोल एक्ट करने वाली एक्ट्रेस (चार फिल्में) है।

मुफ्ती मोहम्मद सईद

जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का नई दिल्ली स्थित एम्स में निधन हो गया। वे **79** वर्ष के थे। सईद ने जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की स्थापना की थी। **12** जनवरी **1936** को जन्मे सईद वर्ष **1987** तक इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सदस्य रहे। वर्ष **1987** में उन्होंने वी. पी. सिंह की पार्टी जन मोर्चा में शामिल होने के लिए कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। वे वर्ष **1989** में पहले मुस्लिम गृह मंत्री बने। वे पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में दोबारा कांग्रेस में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने वर्ष **1999** में कांग्रेस छोड़ कर अपनी बेटी महबूबा मुफ्ती के सहयोग से जम्मू एवं कश्मीर पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। वर्ष **2015** के विधानसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने **28** सीटों पर जीत दर्ज की थी। मुफ्ती मोहम्मद सईद ने **1** मार्च **2015** को जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

एस एच कपाड़िया

उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस एच कपाड़िया का मुंबई में निधन हो गया। वे **68** वर्ष के थे। न्यायमूर्ति कपाड़िया अगस्त **2010** में भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे और सितंबर **2012** में सेवानिवृत्त हुए। जस्टिस कपाड़िया ने वर्ष **1974** में बॉम्बे

झारखंड उदय योजना के लिए केन्द्र सरकार के साथ समझौता हस्ताक्षरित करने वाला पहला राज्य है।

हाईकोर्ट से अपना करियर शुरू किया था। 17 साल बाद वे बॉम्बे हाईकोर्ट में ही एडिशनल जज बने। दो साल बाद उन्हें परमानेंट पोस्टिंग मिली। वर्ष 2003 में वे उत्तराखंड उच्च न्यायालय गए। जहाँ कुछ वक्त के लिए वे मुख्य न्यायाधीश भी रहे। इसके बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट लाया गया। सुप्रीम कोर्ट में 3207 दिन रहने वाले कपाड़िया ने कुल 834 जजमेंट दिए। 12 मई, 2010 को उन्हें सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। 28 सितंबर, 2012 तक वे मुख्य न्यायाधीश रहे। इसके बाद जस्टिस अल्तमस कबीर ने उनकी जगह ली।

विल्मोस सिग्मोंड

स्टीवन स्पीलबर्गस क्लोज एनकाउंटर ऑफ द थर्ड काइंड के लिए ऑस्कर विजेता सिनेमा छायाकार विल्मोस सिग्मोंड का 85 वर्ष की अवस्था में कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका में निधन हो गया। सिग्मोंड को माइकल सिमिनो द डियर हंटर, मार्क रेदील्स द रिवर एंड द ब्रेन डी पाल्मा द ब्लैक डाहलिया के लिए भी ऑस्कर में नामांकित किया गया था।

विल्मोस सिग्मोंड का जन्म सेगेद, हंगरी में 16 जून 1930 को हुआ था। उन्होंने बुडापेस्ट में नाटक अकादमी और फिल्म में सिनेमा का अध्ययन किया। 1962 में वह संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक बन गए। वह लॉस एंजिल्स में बसे और एक तकनीशियन और फोटोग्राफर के रूप में फोटो प्रयोगशालाओं में काम किया। 1960 के दशक में उन्होंने कई कम बजट की स्वतंत्र फिल्मों और शैक्षिक फिल्मों पर काम किया। 1960 के दशक में उन्होंने जिन फिल्मो में काम किया उनसे उन्हें विलियम सिग्मोंड के रूप में पहचान मिली। जिनमे क्लासिक हॉरर बी फिल्म, जैसी फिल्मे थी।

ए बी बर्धन

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वरिष्ठ नेता अर्धेन्दु भूषण बर्धन का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। वे भारत के सबसे पुराने राजनैतिक दलों में से एक, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव थे।

ए बी बर्धन का जन्म 25 सितंबर 1924 को ब्रिटिश इंडिया में बंगाल प्रेसीडेंसी (वर्तमान बांग्लादेश) स्थित बारीसाल में हुआ। उन्होंने नागपुर में 15 वर्ष की आयु में कम्युनिस्ट पार्टी ज्वाइन की। वे नागपुर यूनिवर्सिटी में वर्ष 1940 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में शामिल हुए। उन्होंने ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के सदस्य के रूप में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। वर्ष 1940 में वे सीपीआई में शामिल हुए। वर्ष 1957 में वे स्वतन्त्र उम्मीदवार के रूप में महाराष्ट्र विधानसभा में चुनाव जीतकर शामिल हुए। कई वर्षों तक लगातार चुनाव हारने के बाद वर्ष 1990 में वे दिल्ली आकर राष्ट्रीय राजनीति में शामिल हो गये। संयुक्त मोर्चा (यूएफ) सरकार द्वारा 1996 में सत्ता में आने पर सीपीआई नेता इन्द्रजीत गुप्ता ने गृह मंत्री का पदभार संभाला एवं बर्धन को महासचिव बनाया गया।

ओम प्रकाश मल्होत्रा

पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल ओम प्रकाश मल्होत्रा का गुड़गांव में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जनरल ओम प्रकाश मल्होत्रा वर्ष 1978 से 1981 तक भारतीय थलसेना के प्रमुख थे। मल्होत्रा वर्ष 1981 से 1984 तक इंडोनेशिया में भारत के राजदूत रहे और वर्ष 1990 से 1991 तक पंजाब के गर्वनर और चंडीगढ़ के प्रशासक रहे। जनरल ओपी मल्होत्रा का जन्म 6 अगस्त 1922 को कश्मीर के श्रीनगर में हुआ था और उन्होंने अपनी हाईस्कूल की शिक्षा श्रीनगर के मॉडल हाईस्कूल से प्राप्त की। इसके पश्चात श्रीनगर के एसपी हाईर सीनियर सैकेन्डरी स्कूल से शिक्षा हासिल की। जनरल मल्होत्रा को आर्टिलरी रेजीमैंट में शामिल किया गया था। उन्होंने विलिंग्टन के डिफैन्स सर्विस स्टॉफ कॉलिज में एक प्रशिक्षक के अलावा नवम्बर 1950 से जुलाई 1961 के बीच विभिन्न आर्टिलरी रेजीमैंटों की कमान सँभाली। उन्होंने अगस्त 1965 से जनवरी 1966 के बीच आर्टिलरी ब्रिगेड की कमान संभाली और माउंटेन ब्रिगेड की कमान संभाली।

सुबीर सेन

वरिष्ठ गायक सुबीर सेन का कैंसर के कारण कोलकाता में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी एवं एक बेटी हैं। उन्हें अक्सर एक अन्य प्रसिद्ध गायक हेमंत कुमार की नकल करने के कारण आलोचना का शिकार होना पड़ता था। वर्ष 1950 से 1980 के बीच उन्होंने असंख्य गीत गाए। उन्होंने आशा भोंसले एवं लता मंगेशकर के साथ मिलकर भी विभिन्न गीत गाए। उन्हें फिल्म "आस का पंछी" से विशेष पहचान हासिल हुई। इसी प्रकार फिल्म "छोटी बहन" में भी उनके द्वारा गाए गीतों को प्रसिद्धी प्राप्त हुई जिसमें उन्होंने लता मंगेशकर के साथ मिलकर गीत गाए थे। उनके कुछ प्रसिद्ध गीतों में, देव आनंद और वहीदा रहमान की फिल्म "रूप की रानी चोरों का राजा" का गीत "आजा रे नैन द्वारे" एवं फिल्म "छोटी बहन" में गाया गीत "मैं रंगीला प्यार का राही" भी खूब चर्चित रहे। उन्हें बांग्ला गीतों के कारण भी जाना जाता था जिनमें "धोरोनिर पाठे पाठे, मोनालिसा तुमि की बोलोना" एवं "सरादिन तोमाय चेये" विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

मैरी बारा जनरल मोटर्स के अध्यक्ष (जीएम) नियुक्त किये गये हैं।

वीएस मालिमत



कर्नाटक और केरल उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वीएस मालिमत का 86 साल की अवस्था में बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी प्रेमा देवी वी मालिमत, एक बेटा और चार बेटियां हैं।

उनका जन्म 12 जून 1929 को हुआ था। उन्होंने 1952 में लंदन विश्वविद्यालय से एलएलबी में पहली रैंक हासिल की और सार्वजनिक इंटरनेशनल लॉ में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया। उन्होंने 1952 में मुंबई उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की और 1956 में बेंगलुरू में स्थानांतरित कर दिए गए।

मार्च 1970 में उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। 1984 में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए गए। 1985 में उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया। रिटायरमेंट के बाद उन्हें केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार समिति का नेतृत्व किया। वह नाइजीरिया और श्रीलंका में मानवाधिकारों के प्रवर्तन की निगरानी के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि भी रहे।

नुरुल हुदा

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व सांसद नुरुल हुदा का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। हुदा को 15 दिसम्बर 2015 को दिल का दौरा पड़ा था और तब से वह कोमा में थे। उन्हें रूबी अस्पताल में एक हफ्ते पहले ब्रोंकाइटिस से पीड़ित होने के कारण भर्ती कराया गया था।

हुदा कोलकाता में एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में वर्ष 1949 में कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हुए थे। नुरुला हुदा ने इंजीनियर के रूप में अपनी नौकरी छोड़ दी और वर्ष 1966 में सिलचर, असम में किसान सभा और कम्युनिस्ट पार्टी के साथ काम करना शुरू किया। वह तीन दशकों तक माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य रहे। ज्ञात हो आपातकाल के दौरान हुदा वर्ष 1975 से 77 तक जेल में थे।

हुदा 1978 से 1983 तक असम विधानसभा के सदस्य थे। इसके अतिरिक्त वर्ष 1973 में नूरुल हुदा सिलचर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुए।

जॉर्ज क्लेटन जॉनसन

प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक सीरीज स्टार ट्रेक के लेखक जॉर्ज क्लेटन जॉनसन का लॉस एंजलिस में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे एवं लम्बे समय से कैंसर से पीड़ित थे। अमेरिका के व्योमिंग शहर में 1929 में जन्में जॉनसन ने वर्ष 1959 में मनोरंजन क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने सबसे पहले "अल्फ्रेड हिचकॉक प्रेजेंट्स" के लिए "आई विल टेक केयर ऑफ यू" एपिसोड लिखे थे। जॉनसन दक्षिणी कैलिफोर्निया स्कूल ऑफ राइटर्स के सदस्य भी थे। इसके अन्य सदस्यों में थियोडर स्टरजन, विलियम एफ नोलां, रे ब्रैडबरी एवं रिचर्ड मैथसन हैं।

जॉनसन का प्रसिद्ध साइंस फिक्शन "लोगान्स रन" जिसे विलियम एफ नोलां ने संयुक्त रूप से 1967 में लिखा था उस पर वर्ष 1976 में फिल्म बनी। वे अमेरिकी सेना में वर्ष 1946 से 1949 तक टेलीग्राफर एवं ड्राफ्ट्समैन के रूप में कार्यरत रहे। वे वर्ष 1950 में लॉस एंजलिस चले गये जहां उन्होंने लोला ब्राउनस्टिन से शादी की। जॉनसन ने "द ट्वाईलाईट जोन" भी लिखी। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में वर्ष 1960 में लिखी गयी ओशियन्स 11 है जो कि लास वेगास कसीनो में हुई चोरी पर आधारित है। उन्होंने वर्ष 1966 में "द मैन ट्रैप" लिखी जो स्टार ट्रेक का प्रीमियर एपिसोड था।

स्टीव गोहौरी

आइवरी कोस्ट के पूर्व खिलाड़ी एवं विगन एथलेटिक एफसी क्लब के प्रमुख डिफेंडर स्टीव गोहौरी का जर्मनी की राइन नदी से शव बरामद किया गया। स्टीव की दिसंबर 2015 के मध्य से ही तलाश की जा रही थी। वे 34 वर्ष के थे। वे पांच वर्ष की आयु में आइवरी कोस्ट से फ्रांस आ गये थे जहां उन्होंने पेरिस में ही बचपन बिताया। उन्होंने फ्रांस के लिए फुटबॉल खेलना आरंभ किया लेकिन उन्होंने ईज़राइल, स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टीन, ग्रीस एवं जर्मनी के लिए भी खेला। उन्होंने वर्ष 2010 में विगन एफसी के साथ प्रीमियर लीग में खेलने हेतु अनुबंध पर हस्ताक्षर किये। उनका जन्म 8 फरवरी 1981 को आइवरी कोस्ट में हुआ। वे टीम में डिफेंडर की भूमिका निभाते थे। उन्होंने 1998 से 2000 तक पेरिस सैंट जर्मन के लिए खेला। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2000 से 2003 तक वेर्दन स्पोर्ट्स के लिए खेलते हुए तीन वर्ष में 12 गोल किये। वर्ष 2010 से 2012 तक उन्होंने विगन एथलेटिक्स के साथ खेलते रहे जहां उन्होंने 2 गोल किये।

सैयद किरमानी को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2015 से सम्मानित किया गया है।

Mahendra's™

NO. 1 INSTITUTE IN INDIA

Specialized in BANKING, SSC & Other Competitive Examinations

ACADEMY 07

EXCELLENCE & PERSONALITY DEVELOPMENT

Features

- *We organize new batches for CWE PO/Clerk interviews every week.*
- *We provide Interview facility for all kinds of Banking & other competitive examinations on all the centres*
- *We provide real environment for Interview.*
- *The Mock Interviews are conducted by highly professional, experienced & reputed personalities.*
- *We create environment for Extempore, big fight, Group Discussion & Case study.*
- *We provide complete Interview material for all competitive examinations.*
- *We provide special classes for Personality Development.*
- *We provide open sessions for all the candidates where they can discuss their problems with the Experts.*
- *We provide minimum 3 Special classes, 5 Mock Interviews & Open Sessions.*
- *Minimum of 4 board members will be present at all mock sessions.*
- *Interview material kit is free for our candidates (who are going to appear in the interview).*
- *We conduct felicitation programme for our successful candidates.*
- *Facility of watching LIVE Interviews is provided so that our candidates can learn more.*
- *Lowest fee charged all over India.*

TOLL FREE NO.

1800-103-5225

WEBSITES

www.mahendras.org
www.interviewguru.mahendras.org
www.mahendrapublication.org
stportal.mahendras.org
enews.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org

न्यूज़ डायरी

राष्ट्रीय

27 साल बाद भारत-नेपाल के बीच बस सेवा पुनः आरम्भ

राज्य

National Games
ANDHRA PRADESH - 2019

आंध्र प्रदेश को 2019 राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली

अंतर्राष्ट्रीय

स्पेन की मिरिया बनीं मिस-वर्ल्ड

474 शहरों के लिए 'अमृत' कार्य योजनाओं को मंजूरी

16 दिसम्बर

शहरी विकास मंत्रालय ने वर्ष 2015-16 के लिए अटल शहरी कायाकल्प एवं रूपांतरण मिशन (अमृत) के तहत 19,170 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अब तक 18 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के 474 शहरों में बुनियादी शहरी ढांचे को बेहतर करने के लिए शहर स्तरीय कार्य योजनाओं को मंजूरी दी है।

इस व्यय राशि का तकरीबन 90 प्रतिशत जल आपूर्ति व्यवस्था और सीवरेज बुनियादी ढांचे, गैर मोटर चालित शहरी परिवहन, हरित स्थानों के प्रावधान और पार्कों इत्यादि पर खर्च किया जायेगा। इस परियोजना परिव्यय के लिए केन्द्रीय सहायता 9,000 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

अटल मिशन के तहत कुल मिलाकर 497 शहरों को चिन्हित किया गया है। दिल्ली, पंजाब, उत्तराखण्ड, गोवा और पूर्वोत्तर राज्यों के केवल 23 मिशन शहरों की शहर स्तरीय योजनाओं को मंजूरी देना अभी बाकी है।

सचिव (शहरी विकास) श्री मधुसूदन प्रसाद की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालय शीर्ष समिति ने वर्ष 2015-16 के लिए उत्तर प्रदेश और कर्नाटक हेतु अमृत वार्षिक कार्य योजनाओं को मंजूरी दी।

उत्तर प्रदेश में 61 अटल मिशन शहर हैं, जबकि कर्नाटक में 27 अटल मिशन शहर हैं। यह इस समिति की पांचवीं बैठक थी।

राज्यों की योजनाओं पर चर्चा के दौरान शीर्ष समिति ने यह बात रेखांकित की कि वैसे तो उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति का स्तर ऊंचा है, लेकिन गैर-राजस्व जल (उपयोगकर्ता शुल्क के संग्रह के बगैर जल की आपूर्ति) भी बेहद ज्यादा है क्योंकि सभी मिशन शहरों के मामले में शहरी क्षेत्रों के लिए तय 20 प्रतिशत मानक से यह ज्यादा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन की अध्यक्षता की

16 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन की अध्यक्षता की। यह सेना की तीनों शाखाओं का वार्षिक सम्मेलन है। यह पहली बार दिल्ली से बाहर कोच्चि तट से 50 किलोमीटर की दूरी पर आईएनएस विक्रमादित्य पर इस सम्मेलन का आयोजन किया गया।

रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुखों और सेना, नौसेना एवं वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मेलन में हिस्सा लिया।

विदित हो इस सम्मेलन के दौरान भारत की रक्षा नीति, सिद्धांत और परिचालन से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जाती है। आईएनएस विक्रमादित्य पर जाने से पहले मोदी ने यहां दक्षिणी नौसेना कमान में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का मुआयना किया। इस तरह का अहम सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले साल दिये गये सुझाव के बाद राष्ट्रीय राजधानी से बाहर आयोजित किया गया है।

लिंक्डइन ने अक्षय कोठारी को भारत का कंट्री मैनेजर नियुक्त किया है।

अर्थव्यवस्था

केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2016 से मिट्टी के तेल पर डीबीटी योजना लागू करने की घोषणा

खेल

कोहली और मिताली बने 2015 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

विज्ञान

सौर ऊर्जा से सबसे अधिक दूरी तय करने का रिकार्ड जूनो मिशन के नाम

विविध

शेनझेन में एशिया का सबसे बड़ा भूमिगत रेलवे स्टेशन खुला

दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद का 26 वां सम्मेलन विजयवाड़ा में आयोजित

16 दिसम्बर

दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद (एसजेडसी) का 26 वां सम्मेलन विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने अध्यक्षता की।

केंद्रीय गृह मंत्री के साथ-साथ सम्मेलन में पांच राज्यों एवं एक केन्द्रशासित प्रदेश तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। पांचों राज्य और पुडुचेरी एक साथ दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद सदस्य के रूप में शामिल हुए।

सम्मेलन में परिषद के सदस्यों के बीच जन समुदाय के हित में प्रायद्वीपीय क्षेत्र औद्योगिक गलियारा, तटीय सुरक्षा, प्रायद्वीपीय पर्यटन ट्रेनों की शुरूआत और अंतर-राज्य पारस्परिक परिवहन समझौते को अंतिम रूप देने के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

केंद्र, राज्य और अंतर-राज्यीय मामलों के कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सम्मेलन में चर्चा की गयी।

बंदरगाह के मामलों में सहयोग के लिए भारत और स्पेन के बीच समझौते पत्र को मंजूरी

17 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में भारत और स्पेन के बीच बंदरगाहों से जुड़े मामलों पर सहयोग के लिए समझौते पत्र पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी गई। बंदरगाहों के मामलों में दोनों देशों के बीच सहयोग से होने वाले लाभ को देखते हुए इस समझौते पर हस्ताक्षर का फैसला किया गया। समझौते का मकसद बंदरगाहों और समुद्र से जुड़े मामलों में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करना और एक दूसरे की ओर से परस्पर मदद और विचार-विमर्श को बढ़ावा देना है।

समझौते पत्र पर हस्ताक्षर से दोनों देशों में बंदरगाहों को बढ़ावा देने और उन्हें विकसित करने में मदद मिलेगी। इससे समुद्री यातायात को भी बढ़ावा मिलेगा। अलग-अलग समुद्री संस्थानों के कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के बीच प्रशिक्षण और जानकारियों का आदान-प्रदान हो सकेगा। इससे बंदरगाहों से वाणिज्यक वस्तुओं का परिवहन और तेज होगा।

दोनों देशों के संयुक्त उपक्रमों की वजह से बंदरगाह आधारित विकास को बढ़ावा मिलेगा। उनकी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही मौजूदा बंदरगाहों का आधुनिकीकरण होगा। इससे बंदरगाहों से लगे समुद्र में ड्रेजिंग को बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण अनुकूल बंदरगाहों के विकास, बंदरगाह इंजीनियरिंग, समुद्री प्रशिक्षण, सूचना प्रौद्योगिकी और बंदरगाह से जुड़ी अन्य गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

ब्रिक्स देशों के बीच ऊर्जा बचत और ऊर्जा सक्षमता पर समझौते पत्र को मंजूरी

17 दिसम्बर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और इसके ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) समकक्षों के बीच ऊर्जा बचत और ऊर्जा सक्षमता के लिए सहयोग को मजबूत करने और इसे ज्यादा विकसित करने के लिए तैयार समझौते पत्र को मंजूरी दे दी। इन देशों के बीच समानता और परस्पर लाभ के आधार पर ऊर्जा बचत और सक्षमता के लिए सहयोग को बढ़ाया जाना है।

समझौते पत्र के मुताबिक ऊर्जा बचत और ऊर्जा सक्षमता के लिए कई क्षेत्रों में सहयोग होना है-

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस.एच. कपाड़िया का निधन हो गया।

- संयुक्त वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी शोध
- व्याख्यान और गोष्ठियों का आयोजन
- क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण
- प्रौद्योगिकी विकास और एक दूसरे के बीच नीतियों और बेहतर कार्य पद्धतियों का आदान-प्रदान
- ब्रिक्स देशों के कारोबारी संगठनों में लगे उपकरणों के लिए ऊर्जा बचत और ऊर्जा सक्षमता से जुड़े नजरिये को बढ़ावा देना। ब्रिक्स देशों के बीच इसे बढ़ावा देने के लिए मेजबान देशों से विचार-विमर्श।
- इस समझौते पत्र के तहत ब्रिक्स देश ऊर्जा बचत और ऊर्जा सक्षमता को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के समग्र कार्यक्रम की संभावना तलाशेंगे। इसके तहत खास ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं में साझा परियोजनाओं, उपयोगी तरीके के इस्तेमाल और ऊर्जा बचत और सक्षमता के साधनों को बढ़ावा दिया जाएगा।

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को 'सार्वलौकिक नवाचार में उत्कृष्ट वैश्विक मागदर्शन' के लिए गारवुड पुरस्कार प्रदान किया गया 18 दिसम्बर

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में यूसी बर्कले-हास स्कूल ऑफ बिजनेस की ओर से 'सार्वजनिक नवाचार में उत्कृष्ट वैश्विक मार्गदर्शन' के लिए गारवुड पुरस्कार प्राप्त किया। गारवुड सेंटर फॉर कॉरपोरेट इनोवेशन के कार्यकारी निदेशक प्रो.सोलोमन डारविन ने राष्ट्रपति को यह पुरस्कार प्रदान किया। विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले ने एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली तरीके से सार्वलौकिक नवाचार को प्रोत्साहन और सहायता देने वाले व्यक्ति के उत्कृष्ट कार्यो के लिए गारवुड पुरस्कार की स्थापना की है।

यह पुरस्कार राष्ट्रपति को नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से राष्ट्रपति भवन में समावेशी नवाचारों पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में वैश्विक नवीन अविष्कारकों के संयोजन और मेजबानी के लिए पहल करने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रूप से जमीनी स्तर पर अभिनवों के संवर्द्धन के लिए तकनीकी, वित्तीय और शैक्षिक क्षेत्रों के वैश्विक प्रमुखों को एक साथ जोड़ने के लिए प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति भवन में प्रथम नवाचार उत्सव का संयोजन करने, प्रारंभिक स्तर से अभिनव की भावना को प्रोत्साहन देने के लिए प्रथम 'इन-रेजीडेंस' कार्यक्रम का शुभारंभ करने, उच्चतर शिक्षण संस्थानों और जमीनी स्तर पर नवाचार के लिए कार्य कर रहे अविष्कारकों के बीच समन्वय के लिए एक नवाचार समूह की स्थापना के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थान के प्रमुखों से अपील करना।

भारत ने रूस से रक्षा प्रणाली खरीद समझौते को स्वीकृति दी 18 दिसम्बर

रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने एयर-स्पेस की सुरक्षा करने वाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने की मंजूरी दे दी। इस डील की कीमत लगभग 30-32 हजार करोड़ रुपये है। भारत वायुसेना के लिए एस-400 मिसाइल की 05 (पांच) फायरिंग यूनिट रूस से खरीदेगा। हाल ही रूस ने इस मिसाइल सिस्टम को सीरिया में तैनात किया था।

एंटी-बैलिस्टक एस-400, लंबी दूरी की मिसाइल 400 किलोमीटर की रेंज में किसी भी लक्ष्य को आसानी से भेद सकती है। रूस की एस-400 प्रणाली में अलग-अलग क्षमता की तीन तरह की मिसाइलें मौजूद है। एस-400 सुपसोनिक एयर डिफेंस सिस्टम में सुपरसोनिक एवं हाइपर सोनिक मिसाइलें होती हैं। यह आवाज की गति से भी तेज रफ्तार से हमला कर सकती है।

एस-400 के लांचर से दुश्मन के विमान या मिसाइल पर तीन सेंकड में दो मिसाइलें छोड़ी जा सकती हैं। इससे छूटी मिसाइलें 5 किलोमीटर प्रति सेंकड की रफ्तार से छूटती हैं और 35 किलोमीटर की ऊंचाई तक वार कर सकती हैं। यह रडार की पकड में न आने वाली अमेरिकन एफ-35 फाइटर जेट को भी टारगेट कर सकती है।

इसकी तैनाती के बाद भारत की उत्तरी, उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी सीमा को जबरदस्त सुरक्षा मिलेगी। संभवतया भारत इस तरह की 6000 मिसाइलें रूस से खरीदेगा। इस उपयोगी मिसाइल सिस्टम को चीन ने भी इसे रूस से खरीदा है। 30 हजार करोड़ की एस-400 मिसाइल सिस्टम ग्लोबल टेंडर के तहत रूस से खरीदी जायेगी।

धर्मशाला स्टेडियम में एसीसी स्थापित करेगा 'उत्कृष्टता केंद्र' 20 दिसम्बर

एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने धर्मशाला की मनोहारी वादियों में स्थित बेहद खूबसूरत हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में 'उत्कृष्टता केंद्र' स्थापित करने की घोषणा की। यह उत्कृष्टता केंद्र क्रिकेट की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और आधारभूत संरचना विकसित में मदद करेगा। प्रदेश की राजधानी शिमला से 250 किलोमीटर दूर स्थित इस स्टेडियम में 20,400 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

अभ्यास के लिए अलग मैदान के साथ ही स्टेडियम में क्लब, रेस्तरां, मदिरालय और एक सभागार भी है। धर्मशाला का यह मैदान अगले साल होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप की मेजबानी भी करेगा जिसके तहत पुरुष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में दो मैच खेले जाएंगे।

पाकिस्तान और श्रीलंका ने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

सरकार ने दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए टॉल फ्री 'आईवे नेशनल हेल्प डेस्क' लांच किया 22 दिसम्बर

निःशक्त जन अधिकारिता विभाग के सचिव लव वर्मा ने पर्यावरण भवन में विभाग मुख्यालय में दृष्टिहीन तथा दृष्टि बाधित लोगों के लिए 'आईवे नेशनल हेल्पडेस्क' को औपचारिक रूप से लांच किया। आईवे नेशनल हेल्पडेस्क एसेल फाउंडेशन, टेक महिंद्रा फाउंडेशन तथा हैन्स फाउंडेशन जैसे संगठनों के समर्थन से स्कोर फाउंडेशन की एक पहल है।

अब भारत के दृष्टि बाधित नागरिक टॉल फ्री नंबर **1800-300-20469** पर आईवे नेशनल हेल्पडेस्क को कॉल करके अपनी सूचनाओं का जवाब प्राप्त कर सकते हैं। यहां पर प्रशिक्षित काउंसिलर सूचना साझा करेंगे और प्रसांगिक पेशेवर समाधान के साथ कॉलर से जुडेंगे।

आईवे सिंगल स्टोप नॉलेज रिसोर्स सेंटर है। यह दृष्टि बाधित लोगों के साथ सूचना साझा करके और आवश्यक परिवर्तन की बात करके उन्हें अधिकार संपन्न बनाता है। इस नेशनलहेल्प डेस्क टॉल फ्री नंबर पर भारत का कोई भी नागरिक कॉल कर सकता है और अपनी क्षेत्रीय भाषा में अपनी समस्याओं के बारे में सूचना प्राप्त कर सकता है। यह सूचनाएं दृष्टिहीनता के साथ जीवन बिताने काउंसलिंग एडवोकेसिव, निजी या कानूनी मामले, सरकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों, रोजगार और शिक्षा से संबंधित हो सकती हैं।

रा.स. में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन विधेयक 2015 पारित

22 दिसम्बर

संसद के ऊपरी सदन, राज्य सभा ने अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन विधेयक, **2015** पारित किया। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) विधेयक, **1989** में आवश्यक बदलाव करना है। इससे पहले लोकसभा ने इस विधेयक को अगस्त **2015** में पारित कर दिया था।

इस विधेयक में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों पर किये जाने वाले अत्याचारों की कुछ अन्य श्रेणियां भी जोड़ी गयी हैं। किसी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के व्यक्ति को जबरन किसी प्रत्याशी के पक्ष अथवा विपक्ष में मत डालने पर मजबूर करना अपराध की श्रेणी में गिना जायेगा।

इस विधेयक के अंतर्गत किसी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के व्यक्ति की भूमि पर कब्जा करना भी अपराध माना जायेगा। किसी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति की महिला के यौन शोषण की श्रेणी में निम्न अपराधों को शामिल किया गया है:

- किसी महिला को बिना उसकी स्वीकृति के हाथ लगाना।
- अभद्र भाषा, तरीके अथवा भाव में महिला से बात करना।
- किसी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति की महिला को मंदिर में देवदासी के रूप में रखना भी अपराध माना जायेगा।
- विधेयक में सहमति का अर्थ बोलकर अथवा भाव द्वारा सहमति देना भी है।

नए जोड़े गये अपराध हैं,

i. जूतों की माला पहनाना

ii. मानवीय अथवा पशुओं के अवशेष को उठाने पर मजबूर करना अथवा हाथ से मल की सफाई करवाना

iii. सार्वजानिक स्थान पर जाति का नाम लेकर अपमानित करना

iv. किसी व्यक्ति के प्रति बुरी इच्छा रखना एवं देहावसान के उपरांत भी व्यक्ति का अपमान करना

v. व्यक्ति का सामाजिक या आर्थिक बहिष्कार किये जाने की धमकी देना।

अनसूचित जाति या जनजाति के लोगों को निम्न कार्य करने से रोकना भी अपराध होगा:

i. आम अथवा सार्वजानिक संपत्ति के संसाधनों को प्रयोग करने से रोकना,

ii. किसी मंदिर अथवा पूजा स्थल पर जाने से रोकना,

iii. किसी शिक्षण स्थल अथवा स्वास्थ्य केंद्र में जाने से रोकना।

अपराध करने वाला व्यक्ति यदि पीड़ित के परिवार के किसी सदस्य या उससे किसी तरह संबंधित है तो अदालत ऐसी स्थिति में यह अपराध जानबूझ कर किया गया मानेगी।

पाकिस्तान ने अपनी राजधानी इस्लामाबाद को मिंस्क (बेलारूस) की सिस्टर सिटी घोषित किया है।

बोनस संदाय संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी

23 दिसम्बर

संसद ने कर्मचारियों के लिए बोनस संबंधी वेतन की पात्रता को 10 हजार रूपये प्रति माह से बढ़ाकर 21 हजार रूपये के प्रावधान वाले एक विधेयक को मंजूरी दे दी। श्रम मंत्री बंडारू दत्तात्रेय के प्रस्ताव पर राज्यसभा ने बोनस संदाय संशोधन विधेयक, 2015 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से अपनी मंजूरी दे दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

विधेयक के प्रावधानों के अनुसार यह उन कारखाना मजदूरों पर लागू होगा जहां 20 या उससे ज्यादा कामगार हों। इस विधेयक के प्रावधान पूर्व प्रभाव से एक अप्रैल 2014 से लागू होंगे। विधेयक में मासिक बोनस गणना सीमा को बढ़ाकर सात हजार रूपये प्रति माह कर दिया गया है जिसकी वर्तमान सीमा 3500 रूपये है।

इस विधेयक में मासिक बोनस आकलन की सीमा को वर्तमान 3500 रूपये से 7000 रूपये कर दिया गया है। विधेयक को पारित होने के दौरान उच्च सदन में कुछ सदस्यों ने इस सीमा को 21 हजार रूपये से बढ़ाकर 30 हजार रूपये करने का सुझाव दिया।

कपड़ा मंत्री ने शिल्प संग्रहालय में भारतीय हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

23 दिसम्बर

केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय में भारतीय हथकरघा उत्पादों के उत्कृष्ट संग्रह की एक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय वस्त्र डिजाइन

केन्द्र (एनसीटीडी) के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में इन उत्पादों के प्रोत्साहन की गतिविधियों के माध्यम से हथकरघा उत्पादों की नवीनतम श्रृंखला को प्रदर्शित किया गया है।

भारतीय हथकरघाः परंपरा और रुझान नामक यह श्रृंखला न सिर्फ भारत के हथकरघा बुनकरों की समृद्ध परंपरा और उच्च कौशल को प्रतिबिंबित करती है बल्कि हथकरघा कपड़ों के घर में बने स्टॉल, शॉल के साथ-साथ वस्त्रों के एक शानदार संग्रह को प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री ने 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की घोषणा की है। भारतीय हथकरघा ब्रांड योजना का भी उनके द्वारा इसी वर्ष चेन्नई में शुभारंभ किया गया।

यह समय की आवश्यकता है कि अच्छे गुणवत्ता के दोष रहित हथकरघा वस्त्रों को सुंदर रंगों के साथ प्रस्तुत किया जाये। देश में व्यापक जनसंख्या और युवाओं की आवश्यकताओं को देखते हुए इनके उत्पादों को और व्यापक किये जाने की जरूरत है।

आईडिया ने 4जी सेवा लांच की

24 दिसम्बर

प्रमुख दूरसंचार कंपनी आईडिया सेल्युलर ने पांच दक्षिणी राज्यों -आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना- में अपनी 4जी सेवा लांच कर दी। प्रथम चरण में इन राज्यों के 75 शहरों में 4जी सेवा दी जाएगी। इन शहरों में प्रमुख हैं - कोच्चि, हासुर, कड़प्पा, मलप्पुरम, मदुरै, मैसूर, राजामुंदरी, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तिरुपुर, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम।

कंपनी मार्च 2016 तक बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, मंगलुरू और कोयंबटूर जैसे महानगरों और बड़े शहरों में 4जी सेवा लांच कर देगी। इस समय तक कंपनी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब, हरियाणा, पूर्वोत्तर और ओडिशा सर्किल में भी चरणबद्ध तरीके से 4जी सेवा शुरू करने की कोशिश कर रही है। जून 2016 तक यह सेवा 10 सर्किलों के 750 शहरों में पहुंचा दी जाएगी।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने किसानों के लिए दो मोबाइल एप्प लांच किए

24 दिसम्बर

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किसानों के लिए दो मोबाइल एप्प 'क्रॉप इंश्योरेंस' और 'एग्रीमार्केट मोबाइल' लांच की।

मोबाइल एप्प "क्रॉप इंश्योरेंस" से किसानों को न केवल उनके क्षेत्र में उपलब्ध बीमा कवर के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी बल्कि ऋण लेने वाले किसानों को अधिसूचित फसल के लिए इंश्योरेंस प्रीमियम, कवरेज राशि तथा ऋण राशि की गणना में भी मदद मिलेगी।

मोबाइल एप्प 'एग्रीमार्केट मोबाइल' का इस्तेमाल करते हुए किसान 50 किलोमीटर के दायरे की मंडियों में फसलों का मूल्य तथा देश की अन्य मंडियों में मूल्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय का प्रयास किसानों तथा अन्य हितधारकों को सभी आवश्यक सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराना है ताकि कृषि उत्पादकता और विश्वस्तरीय आय के लिए उचित वातावरण बनाया जा सके। इस दिशा में कृषि क्षेत्र में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना लांच की गई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

'विकास की नई उड़ान' थीम पर भारत सरकार का कैलेंडर 2016 जारी

24 दिसम्बर



केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अरूण जेटली ने **2016** का भारत सरकार का कैलेंडर जारी किया, जिसमें नरेन्द्र मोदी सरकार की 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और एजेंडा' पर जोर दिया गया है। भारत सरकार का कैलेंडर **2016** प्रत्येक महीने विकास की एक थीम प्रदर्शित कर सरकार के विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगा। हर महीने का कैलेंडर लोगों से संबंधित एक विशेष लक्ष्य और प्राथमिकता क्षेत्र को भी व्यक्त करता है।

कैलेंडर कौशल विकास, डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी कार्यक्रमों से ले कर जन धन पहल तक भाजपा सरकार की प्रमुख योजनाओं को उजागर करता है। कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने कैलेंडर **2016** का डिजिटल संस्करण लांच किया। भारत सरकार का कैलेंडर **2016** विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) द्वारा डिजाइन और मुद्रित किया गया है। यह हिन्दी के अतिरिक्त **11** भाषाओं में प्रकाशित हुआ है।

इसे सभी पंचायत जिला परिषदों, केन्द्रीय सहायता से चलने वाले स्कूलों, सभी विदेशी मिशनों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, केन्द्र सरकार के अधिकारियों को वितरित किया जाएगा। कैलेंडर का थीम है 'विकास की नई उड़ान'। कैलेंडर में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अनेक विकास योजनाओं को दिखाया गया है।

देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन मेले का उद्घाटन

25 दिसम्बर

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रगति मैदान में देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन महोत्सव का उद्घाटन किया। प्रगति मैदान में शुरू यात्रियों व माल परिवहन हेतु पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहनों, वाहन के कलपुर्जे, सेवाओं और इस क्षेत्र में हुई नवीनतम तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा। इस ई-एक्सपो में भारत और विदेशों की **100** से ज्यादा ई-वाहन कंपनियां भाग ले रही हैं, जिनमें चीन, जर्मनी, स्वीडन और जापान जैसे अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता देश शामिल हैं। चीन से सबसे अधिक **22** कंपनियां अपने ई-वाहनों का प्रदर्शन कर रही हैं। ई-एक्स्पो में हिस्सा लेने वाली भारतीय कंपनियों में ऐल्टियस टेक्नोलॉजीस, सोनी इलेक्ट्रिक, लोहिया ऑटो, काइनेटिक, सारथी, विक्टरी इलेक्ट्रिक और हाइटेक शामिल हैं।

ई-एक्सपो सरकार के नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान (एनइएमएमपी) के मुताबिक है, जिसका लक्ष्य **2020** तक **60-70** लाख इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहनों को सड़कों पर लाना है, साथ ही टैक्नोलॉजी का स्वदेशीकरण करना है ताकि भारत ई-वाहनों के मामले में विश्व में अग्रणी स्थान हासिल करे।

दीन दयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा खरीदने के लिए निर्धन, पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदायों को तीन प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से सस्ता कर्ज दिया जाएगा।

भारत और रूस के बीच तेल व गैस क्षेत्र में चार समझौते

25 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान भारत और रूसी कंपनियों के बीच तेल एवं गैस क्षेत्र में चार बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इनमें ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को रूस के दूसरे सबसे बड़े तेल क्षेत्र वंकोरनेफ्ट में **15** प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण का समझौता भी शामिल है। दोनों देशों के बीच इन समझौते से द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। भारत रूस के आकर्षक पेट्रोलियम क्षेत्र में अपनी कंपनियों की पहुंच के लिए जोर देता रहा है। जिन समझौतों को अंतिम स्वरूप दिया गया है उनसे इस यूरेशियाई देश में तेल एवं गैस उत्खनन में उल्लेखनीय मौजूदगी स्थापित करने में मदद मिलेगी।

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड और रूस की विशाल कंपनी रॉसनेफ्ट के साथ हुए समझौते के मुताबिक ओवीएल, **1.3** अरब डॉलर में साइबेरिया में वंकोरनेफ्ट तेल क्षेत्र में **15** प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। ओवीएल और रॉसनेफ्ट ने रूसी परिसंघ के महाद्वीपीय पट्टी और तटीय हाइड्रोकार्बन के भूगर्भीय सर्वेक्षण, उत्खनन और उत्पादन में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। एक अन्य समझौते के मुताबिक ऑयल इंडिया और इंडियन ऑयल कापरेरेशन ने तास-यूर्याख नेफ्टेगेजोदोबायचा तेल क्षेत्र में हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए देनदारियों और परिसंपत्तियों की जांच तथा समझौते को अंतिम स्वरूप देने की संबंध मे गैर-बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किये। तास-यूर्याख नेफ्टेगेजोदोबायचा, साइबेरिया में एक अन्य प्रमुख तेल क्षेत्र है। रॉसनेफ्ट और एस्सार के बीच समझौते से अगले **10** साल की अवधि में भारतीय रिफाइनरियों को एक करोड़ टन सालाना तेल एवं पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति हो सकेगी।

फिलिपो ग्रैंडी नेयूएनएचसीआर के नए प्रमुख का पदभार संभाला है।

सुरेश प्रभु को एसआईईएस पुरस्कार

26 दिसम्बर

रेल मंत्री सुरेश प्रभु को श्रेष्ठ नेतृत्व के लिए 'एसआईईएस चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती राष्ट्रीय श्रेष्ठता पुरस्कार' से नवाजा गया।

साउथ इंडियन एजुकेशन सोसायटी (एसआईईएस) के अध्यक्ष वी. शंकर ने कहा कि यह पुरस्कार कांची कामकोटि पीठ के **68**वें शंकराचार्य स्वामी चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती की याद में स्थापित किया गया है, जिनकी मृत्यु **100** वर्ष की अवस्था में **1994** मे हुई थी।

इस साल यह पुरस्कार परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष आर.के. सिन्हा, आदित्य बिड़ला सेंटर की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला तथा डेविड फ्रॉली को भी दिया गया।

पुरस्कार में ढाई लाख रुपये नकद, एक बड़ा दीपक और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति के लिए पारेषण लाइन तैयार

26 दिसम्बर

बांग्लादेश को **100** मेगावाट बिजली की अतिरिक्त आपूर्ति के लिए बांग्लादेश तथा भारत ने पारेषण लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया है।

पश्चिम त्रिपुरा से पूर्वी बांग्लादेश के दक्षिण कोमिला तक पारेषण लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है।

पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) और पॉवर जनरेशन कंपनी ऑफ बांग्लादेश (पीजीसीबी) ने अपने-अपने क्षेत्र में लाइन की जांच कर ली है और इसे पूरी तरह दुरुस्त पाया है।

पीजीसीआईएल और पीजीसीबी दोनों सरकारी कंपनियां हैं।

दोनों कंपनियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में तार बिछाने का काम किया है। इस लाइन पर बिजली की आपूर्ति दक्षिण त्रिपुरा के पटलाना बिजली संयंत्र से होगी।

भारत और बांग्लादेश के अधिकारी पीपीए पर हस्ताक्षर करने के लिए वार्ता कर रहे हैं। जनवरी के प्रथम या दूसरे सप्ताह में बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति शुरू हो जाने का अनुमान है।

बांग्लादेश को पश्चिम बंगाल से भी **500** मेगावाट बिजली आपूर्ति पहले से की जा रही है।

भारत का पहला स्वदेशी युद्ध पोत आईएनएस गोदावरी सेवानिवृत्त

26 दिसम्बर

भारत के पहले स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस गोदावरी को मुंबई में नौसेना बेस से सेवा से हटा लिया गया। आईएनएस गोदावरी को **10** दिसंबर **1983** में नौसेना में शामिल किया गया था। पिछले तीन दशक में इसने अनेक अभियानों में सफलता हासिल की। इस विशाल जहाज का रडार डी बैन्ड और हॉल माउन्टेड सोनार सिस्टम के साथ था।

आईएनएस गोदावरी को हटाए जाने के साथ ही उसका जीवन चक्र पूर्ण हो गया।

पिछले तीन दशक से ज्यादा समय से गोदावरी कई अभियानों में तैनात रहा जिसमें 'ऑपरेशन जूपिटर' - **1988** : श्रीलंका:, 'ऑपरेशन शील्ड' और 'ऑपरेशन बोल्सटर' - **1994** : सोमालिया से भारतीय सेना को वापस लाने और 'अदन की खाड़ी में गश्त' - **2009** और **2011** में अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं के खिलाफ अभियान में शामिल रहा है। वर्ष **1988** में 'ऑपरेशन कैक्टस' के माध्यम से भारत ने मालदीव में तख्तापलट के प्रयास को नाकाम कर दिया था, जिसमें आईएनएस गोदावरी की भूमिका महत्वपूर्ण थी।

भारत और रुस ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग हेतु 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

26 दिसम्बर

भारत और रुस ने अपने सामरिक संबंधों को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने हेतु **16** समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत और रूस के बीच परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन, सौर ऊर्जा, रेलवे और वीजा क्षेत्रों में हस्ताक्षर किए गए।

आबिद अली नीमचवाला को विप्रो का नया सीईओ नियुक्त किया गया है।

प्रमुख समझौते

- दोनों देशों के नागरिकों और राजनयिक पासपोर्ट रखने वालों की आवाजाही के लिए कुछ श्रेणियों में नियम कायदों को सरल बनाया जाएगा।
- हेलीकॉप्टर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सहयोग।
- कस्टम मामलों पर सहयोग की योजना।
- रूसी रिएक्टरों का भारत में निर्माण किए जाने पर सहमति।
- रेलवे सेक्टर में तकनीकी सहयोग पर सहमति।
- भारत में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने और ब्रॉडकास्टिंग के क्षेत्र में सहयोग पर एमओयू।
- रूस में तेल खनन को लेकर समझौता।

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने ई-ऑफिस लांच किया

28 दिसम्बर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गुड गवर्नेंस पहल की भावना के अनुरुप महिला और बाल विकास मंत्रालय ने मंत्रालय में ई-ऑफिस लांच किया है । महिला और बाल विकास मंत्री मेनका संजय गाधी ने नई दिल्ली में ई-ऑफिस को औपचारिक रूप से लांच किया।

मंत्रालय की सभी फाइलों के लिगेसी डाटा का डिजिटलीकरण कर दिया गया है और अब फाइल की गतिविधि इलेक्ट्रानिक रूप में चलती है। ई-ऑफिस के अंतर्गत कागजात की सभी प्राप्तियों की स्कैनिंग होती है, उसे डिजिटल बनाया जाता है और नई फाइल खुल जाती है। फिर फाइल की इलेक्ट्रानिक प्रोसेसिंग होती है।

यह परियोजना जुलाई, **2015** में शुरु की गई थी और **12,000** से अधिक फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया है।

ई-ऑफिस के अंतर्गत अवकाश प्रबंधन प्रणाली और यात्रा प्रबंधन प्रणाली काम कर रही है । कार्मिक सूचना प्रबंधन प्रणाली (ई-सर्विस बुक) के **1** जनवरी, **2016** से चालू हो जाने की आशा है। फाइलों की प्रोसेसिंग के लिए ई-ऑफिस बहुत अच्छी प्रणाली है और डीईआईटीवाई लगातार नए क्षेत्रों को डिजिटलीकरण की ओर ला रहा है ।

महिला और बाल विकास मंत्रालय की सभी फाइलों की ई-ऑफिस में प्रोसिसिंग की जा रही है ।

13393 फाइलों की **22** दिसंबर, **2015** तक प्रोसेसिंग की गई है और **23993** प्राप्तियों (रसीदों) की स्कैनिंग भी **22** दिसंबर, **2015** तक प्रोसेसिंग की गई है।

राज्य, केन्द्रीय पुस्तकालयों के लिए एक नया अध्याय

28 दिसम्बर

संस्कृति मंत्रालय ने **12**वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के तहत पुस्तकालयों के उन्नयन-आम लोगों को सेवाएं प्रदान करने की योजना के लिए **400** करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के प्रमुख संघटक इस प्रकार हैं:-

राष्ट्रीय भारतीय वर्चुअल पुस्तकालय का गठन (एनवीएलआई), एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों की स्थापना, पुस्तकालयों के मात्रात्मक एवं गुणात्मक सर्वे क्षमता निर्माण।

इस योजना के तहत मिशन चुने हुए पुस्तकालयों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन एवं संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत **35** राज्य केंद्रीय पुस्तकालयों एवं **35** जिला पुस्तकालयों (राज्य सरकारों द्वारा पहचान किए जाने वाले) और छह पुस्तकालयों में प्रौद्योगिकी उन्नयन करेगा। अभी तक **11** राज्य केंद्रीय पुस्तकालयों एवं **11** जिला पुस्तकालयों की पहचान की गई है।

संस्कृति मंत्रालय के तहत छह पुस्तकालय इस प्रकार है-

दिल्ली पब्लिक पुस्तकालय, खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक पुस्तकालय, पटना, राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता, केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय, दिल्ली, रामपुर रजा पुस्तकालय, उत्तर प्रदेश एवं तंजावूर महाराजा सरफोजी सरस्वती महल पुस्तकालय, तमिलनाडु। **12** राज्यों के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है एवं तीन राज्यों को कोष जारी कर दिए गए हैं।

सचिन तेंदुलकर को नोवो नॉर्डिस्क के अभियान 'चेंजिंग डायबिटीज' के ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किये गये हैं।

अस्त्र मिसाइल की महत्वपूर्ण एंटी जैमिंग क्षमता का सफल परीक्षण 28 दिसम्बर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों ने अस्त्र मिसाइल की महत्वपूर्ण एंटी जैमिंग क्षमता का सफल परीक्षण किया। कुछ और परीक्षणों के बाद इस मिसाइल को वायु सेना में शामिल किया जाएगा।

यह भारत की पहली स्वदेश निर्मित दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जो हर मौसम में दुश्मन के ठिकानों को भेद सकने में सक्षम है। यह भारत की पहली दृष्टि से परे (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। सभी प्रकार की परिस्थितियों में काम करने में सक्षम और आधुनिक तकनीक पर आधारित इस मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है।

3.8 मीटर लंबी अस्त्र मिसाइल डीआरडीओ की सबसे छोटी मिसाइल है। इसे विभिन्न उंचाइयों से प्रक्षेपित किया जा सकता है। यह **15** किलोमीटर की ऊंचाई से प्रक्षेपित किए जाने पर **110** किलोमीटर और **8** किलोमीटर की ऊंचाई से प्रक्षेपित किए जाने पर **44** किलोमीटर और समुद्र की सतह से प्रक्षेपित किए जाने पर **21** किलोमीटर की दूरी तक जा सकती है।

रूस ने कामोव 226टी हेलीकॉप्टर बनाने के लिए एचएएल के साथ समझौता किया 30 दिसम्बर

रूस की कंपनी रोसटेक स्टेट कॉरपोरेशन ने कम से कम **200** कामोव **226**टी हल्के हेलीकाप्टर बनाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ समझौता किया। ये हेलीकॉप्टर पुराने हो रहे चीता व चेतक हेलीकॉप्टर की जगह लेंगे। सरकार की महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत यह सौदा अनुमानित **1** अरब डालर मूल्य का है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिसंबर **2015** में मॉस्को यात्रा के दौरान दोनों देशों ने हेलीकॉप्टर विनिर्माण के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता किया। इस समझौते पर मोदी व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अनुसार रोसटेक भारत में रूसी केए-**226**टी हेलीकॉप्टर बनाएगी। इनकी संख्या **200** से कम नहीं होगी। समझौते में हेलीकॉप्टरों का रखरखाव, परिचालन व मरम्मत शामिल है।

शहरी विकास मंत्रालय और ब्लूम्बर्ग फिलेंथ्रोपीज के बीच समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर 31 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट में शहरी विकास मंत्रालय और न्यूयॉर्क स्थित ब्लूमबर्ग फिलेन्थ्रोपीज के मध्य स्मार्ट सिटी परियोजना के विकास के लिए समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर को अपनी अनुमति प्रदान कर दी है।

प्रस्ताव के अंतर्गत ब्लूमबर्ग फिलेंथ्रोपीज बतौर ज्ञान साझीदार कार्य करेगा और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहरी चुनौती विषय पर मदद करेगा। केंद्रीय कैबिनेट **29** अप्रैल **2015** को हुई अपनी बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन को पहले ही हरी झंडी दे चुकी है और इसके पश्चात मिशन के उद्देश्यों एवं दिशानिर्देशों के साथ प्रधानमंत्री **25** जून **2015** को इसको लॉच कर चुके हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन का प्रस्ताव उन्नत शहरी अवसंरचना को सुगम बनाएगा जिससे शहरी जीवन का स्वरूप बेहतर बनेगा। ब्लूमबर्ग फिलेंथ्रोपीज गवर्नमेण्ट इनीशिएटिव्स मेयर एवं स्थानीय नेताओं को बड़ी चुनौतियों के समाधान एवं सार्वजनिक क्षेत्र में नवाचार के विकास हेतु व्यावहारिक उपकरणों एवं दृष्टिकोणों से लैस करता है।

बतौर ज्ञान साझीदार ब्लूमबर्ग फिलेंथ्रोपीज शहरी चुनौतियों के प्रबंधन की रूपरेखा बनाने में शहरी विकास मंत्रालय की मदद करेगा। भारत सरकार पर इसका कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि मिशन की मदद के लिए चलाई जाने वाली गतिविधियों पर व्यय ब्लूमबर्ग फिलेंथ्रोपीज की ओर से किया जाएगा।

प्रणव धनवाड़े एक पारी में **1009** रन का स्कोर बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये हैं।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत एवं कनाडा के बीच समझौते का नवीनीकरण

31 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने भारत एवं कनाडा के मध्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समझौता-पत्र के नवीनीकरण को अपनी अनुमति प्रदान कर दी है।

इस समझौता पत्र से भारत एवं कनाडा के बीच उच्च शिक्षा में मौजूदा साझेदारियों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

भारत एवं कनाडा के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग हेतु पांच वर्षीय समझौता-पत्र पर जून **2010** में हस्ताक्षर हुए थे।

समझौता-पत्र की शर्तों के अनुसार पांच वर्ष पूरे होने पर समझौता-पत्र को पांच अतिरिक्त सालों के संभावित नवीनीकरण के लिए नवीकृत किया जाना था। समझौता पत्र के नवीनीकरण के माध्यम से प्रस्तावित किया गया कि शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच शैक्षिक संबंध मजबूत हों।

नार्वे और भारत के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में बनी सहमति

31 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्वे की लोक निर्माण कंपनी सिन्टेफ और भारत के अपशिष्ट निपटान को लेकर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के बीच मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में क्षमता निर्माण में सहयोग संबंधी सहमति पत्र को मंजूरी दी।

इसके अलावा नार्वे निर्माण और विध्वंस को पुनर्चक्र करने के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी कार्यों में भारत को सहयोग देगा।

2 अक्टूबर **2014** को माननीय प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत के लिए व्यापक सामूहिक आंदोलन के तहत 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरूआत की थी। भारत में निर्माण क्षेत्र से सालाना करीब **10** से **12** मिलियन टन अपशिष्ट सामग्री निकलती है।

आवास और सड़क क्षेत्रों में इनकी जबरदस्त मांग है लेकिन मांग और आपूर्ति में अच्छा-खासा अंतर है। इसे इन्हीं सामग्रियों के पुनर्चक्र से काफी हद तक कम किया जा सकता है। ईंट, लकड़ी की टाइलें, धातु जैसी कुछ वस्तुओं का पुनर्चक्र होता है और निर्माण के दूसरे कार्यों में भी इनसे मदद मिलती है लेकिन इस समय भारत में पुनर्चक्र का **50** प्रतिशत से ज्यादा इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

भारत ने विश्व बैंक के साथ वित्तपोषण समझौते पर हस्ताक्षर किए

01 जनवरी



'नई मंजिल- अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण' हेतु **50** मिलियन अमेरिकी डॉलर (समतुल्य) के आईडीए ऋण के लिए विश्व बैंक के साथ एक वित्तपोषण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत सरकार की ओर से आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) में संयुक्त सचिव राज कुमार और विश्व बैंक की ओर से भारत में विश्व बैंक के परिचालन सलाहकार माइकल हैनी ने इस वित्तपोषण समझौते पर हस्ताक्षर किए। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधिगण और विश्व बैंक के अनेक अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस परियोजना का कुल आकार **100** मिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जिनमें से **50** मिलियन डॉलर आईडीए ऋण के रूप में उपलब्ध होगा, जबकि शेष राशि का वित्तपोषण केंद्रीय बजट से होगा।

इस परियोजना के तहत अल्पसंख्यक युवाओं की शिक्षा और उनके कौशल विकास की दिशा में एक एकीकृत एवं समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक युवाओं द्वारा अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और उनके बीच बेरोजगारी की ऊंची दर की समस्याओं से निजात पाई जा सके।

इस परियोजना से मुख्यतः वे अल्पसंख्यक बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) युवा लाभान्वित होंगे जिनकी आयु **17** साल से लेकर **35** साल तक है।

इस परियोजना से इसके दायरे में आने वाले क्षेत्र में रहने वाले अल्पसंख्यक युवाओं की शिक्षा प्राप्ति के साथ-साथ उनके रोजगार कौशल में भी उल्लेखनीय सुधार संभव हो पाएगा।

ओएनजीसी ने प्रतिष्ठित **26**वां लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट जीता।

फिल्म सेंसर बोर्ड में सुधार के लिए श्याम बेनेगल की अध्यक्षता में बनी समिति

02 जनवरी

केंद्र सरकार ने केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के कामकाज में जरूरी बदलाव के लिए जाने-माने फिल्मकार श्याम बेनेगल की अध्यक्षता में एक समिति बनाई है। यह समिति दो माह में अपनी रिपोर्ट सूचना प्रसारण मंत्रालय को सौंपेगी। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से संबंधित विवादों के लगातार बढ़ने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बाद इस समिति का गठन किया गया है। इस समिति के सुझाव से एक समग्र ढांचा विकसित होगा जिसके तहत फिल्मों को प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। समिति में फिल्मकार राकेश ओम प्रकाश मेहरा, विज्ञापन जगत की शख्सियत पीयूष पांडे, फिल्म क्रिटिक भावना सोमैया शामिल हैं। नेशनल फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल की एमडी नीना लथ गुप्ता भी सदस्य हैं। संयुक्त सचिव (फिल्म्स) समिति के संयोजक होंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने म्यांमार में त्रिपक्षीय राजमार्ग हेतु 69 पुलों के निर्माण को मंजूरी दी

02 जनवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने म्यांमार में बन रहे तमू-कियोगोन-कलेवा (टीकेके) नामक त्रिपक्षीय राजमार्ग पर **69** पुलों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की। इनकी लागत **371.58** करोड़ रुपये होगी।

यह पुल सभी प्रकार के मौसम में बेहतर परिवहन व्यवस्था प्रदान करेंगे। यह मार्ग इम्फाल-मंडला बस रूट के लिए प्रायोजित मार्ग है। इससे भारत और म्यांमार में बेहतर संबंध स्थापित हो सकेंगे। यह परियोजना इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण (ईपीसी) के तहत परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) प्रक्रिया द्वारा पूर्ण की जाएगी। इसे यंगून में मौजूद भारतीय दूतावास, पीएमसी एवं विदेश मंत्रालय द्वारा मॉनिटर किया जायेगा। इस परियोजना के वर्ष **2019** मध्य तक पूरा हो जाने का अनुमान है।

बहरीन इंटरनेशनल एयरशो में हिस्सा लेगा तेजस

02 जनवरी

भारत का हल्का लड़ाकू विमान तेजस बहरीन इंटरनेशनल एयरशो में हिस्सा लेगा ताकि निर्यात की संभावनाएं तलाशी जा सकें। ऐसा पहली बार होगा कि भारत में ही विकसित विमान भारतीय आसमान के बाहर उड़ान भरेगा। तेजस के लड़ाकू और नौसैनिक संस्करण के अलावा डीआरडीओ की ओर से डिजाइन किए गए और विकसित किए गए अत्याधुनिक एयरबोर्न प्लेटफॉर्मों और इससे जुड़े सेंसरों तथा संचार प्रणालियों को भी भारत प्रदर्शित करेगा।

बहरीन इंटरनेशनल एयरशो के दौरान अपने कुछ उत्पादन साझेदारों के साथ डीआरडीओ अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत की ताकत का प्रदर्शन करेगा। इसका मकसद इन अत्याधुनिक प्रणालियों का निर्यात क्षेत्र के मित्र देशों को करने की संभावनाएं तलाशना है। बहरीन इंटरनेशनल एयरशो का आयोजन **21** से **23** जनवरी तक सखीर एयरबेस पर किया जाएगा।

आबिदअली नीमचवाला विप्रो लिमटेड के नए सीईओ नियुक्त

04 जनवरी

आईटी कंपनी विप्रो ने आबिदअली नीमचवाला को कम्पनी के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी और बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त टीके कुरियन को कार्यकारी उपाध्यक्ष (**executive vice chairman**) के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की गई। यह नियुक्तियां **1** फरवरी **2016** से प्रभावी होंगी। आबिदअली नीमचवाला टीके कुरियन का स्थान लेंगे।

नियुक्ति से पूर्व टीके कुरियन मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद और आबिदअली नीमचवाला सीओओ के पद पर कार्यरत थे। टीके कुरियन अजीम प्रेमजी को रिपोर्ट करेंगे और **31** मार्च **2017** तक बोर्ड के सदस्य बने रहेंगे। विप्रो के साथ जुड़ने से पहले आबिद टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में ग्लोबल बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज के हेड थे। उन्होंने टीसीएस में **23** वर्षों तक अपनी सेवा दी। आबिद ने रायपुर के एनआईटी से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की है। इसके अलावा, उन्होंने आईआईटी, मुंबई से इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट में मास्टर की डिग्री प्राप्त की है।

न्यूजीलैंड में खेले गए पांचवें और अंतिम वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच न्यूजीलैंड ने जीता।

बीसीसीआई में भ्रष्टाचार से संबंधित लोढ़ा समिति ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी 04 जनवरी

बीसीसीआई में भ्रष्टाचार के मामले पर गठित जस्टिस आर एम लोढ़ा समिति ने अपनी सिफारिश रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी।

वर्ष **2015** में बीसीसीआई में भ्रष्टाचार के मामले पर जाँच करने हेतु सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस आर एम लोढ़ा समिति का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड में काफी बदलाव हुए। अक्टूबर **2015** में बीसीसीआई प्रमुख चुने जाने के बाद शशांक मनोहर ने भी बोर्ड की छवि सुधारने के लिए कई कदम उठाए।

समिति के कुछ अहम सुझावः

- बीसीसीआई को सूचना के अधिकार (आरटीआई) के दायरे में लाया जाए।
- क्रिकेट को क्रिकेटर ही चलाएं और बीसीसीआई की स्वायतत्ता बनी रहे
- एक राज्य में सिर्फ एक ही क्रिकेट संघ हो और सभी को वोट देने का हक हो।
- किसी भी बीसीसीआई पदाधिकारी को लगातार दो से अधिक कार्यकाल तक नहीं रहने दिया जाए।
- किसी भी व्यक्ति को तीन से अधिक कार्यकाल के लिए पदाधिकारी न बने रहने दिया जाए।
- बीसीसीआई में एक व्यक्ति, एक पद का नियम लागू हो।
- खिलाड़ियों का एक संघ और संविधान बनाया जाए।
- आईपीएल और बीसीसीआई की अलग-अलग गवर्निंग काउंसिल हो।
- आईपीएल गवर्निंग काउंसिल को सीमित स्वायत्ता ही प्रदान की जाए।

40 हजार वाई-फाई स्पॉट लगाएगा बीएसएनएल 05 जनवरी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड स्पेक्ट्रम के अभाव में अपने उपभोक्ताओं को **4**जी सेवा उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हो रही है, वह अपनी इसी कमी को दूर करने के लिए आगामी तीन वर्षो में **40,000** वाई-फाई हॉट स्पॉट लगाने की योजना को अमलीजामा पहनाने में लगी हुई है।

बीएसएनएल की योजना के तहत देश के विभिन्न इलाकों में अब तक **500** वाई-फाई हॉट स्पॉट लगाए जा चुके हैं। जारी वित्तीय वर्ष के अंत तक इन वाई-फाई हॉट स्पॉट की संख्या को बढ़ाकर **2,500** किया जाना है। मोबाइल सेवाओं में सुधार के लिए बीएसएनएल अपनी **5,500** करोड़ रुपये की योजना के तहत देश भर में **25,000** टॉवर लगा रही है। बीएसएनएल ने वित्तीय वर्ष **2014-15** में **672** करोड़ रुपए का परिचालन लाभ हासिल किया था। मौजूदा वित्तीय वर्ष में कम्पनी करीब **1,000** करोड़ रुपये के परिचालन लाभ की उम्मीद कर रही है। वित्तीय वर्ष **2018-19** तक कंपनी के शुद्ध लाभ कमाने की उम्मीद है।

27 साल बाद भारत-नेपाल के बीच बस सेवा पुनः आरम्भ 05 जनवरी

भारत से नेपाल के बीच चलने वाली मैत्री बस सेवा **27** साल बाद फिर शुरु कर दी गई। पिछले **27** साल से संबंधों में आई दरार और कुछ आंतरिक सुरक्षा समस्याओं के कारण इसे बंद कर दिया गया था। उत्तराखण्ड में चम्पावत जनपद अंतर्गत बनबसा से सटे नेपाल के सीमावर्ती जनपद मुख्यालय कंचनपुर तथा नई दिल्ली के मध्य एक सप्ताह तक ट्रायल के तौर पर बीएस चलाई गई थी।

दोनों देशों के बीच बस सेवा का आवागमन प्रारंभ होने से यातायात सुगम बन सकेगा। नेपाल में नया संविधान लागू होने के बाद से दोनों देशों के बीच बढी दूरियों को एक बार पुनः पटरी पर लाने की कोशिश है। उत्तराखंड में चम्पावत के रास्ते चलने वाली भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा **27** वर्ष बाद बहाल हुई है। बस आनंद विहार (दिल्ली) से प्रतिदिन शाम आठ बजे चलकर सीमावर्ती नेपाल के जनपद कंचनपुर (महेन्द्र नगर) में प्रातः छह बजे पहुंचेगी। यही बस पुनः कंचनपुर से शाम छह बजे नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।

आर. के. माथुर ने भारत के आठवें मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में शपथ ली।

मिश्रित वार्षिक वृत्ति आधारित पीपीपी मॉडल प्रस्ताव को केंद्र की स्वीकृति मिली 07 जनवरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत मिश्रित वार्षिक वृत्ति आधारित सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। मिश्रित वार्षिक वृत्ति आधारित पीपीपी मॉडल से कार्य प्रदर्शन, सक्षमता, व्यावहारिकता तथा निरंतरता सुनिश्चित हो सकेगी। इस मॉडल में पूंजीगत निवेश के एक हिस्से (40 प्रतिशत तक) का भुगतान सरकार करेगी और शेष भुगतान वार्षिक आधार पर 20 वर्षों तक किया जाएगा।

इस मॉडल के विशेष स्वभाव को ध्यान में रखते हुए और भविष्य में इसका विस्तार करने के लिए सरकार ऐसी पीपीपी परियोजनाओं की योजना, संरचना, रियायतग्राही को आकर्षित करने तथा कार्यान्वयन निगरानी के लिए एक स्पेशल परपस व्हिकल (एसपीवी) स्थापित करेगी। इसके अलावा, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीजी) के समग्र दिशा-निर्देशों के अंतर्गत समुचित नीति के माध्यम से शोधित अपशिष्ट जल के लिए बाजार विकसित करेगी।

भारत-सिंगापुर नागरिक उड्डयन समझौते को कैबिनेट की स्वीकृति 07 जनवरी

केंद्र सरकार ने भारत और सिंगापुर के बीच नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने से संबंधित एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल (कैबिनेट) ने यह मंजूरी दी।

इस एमओयू पर नवंबर 2015 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और सिंगापुर कॉपरेशन एंटरप्राइज ने हस्ताक्षर किए थे। एमओयू का लक्ष्य नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाना है। शुरू में इसके दायरे में जयपुर और अहमदाबाद हवाई अड्डे आएंगे। बाद में आपसी सहमति से इसका विस्तार अन्य हवाई अड्डों तक भी किया जाएगा। इस समझौते से हवाई यातायात विकास, कार्गो हैंडलिंग और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल (एमआरओ) संचालन में सहयोग बढ़ेगा।

अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद का सामना करने में सहयोग पर भारत-बहरीन समझौते को कैबिनेट की पूर्वव्यापी मंजूरी 07 जनवरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने भारत और बहरीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद को समाप्त करने, बहुराष्ट्रीय संगठित अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी, मादक और मनरू प्रभावी पदार्थ और रसायन खरीदारों और इसकी शाखाओं पर रोक लगाने संबंधी सहयोग करने के समझौते को पूर्वव्यापी मंजूरी दे दी है।

इस समझौते का लक्ष्य दोनों देशों के बीच आतंकवाद से संबंधित अपराध, बहुराष्ट्रीय संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित अपराधों को रोकने, इनकी जांच करने, अभियोजन तथा इनको समाप्त करने में प्रभावशीलता से सुधार लाना है।

यह समझौता दोनों देशों की खुफिया और कानून को लागू कराने वाली एजेंसियों के अधिकारियों के बीच फ्रेमवर्क को स्थापित करने तथा सहयोग को बढ़ाने में मदद करेगा।

नितिन गडकरी ने भारत की पहली नदी सूचना प्रणाली का उद्घाटन किया 08 जनवरी

केंद्रीय जहाजरानी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) का उद्घाटन किया। यह भारत में अपनी तरह की पहली नई प्रणाली है, जो गंगा नदी पर राष्ट्रीय जल मार्ग पर सुरक्षित एवं सटीक नौपरिवहन को सुगम बनाएगी। आरआईएस का क्रियान्वयन भारत के अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण की समग्र जिम्मेदारी के तहत किया जाएगा, जो जहाजरानी मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक वैधानिक निकाय है।

नदी सूचना सेवाएं (आरआईएस) अंतर्देशीय नौपरिवहन में ट्रैफिक एवं परिवहन प्रक्रियाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए बनायी गयी हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर से संबंधित आधुनिक ट्रैकिंग प्रणाली का समिश्रण है।

यह प्रणाली एक उन्नत एवं सूचनाओं के वास्तविक समय आदान-प्रदान के जरिये गतिशील पोतों एवं तट (बेस स्टेशनों) के बीच त्वरित इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ा हस्तांतरण में वृद्धि करती है। आरआईएस का उद्देश्य जल मार्ग संचालकों एवं उपयोगकर्ताओं के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को युक्ति संगत बनाना है।

भारत का पहला अर्बन याट मरीन प्रोजेक्ट हुगली नदी के तट पर हावड़ा में बनने जा रहा है।

शैलेश होंगे नये महापंजीयक, जनगणना आयुक्त

08 जनवरी

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शैलेश को महापंजीयक और जनगणना आयुक्त नियुक्त किया गया। असम-मेघालय कैडर के **1985** बैच के आईएएस अधिकारी शैलेश फिलहाल गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं। उन्हें सी चंद्रमौलि की जगह नियुक्त किया गया है, जिनका कार्यकाल पूरा हो गया। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के तौर पर **28** जुलाई **2017** तक शैलेश की नियुक्ति को मंजूरी दी।

प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार रवींद्र कालिया का निधन

09 जनवरी

वरिष्ठ हिंदी साहित्यकार रवींद्र कालिया का निधन हो गया। वे **78** वर्ष के थे।

रवींद्र कालिया के कहानी संग्रह में ''नौ वर्ष छोटी पत्नी'', ''काला रजिस्टर'', ''जरा सी रोशनी'', ''गरीबी हटाओ'', ''उमर तक'' और ''रवींद्र कालिया की कहानियां'' सम्मिलित रहे। उपन्यास में ''17 रानडे रोड'', ''ए बी सी डी'' और ''खुदा सही सलामत'' प्रमुख हैं।

रवींद्र कालिया के संस्मरणों में गालिब छूटी शराब, रवींद्र कालिया के संस्मरण, कामरेड मोनालिजा और स्मृतियों की जन्मपत्री सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त उनके व्यंग्यों में नींद क्यों रात भर नहीं आती और राग मिलावट मालकौंस प्रमुख हैं।

रवींद्र कालिया के कार्यों को देखते हुए उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार भी मिले। इनमें पंजाब सरकार की तरफ से मिला शिरोमणि साहित्य सम्मान, यूपी हिंदी संस्थान की तरफ से लोहिया सम्मान, यूपी हिंदी संस्थान का प्रेमचंद स्मृति सम्मान, एमपी साहित्य अकादमी का पदुमलाल बक्शी सम्मान प्रमुख हैं।

केंद्र सरकार ने रसोई गैस उपभोक्ताओं और नागरिकों संलग्न करने के लिए एक ऑनलाइन पहल शुरू की

09 जनवरी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने एलपीजी वितरण में प्रभावी और नागरिक अनुकूल सेवाएं प्रदान करने में उपभोक्ताओं और नागरिकों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन पहल की शुरुआत की है। निम्नलिखित दो ऑनलाइन विचार-विमर्श मंच- (ए) नागरिक अनुकूल सेवाएं और (बी) देश में एलपीजी कवरेज बढ़ाना, का शुभारंभ किया गया है। यह **myGov.in** और **mylpg.in** पर उपलब्ध हैं। एलपीजी उपभोक्ताओं और नागरिकों से अनुरोध है कि वे संबंधित ऑनलाइन मंचों पर अपने विचार साझा करें। बहुमूल्य सुझावों/टिप्पणियों का स्वागत है और एलपीजी कवरेज तथा आपूर्ति संबंधी उपभोक्ता उन्मुखी सेवाओं में सुधार के लिए इन पर विचार किया जाएगा। यह पहल, हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा वर्ष **2016** को 'एलपीजी उपभोक्ता वर्ष' के रूप में मनाने की कई पहलों में से एक है सरकार ने एलपीजी उपभोक्ताओं से रसोई गैस वितरण की ऑनलाइन सुविधा के लिए जनता से अपने विचारों को साझा करने की अपील की है। ऑनलाइन चर्चा के लिए शुरु की गई साईट पर नागरिकों द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझाव एवं टिप्पणी का स्वागत किया जाएगा इसके साथ ही, एलपीजी कवरेज व वितरण से संबंधित ग्राहक आधारित सेवाओं में सुधार के लिए भी विचार किया जाएगा। यह पहल, हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा वर्ष **2016** को 'एलपीजी उपभोक्ता वर्ष' के रूप में मनाने की कई पहलों में से एक है।

अर्जुन एमबीटी के लिए नए टैंक गोला-बारुद का परीक्षण

09 जनवरी

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने **6** जनवरी, **2016** को ओडिशा के चांदीपुर में अर्जुन टैंक के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए नए टैंक गोला-बारुद, पेनेट्रेशन कम ब्ला स्टा (पीसीबी) और थर्मोबेरिक (टीबी) का सफल परीक्षण किया। परीक्षण अति प्रभावशाली रहा। लक्षित टैंक को नष्टक करने के लिए चलाया गया गोला-बारुद काफी विध्वंसक था, जिससे टैंक का बुर्ज, बैरल, पटरियां, गोला-बारुद बिन, विभिन्न् स्थाषन, एंटीना आदि को काफी क्षति पहुंची। यह गोला-बारुद पूणे के डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं, आयुध अनुसंधान एवं विकास स्थापना (एआरडीई) तथा उच्चण ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एचईएमआरएल) द्वारा विकसित किया गया। टीबी गोला-बारुद के लिए व्यारपक शोध करने के बाद एचईएमआरएल ने एक नवीन रसायनिक संघटक विकसित किया गया। विकसित करने के दौरान इन गोला-बारुदों का बड़े पैमाने पर विभिन्न नकली ठिकानों अर्थात कवच प्लोटों, ठोस संरचनाओं और किलेबंदी पर इनके असर का मूल्यां कन किया गया था। यह परीक्षण संयुक्तप रूप से सेना के साथ किया गया था। इसका उद्देश्ये विभिन्नी स्था नों और उन्नंत इमेजिंग प्रणाली पर झटकें, विस्फो ट का दवाब तथा तापमान मापने के उपकरण से लैस टैंक पर गोला-बारुद के प्रभाव को प्रदर्शित करना था। यह परीक्षण अद्वितीय था क्यों कि भारत में पहली बार इस तरह का मूल्यांकन किया गया और इससे अर्जुन टैंकों की मारक क्षमता बढ़ेगी।

व्लादिमीर पुतिन को इजरायल में वर्ष **2015** का 'पर्सन ऑफ द ईयर' नामित किया गया है।

राष्ट्रपति ने निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन के 88वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया

10 जनवरी

राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने झारखंड के रांची में निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन के तीन दिन तक चलने वाले **88**वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वह पिछले तीन दशकों से संगठन के साथ करीब से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बंगाली साहित्य, भाषा और संस्कृति की महान परंपराओं की उत्पत्ति 'चार्यापदा' काल की है। यह एक बंगाली संकलन है, जिसे विख्यात विद्वान हरि प्रसाद शास्त्री द्वारा **1907** में नेपाल में खोजा गया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि निखिल बंग साहित्य सम्मेलन को शुरुआत में प्रबासी बंग साहित्य सम्मेलन के रूप में जाना जाता था। इसकी शुरुआत **1922** में हुई थी।

अगले ही वर्ष, **1923** में हुए वाराणसी सत्र में इसे रवींद्र नाथ टैगोर का संरक्षण प्राप्त हुआ। अन्य दिग्गजों के साथ-साथ रवींद्र नाथ और काजी नजरूल इस्लाम द्वारा रचित गीत, संगीत ने राष्ट्र निर्माण में एक प्रमुख भूमिका निभाई।

राष्ट्रपति ने कहा कि बंगाली साहित्य का मूल तत्व मानव और उसकी सोच है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह बंगाली साहित्य ही था जिसने हमारी सामाजिक सोच और सामाजिक सुधारों को प्रभावित किया।

उन्होंने माइकल मधुसूदन दत्ता, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्र नाथ टैगोर और अन्य कवियों तथा लेखकों का नाम लिया, जिन्होंने हमारे मन को समृद्ध बनाने में काफी योगदान दिया है।

राष्ट्रपति ने सम्मेलन के सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे भारतीय साहित्य के संरक्षण और प्रोत्साहन की दिशा में सार्थक योगदान देना जारी रखें।

बिन्नी बंसल बने फ्लिपकार्ट के नए CEO

11 जनवरी

देश की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के मैनेजमेंट में बड़ा बदवाल हुआ है। कंपनी ने फ्लिपकार्ट के मौजूदा चीफ एक्जिक्युटिव आफिसर (सीईओ) सचिन बंसल अपने पद से हट गए है। उनकी जगह कंपनी के को-फाउंडर बिन्नी बंसल को नया सीईओ बनाया गया है।

फ्लिपकार्ट ने जारी बयान में कहा हालांकि सचिन बंसल एक्जिक्युटिव चेयरमैन बने रहेंगे और फ्लिपकार्ट के सीनियर लीडरशिप को सलाह देने के साथ-साथ नए इन्वेस्टमेंट संभावनाओं की तलाश करते रहेंगे।

जारी बयान में कहा गया कि बिन्नी अब सीईओ पद का कार्यभार संभालेंगे और कंपनी के ऑपरेशन और कंपनी की कुल परफॉर्मेंस के लिए जिम्मेदार होंगे।

कॉमर्स, ईकार्ट और मिंत्रा सभी बिजनेस सेगमेंट अब बिन्नी को रिपोर्ट करेंगे। इसके अतिरिक्त, ह्युमन रिसोर्स, फाइनेंस, लीगल, कॉरपोरेट कम्युनिकेश और कॉरपोरेट डेवलपमेंट आदि बिन्नी को रिपोर्ट करेंगे। इतना ही नहीं, बिन्नी अब फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक बिजनेस के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

कुल्लू का नाटी लोक नृत्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सम्मिलित

12 जनवरी

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के नाटी लोक नृत्य को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान दिया गया।

कुल्लू दशहरा महोत्सव के दौरान **26** अक्तूबर **2015** को प्राइड ऑफ कुल्लू के अंतर्गत बेटी बचाओ थीम पर एक साथ **9892** महिलाओं ने भाग लिया था।

इस आधार पर इस लोक नृत्य को सबसे बड़े लोक नृत्य के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह दी गई।

यहाँ बड़े लोक नृत्य का तात्पर्य नृत्य में सम्मिलित हुए लोगों से है।

ज्ञात हो बेटी बचाओ थीम पर ही अक्तूबर **2014** में भी दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया था।

इस दौरान **8760** महिलाओं ने इस लोक नृत्य में भाग लिया जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिल चुका है।

कुल्लू दशहरा सदियों पुराना त्योहार है और यह उत्सव देश के बाकी हिस्सों उत्सव समाप्त हो जाने के बाद विजया दशमी के दिन शुरू होता है।

रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में नई 'मेक इन इंडिया' वेबसाइट का शुभारंभ किया है।

1971 के भारत-पाक युद्ध के नायक जैकब नहीं रहे

13 जनवरी

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत और बांग्लादेश के सृजन में एक अहम भूमिका निभाने वाले लेफ्टिनेंट जे.एफ.आर. जैकब (सेवानिवृत्त) का निधन हो गया। जैकब 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। वह गोवा व पंजाब के राज्यपाल भी रहे।

केंद्र सरकार नई रक्षा खरीद नीति

13 जनवरी

रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रक्षा खरीद परिषद् की यहां शाम हुई बैठक में नई खरीद नीति को स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने कहा कि इस रक्षा खरीद नीति के पहले दो अध्यायों में व्यापक फेरबदल किया गया है और इसमें सरकार की महत्वाकांक्षी मेक इन इंडिया नीति पर जोर के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने, स्वदेशी डिजायन, क्षमताओं के विकास, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और लघु, मझोले तथा सूक्ष्म उद्योगों की रक्षा क्षेत्र में हिस्सेदारी बढ़ाने को खासा महत्व दिया गया है।

पर्रिकर ने कहा कि नई नीति में खरीद प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और सौदों को पूरा करने में होने वाली देरी को दूर करने के लिए कई उपाय किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि नई नीति में एक नई श्रेणी भारत में डिजायन और विकसित तथा विर्निमाण यानी आईडीडीएम को जोड़ा गया है।

इसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि सेनाओं के लिए विभिन्न खरीद में भारत में ही डिजायन और विकसित उत्पादों पर जोर दिया जायेगा और उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।

यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने कहा कि दागी कंपनियों से खरीद के बारे में अलग से दिशा निर्देश तैयार किए जा रहे हैं जिसमें कुछ समय लगेगा।

इसके अतिरिक्त कंपनियों के प्रतिनिधियों के तौर पर काम करने वाले एजेन्टों को भी कानूनी मान्यता देने की व्यवस्था की जाएगी हालांकि अभी इन दोनों मुद्दों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

नई नीति के अनुसार ऑफसेट व्यवस्था केवल 2000 करोड़ रुपए से अधिक के सौदों में ही लागू की जाएगी। किसी उत्पाद के लिए केवल एक कंपनी के प्रस्ताव को तर्कसंगत कारणों के आधार पर जांचा परखा जाएगा।

एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी के लिए स्थानिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए इसरो एवं नेक्टार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया

14 जनवरी

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी एवं प्रबंधन के लिए स्थानिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एवं प्रौद्योगिकी उपयोग एवं अनुसंधान के लिए पूर्वोत्तर केंद्र (नेक्टार) के अंतर्गत राष्ट्रीय दूर संवेदी केंद्र (एनआरएससी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

उपग्रह डाटा एवं भू स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग राजमार्ग एवं ढांचागत परियोजनाओं में इनपुट उपलब्ध कराने में उपयोग होगा जिससे कि निर्माण एवं सड़क परिसंपत्ति प्रणाली के तहत डीपीआर तैयार करने, नवीन सरेखण में पूर्व व्यवहार की स्थिति प्राप्त करने, सड़कों को उन्नत करने/चौड़ीकरण करने तथा सड़क क्षेत्रों की निगरानी में सहायता मिल सके।

मानव रहित हवाई वाहन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल एवं लाभ निगरानी, निर्माण प्रगति, सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन, व्यवहार्यता रिपोर्ट एवं डीपीआर की तैयारी, तत्काल आकलन एवं समस्याजनित स्थलों का समाधान आदि में उपयोगी होगा।

एनएचएआई कुछ प्रायोगिक परियोजनाओं की शुरुआत करेगा, जिसमें दोनों संगठन राजमार्ग एवं ढांचागत क्षेत्र में उपग्रह आंकड़ें एवं भू स्थानिक प्रौद्योगिकी तथा यूएवी प्रौद्योगिकी के वास्तविक उपयोग एवं लाभों की पहचान करने तथा अंतिम रूप देने का काम करेंगे।

अतुल सोबती ने भेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है।

प्रधानमंत्री ने 'टाईम्स नाऊ' अद्भुत भारतीय सम्मान 2016 प्रदान किए 15 मार्च

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'टाईम्स नाऊ' अद्भुत भारतीय सम्मान **2016** प्रदान किए। यह सम्मान विपरीत परिस्थितियों में महान उपलब्धि प्राप्त करने के लिए दिए गए।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर दुख जताया कि अधिकतर चर्चा सत्ता में रहने वालों या सत्ताधारी वर्ग के जीवन के आसपास घूमती रहती है। उन्होंने कहा कि जो लोग बड़ी से बड़ी बाधाओं और विपरीत परिस्थितियों में भी कड़ा संघर्ष कर आदर्श लक्ष्य प्राप्त करते या समाज सेवा करते हैं, उनको कम ही पहचान मिल पाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में सैकड़ों युवाओं को समाज का जिम्मेदार सदस्य बनाने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक के योगदान पर शायद ही ध्यान दिया जाता है, जबकि छोटे स्तर के राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मान दिया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व भर में महान उपलब्धि प्राप्त करने वाले वे लोग हैं जिन्होंने अपनी निजी बाधाओं और कठिनाइयों से पार पाकर समाज में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने रामायण और महाभारत के कई उदाहरण देते हुए कहा कि यह बात भारतीय इतिहास और पौराणिक कथाओं में नजर आती है। उन्होंने पंज प्यारे और क्षत्रपति शिवाजी की सेना के साहसी मराठा योद्धाओं को भी याद किया।

प्रधानमंत्री ने टाईम्स नाऊ को ऐसे अद्भुत भारतीयों की खोज कर सम्मा. नित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सम्मान पाने वालों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कार्यों से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

डॉ. नसीम जैदी ने 25 जनवरी 2016 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के एक अंग के रूप में मतदाता महोत्सव का उद्घाटन किया 15 मार्च

मुख्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. नसीम जैदी ने मतदाता महोत्सव **2016** का उद्घाटन करते हुए डॉ. जैदी ने कहा कि मतदाताओं द्वारा जनतांत्रिक और निर्वाचन प्रक्रियाओं में भाग लेना किसी भी जनतंत्र की सफलता का अभिन्न अंग और जनतांत्रिक चुनावों का संपूर्ण आधार है। उन्होंने माना कि यह उत्सव चुनाव में अधिक और गुणात्मक भागीदारी के लिए सहयोग प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास है। पांच राष्ट्रीय मतदाता उत्सवों के सफल

समापन पर मतदाता महोत्सव **2016** आयोजित और एसपीईईपी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का थीम 'समावेशी और गुणात्मक भागीदारी' तथा नारा 'कोई भी मतदाता पीछे नहीं रहना चाहिए' है।

निर्वाचन आयुक्त, श्री ओ.पी. रावत के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी राज्य, निर्वाचन आयोग के स्टालों और मालदीव, नेपाल, मोल्डोवा, बांग्लादेश, कजाकस्तान, फीजी और आस्ट्रेलिया सहित अंतर्राष्ट्रीय स्टालों पर निर्वाचन प्रबंधन के पहलुओं और अवयवों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उद्घाटन के दिन बड़ी संख्या में लोग, विशेष रूप से युवा मतदाता उत्सव में सम्मिलित हुए।

इस दौरान निर्वाचन प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी और देश के विभिन्न हिस्सों के इंटरेक्टिव मॉडल, प्रजेंटेशन और प्रदर्शनियों के जरिए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में भी बताया जाएगा। प्रत्येक राज्य को एक स्टाल प्रदान किया गया है जिसमें वे अपने अनोखे भौगोलिक, सांस्कृतिक और भाषाई भिन्नताओं को दर्शाएंगे और यह बताएंगे कि वे चुनौतियों का सामना कर कैसे एकदम सही तरीके से चुनाव का संचालन करते हैं। सारा दिन चलने वाली गतिविधियों में ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों के प्रयोग करना, मतदाता पंजीकरण के लिए ऑन लाईन कियोस्क, आडियो, विडियो, क्विज प्रतियोगिताओं, खेलों के जरिए चुनावी प्रक्रियाओं को समझाना सम्मिलित है। स्टालों में कई आकर्षक लाईव मॉडल्स भी लगाए गए हैं। प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक दल मतदाता जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

इनके अतिरिक्त सूचना और सुविधा केंद्र, नकली मतदान केंद्र और कई इंटरेक्टिव गतिविधियां होंगी। इस दौरान वाद-विवाद और परिचर्चा, संगीत और नृत्य, नुक्कड़ नाटक और खेल, क्विज और प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों का मकसद उत्सव की भावना बनाए रखना है। अन्य देशों के कुछ निर्वाचन प्रबंधन बोर्ड भी अपने निर्वाचन के बेहतर तरीके साझा करेंगे। यूएनडीपी के रेसिडेंट समन्वयक श्री यूरी अफानासिव और उनकी टीम, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फीजी, किरगिस्तान, मालदीव, नेपाल और माल्डोवा गणराज्य का निर्वाचन प्रबंधन निकाय तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी मतदाता महोत्सव में सम्मिलित हुए। यह महोत्सव **17** जनवरी **2016** को संपन्न होगा।

चीन ने सफलतापूर्वक डार्क मैटर पार्टिकल एक्सप्लोरर (डीएएमपीई) उपग्रह का प्रक्षेपण किया है।

राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) और माइक्रोसॉफ्ट में हुआ करार 16 दिसम्बर

राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) और माइक्रोसॉफ्ट मिलकर राजस्थान के **30,000** लघु एवं मझौले आकार के कारोबारों (एसएमबीज) को टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर उन्हें अपने कारोबार बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके लिए बीबी प्रोफेशनल्स का सहयोग लिया जाएगा। राजस्थान के एसएमबीज माइक्रोसॉफ्ट द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही नई तकनीक के माध्यम से अपने कारोबार को और भी आधुनिक स्वरूप दे सकेंगे।

इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट एसएमबीज को क्लाउड तकनीक से भी जोड़ेगा, जिससे वे अपनी सुविधा अनुसार सॉफ्टवेयर भी डिजाइन करा सकेंगे। इस अवसर पर फोर्टी के महासचिव विजय गोयल, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, बीबी प्रोफेशनल्स के एमडी असीम भसीन भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने लगभग 585 करोड़ की 148 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया 18 दिसम्बर

उप्र के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोरखपुर जनपद के बहुमुखी विकास हेतु लगभग **585** करोड़ रुपए की **148** परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। देश के सबसे लम्बे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का पूर्वांचल में बलिया तक विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने **379.70** करोड़ रुपए की **79** परियोजनाओं का शिलान्यास तथा **205.14** करोड़ रुपए की **69** परियोजनाओं का लोकार्पण किया। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न योजनाओं के तहत **10** हजार **151** लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र भी वितरित किये। गोरखपुर शहर की सड़कों के चौड़ीकरण तथा बिजली के तारों को भूमिगत किया जाएगा। गोरखपुर में एम्स की स्थापना के लिए **2.5** एकड़ जमीन खुटहन के पास दी जाएगी। इस सम्बन्ध में केन्द्र से अनुरोध किया गया है। शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्त किया जाएगा। शहर वासियों को पीने के लिए आरओ का पानी उपलब्ध करारा जाएगा।

यूपी में पॉलिथीन कैरी बैग पर लगी रोक 19 दिसम्बर

प्रदेश में प्लास्टिक के कैरी बैग के निर्माण, आयात, बेचने, रखने व ढुलाई करने पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार की ओर से अधिसूचना जारी होने के **30** दिनों के अंदर प्रतिबंध पूरी तरह से प्रभावी हो जाएगा। इसके बाद पॉलिथीन कैरी बैग बेचने व इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया। हाईकोर्ट ने **8** नवंबर **2015** को पॉलिथीन से बने कैरी बैग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि अधिसूचना **31** दिसंबर तक हर हाल में जारी कर दी जाए। राज्य सरकार ने अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर इस बारे में आपत्ति आमंत्रित करने का अवसर दिए बिना ही प्रदेश में प्लास्टिक के कैरी बैग के निर्माण, इस्तेमाल आदि पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय किया है। सामानों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले पॉलिथीन पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सीलबंद करने वाले सामानों में पॉलिथीन का इस्तेमाल पूर्व की तरह ही किया जाता रहेगा। पॉलिथीन कैरी बैग के इस्तेमाल पर रोकथाम के लिए अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्रवाई करेंगे।

दक्षिण एशिया फुटबॉल फेडरेशन कप (एसएएफएफ कप) का वर्ष **2015** का खिताब भारत ने जीता है।

बिहार राज्य में खुलेंगे पांच नए मेडिकल कॉलेज

19 दिसम्बर

राज्य में चिकित्सा को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवा को दुरूस्त करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इनमें से एक फैसला यह भी है कि सरकार ने राज्य में पांच नये मेडिकल कालेज खोलने जा रही है। यह सभी कॉलेज एमसीआइ के मानक के अनुरूप होंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इसकी मंजूरी दी है। सुशासन के एजेंडे और नीतीश निश्चय के सात सूत्र के तहत मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग और सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के कामकाज की भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव, श्रम मंत्री विजय प्रकाश और सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अशोक चौधरी उपस्थित हुए। पांच नये मेडिकल कालेजों में नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। सरकार राज्य के सभी अनुमंडलों में एएनएम स्कूल की स्थापना करेगी। सभी जिलों में जीएनएम स्कूल एवं पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट की स्थापना होगी।

अखिलेश ने 'डॉयल 100 भवन' का शिलान्यास किया

22 दिसम्बर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पुलिस इमरजेंसी प्रबंधन प्रणाली (पीईएमएस) के अंतर्गत लखनऊ में 'डायल **100**' परियोजना भवन का शिलान्यास किया। उप्र का डायल **100** अमेरिका के **911** की तर्ज पर होगा। इससे जनता को काफी मदद मिलेगी। इस परियोजना के तहत आपात स्थिति में प्रदेश के किसी भी स्थान से टेलीफोन करने पर पीड़ित को तत्काल पुलिस की मदद उपलब्ध कराई जाएगी। **2325.33** करोड़ रुपये की इस परियोजना में भविष्य में होने वाले किसी भी संशोधन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। पुलिस आधुनिकीकरण की इस सबसे बड़ी योजना से अपराध नियंत्रण में काफी सुधार होगा। लखनऊ में एक केंद्रीय मास्टर सह-समन्वयन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। आगरा और वाराणसी में उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे। ये सभी उपकेंद्र **24** घंटे काम करेंगे।

लखनऊ केंद्र की सेवाओं में बाधा आने या फिर क्षमता से अधिक टेलीफोन कॉल आने पर आगरा व वाराणसी के केंद्र स्वतः कार्य करने लगेंगे। परियोजना में प्रदेश के **75** जिलों में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कुल **4800** वाहन होंगे। इनमें **3200** चार पहिया वाहन एवं **1600** दोपहिया वाहन हैं। नियंत्रण कक्ष में कॉल आने पर शहरी क्षेत्रों में दोपहिया वाहन **10** मिनट में मौके पर पहुंचेगी। वहीं शहरी क्षेत्रों में चार पहिया वाहन का प्रतिक्रिया अवधि **15** मिनट तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लगभग **20** मिनट होगी।

पश्चिम बंगाल के तट पर ईल की नई प्रजाति जिमनोथोरेक्स मिश्रई खोजी गई

23 दिसम्बर

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के वैज्ञानिकों ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिला में स्थित दीघा के तट पर जिमनोथोरेक्स मिश्रई (**Gymnothorax mishrai**) नामित ईल (**Eel**) की नई प्रजाति की खोज की। ईल की नई प्रजाति की खोज डेविड जी स्मिथ और दीपांजन रे के साथ अनिल महापात्र द्वारा संयुक्त रूप से पत्रिका जूटाक्सा (**Zootaxa**) में प्रकाशित हुई।

यह प्रजाति **32.4** सेमी, लंबी भूरे रंग की है। यह एक समुद्री प्रजाति है और खाने योग्य भी है। यह जिमनोथोरेक्स समूह में वर्णित अन्य प्रजातियों से अलग है, मोरे मछली की इस प्रजाति की **134** कशेरुकी हड्डियां है। इस प्रजाति को विशेष रूप से **22** मीटर की गहराई से एकत्र किया गया। इन प्रजातियों का नमूना मछली लैंडिंग केंद्र, शकरपुर में एक मछली पकड़ने की नाव से एकत्र किया गया।

राष्ट्रपति ने आई-भीमवरम में टीटीडी वेदपाठशाला का उद्घाटन किया

26 दिसम्बर

भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने आंध्र प्रदेश के आई-भीमवरम में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की वेदपाठशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा, वेद हमारी विरासत और संस्कृति के स्रोत रहे हैं। उनसे ही हमारे मूल्यों की नींव पड़ी है। वेदों में निहित विचार न केवल किसी व्यक्ति विशेष, समाज और राष्ट्र के लिए हैं बल्कि वे विश्व बंधुत्व की भावना को प्रकट करते हैं। वेद हमें ज्ञान, बुद्धि और समझ प्रदान करते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि वेदपाठशालाएं वैदिक ज्ञान के लिए एक संस्थागत ढांचा उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने वेदों की मौखिक परंपरा को संरक्षित करने के उपायों की शुरुआत और वैदिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाने की खातिर अभिनव (इनोवेटिव) कार्यक्रम तैयार करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को बधाई दी।

राजनेता अर्द्धेंदु भूषण बर्धन का निधन हो गया।

पर्यटकों का पसंदीदा राज्य बना उत्तरप्रदेशः एसोचैम 26 दिसम्बर

भारत में वर्षान्त पर्यटन रुझान-2015 पर एसोचैम सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा 'इयर एंड टूरिज्म ट्रेंड्स इन इंडिया (2015) के ताजा अध्ययन के अनुसार उत्तर प्रदेश विश्व पर्यटन मानचित्र पर विदेशी सैलानियों का पसंदीदा राज्य बन गया है।

उत्तर प्रदेश विश्व धरोहरों की मौजूदगी के साथ-साथ सुरक्षा के लिहाज से बेहतर और किफायती होने से नये साल की छुट्टियां मनाने के लिए आने वाले सैलानियों की पसंदीदा जगह है।

अध्ययन के अनुसार देश की उत्तरी, मध्य तथा तटीय पट्टी में नये साल की छुट्टियां मनाने के लिए करीब 15 लाख घरेलू तथा विदेशी पर्यटकों की आमद की संभावना है।

अकेले उत्तर प्रदेश में ही करीब तीन लाख सैलानियों के पहुंचने की उम्मीद है।

यह आंकड़ा सम्भावित पर्यटक संख्या का लगभग 20 प्रतिशत है। इन पर्यटकों ने आगरा, फतेहपुर सीकरी, इलाहाबाद, अयोध्या, ब्रजमण्डल, सारनाथ, वाराणसी तथा अन्य पर्यटन स्थलों पर जाने की इच्छा जाहिर की है।

एसोचैम की रिपोर्ट में विमानन सेवाओं को बेहतर करने, पर्यटन स्थलों का विकास करने, तीर्थस्थलों के बेहतर प्रबंधन तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यटन को बढावा देने के लिए उठाये गये अन्य कदमों की वजह से उत्तर प्रदेश घरेलू तथा विदेशी पर्यटकों के लिए दिलचस्पी का केंद्र बना है।

आंध्र प्रदेश को 2019 राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली 27 दिसम्बर

2019 राष्ट्रीय खेलों का आयोजन आंध्र प्रदेश में किया जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ गुवाहाटी में आम सभा की अपनी वार्षिक बैठक में एसएएपी अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव पुरुषोत्तम और राज्य के अन्य खेल अधिकारियों के खेलों की मेजबानी करने के प्रस्ताव पर सहमत हो गये।

आंध्र प्रदेश ने 50 लाख रुपये की प्रतिभूति राशि जमा कराके 2019 राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की दावेदारी पेश की। आम सभा में खेल मंत्रालय से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेने के आईओए के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। आईओए ने साथ ही प्रत्येक एनएसएफ और राज्य ओलंपिक संघ को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये देने का भी फैसला किया। फिलहाल इन्हें दो लाख रुपये प्रतिवर्ष दिए जाते हैं। आईओए ने चेन्नई में पिछली एजीएम में एनएसएफ और राज्य ओलंपिक संघों को प्रतिवर्ष तीन लाख रुपये देने का फैसला किया था।

त्रिपुरा की बिजली परियोजना 13 वर्षो की कोशिश बाद शुरू 27 दिसम्बर

त्रिपुरा की गैस आधारित बिजली परियोजना 13 साल की मेहनत के बाद चालू हो गई है। इससे 101 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन (नीपको) के महाप्रबंधक (विद्युत) समर रंजन विश्वास ने कहा, "हमने आखिरकार मोहरचक कंबाइंड साइकिल पॉवर प्लांट से 101 मेगावाट बिजली पैदा करना शुरू कर दिया है। पहले हमने गैस टरबाइन (62 मेगावाट) चालू किया और उसके बाद वाष्प टरबाइन (39 मेगावाट) चालू किया।"

परियोजना त्रिपुरा से 70 किलोमीटर दक्षिण और बांग्लादेश की सीमा से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। परियोजना की आधारशिला मार्च 2002 में सुरेश प्रभु ने रखी थी। तब वह अटल बिहारी बाजपेयी की केंद्र सरकार में बिजली मंत्री थे। परियोजना को 2005 में पूरा किया जाना था। 2007 में केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने विविध कारणों से परियोजना को रोक दिया, लेकिन 2010 में त्रिपुरा सरकार के दबाव से इसे फिर से चालू किया गया।

परियोजना की स्थापित क्षमता 500 मेगावाट थी, लेकिन तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने परियोजना को गैस आवंटन करीब आधा घटा दिया, जिसके बाद 2003-04 में इसकी स्थापित क्षमता 280 मेगावाट कर दी गई। यह पूर्वोत्तर की तीसरी सबसे बड़ी गैस-आधारित परियोजना है। परियोजना की डिजाइन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी ने तैयार की है और टरबाइन की आपूर्ति भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने की है।

आंध्र प्रदेश सरकार ने प्रौद्योगिकी पहल हेतु माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए 29 दिसम्बर

आंध्र प्रदेश सरकार ने प्रौद्योगिकी पहल के तहत माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। हैदराबाद में एक समझौता ज्ञापन पर मुख्यमंत्री एन. चन्द्र बाबू नायडू और माइक्रोसॉफ्ट के सी.इ.ओ. सत्य नडेला के बीच एक बैठक के बाद हस्ताक्षर किये गये।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग में सुधार डिजिटल समावेशन ड्राइव और आईटी आधारित विकेन्द्रीकृत नागरिक सेवाएं प्रदान करना है। प्रौद्योगिकी पहल से स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के बारे में जानकारी, कृषि उत्पादकता में सुधार और बेहतर नागरिक सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी।

संजय सुब्रमण्यम को वर्ष 2015 के संगीत कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

भेल ने उत्तर प्रदेश में 660 मेगावाट की प्रयागराज सुपर तापीय बिजली परियोजना प्रारंभ की

30 दिसम्बर

सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने उत्तर प्रदेश के बारा में **660** मेगावाट क्षमता की प्रयागराज सुपर तापीय बिजली परियोजना की एक इकाई का शुभारंभ किया। बिजली उपकरण बनाने वाली भेल के अनुसार, उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले के बारा में प्रयागराज सुपर तापीय बिजली परियोजना के तहत **660** मेगावाट की इकाई लगाई गई है। इस परियोजना के तहत **660** मेगावाट क्षमता की तीन इकाई लगाई जानी है। भेल के अनुसार राज्य में यह पहली सुपरक्रिटिकल तापीय इकाई है। यह परियोजना जयप्रकाश पावर वेंचर्स लि. की अनुषंगी कंपनी प्रयागराज पावर जनरेशन लिमिटेड की है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने जावेद अहमद को नया डीजीपी नियुक्त किया

01 जनवरी

उत्तर प्रदेश सरकार ने जावेद अहमद को नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। जावेद **1984** बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। जावेद अहमद वर्तमान में रेलवे में डीजी के पद पर तैनात थे। इनकी सेवानिवृत्ति **2020** में होनी है। जावीद अहमद अपनी साफ-सुथरी छवि के लिए जाने जाते रहे हैं। मूलतः पटना के रहने वाले जावेद बीते वर्ष **30** जून को महानिदेशक पद पर प्रोन्नत हुए थे। इतिहास में परास्नातक जावेद अहमद लंबे समय तक सीबीआई में भी तैनात रहे। अखिलेश सरकार के साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में वह आठवें पुलिस प्रमुख बने हैं।

हरियाणा सरकार ने अशोक खेमका को प्रधान सचिव नियुक्त किया

02 जनवरी

हरियाणा सरकार ने चर्चित आईएएस अधिकारी डॉ अशोक खेमका को पदोन्नत करके सचिव से प्रधान सचिव पद पर नियुक्त किया। उनके अतिरिक्त सात अन्य आईएएस अधिकारियों को भी पदोन्नति दी गयी है। अशोक खेमका वर्ष **1991** बैच के आईएएस अधिकारी हैं। खेमका के साथ विनीत गर्ग, अनिल मलिक, श्रीकांत वालगद, जी. अनुपमा, एके सिंह और अभिलक्ष्य लिखी को भी पदोन्नति मिली है और उन्हें भी सचिव से प्रधान सचिव बनाया गया है। अशोक खेमका को अपने करियर में सबसे अधिक तबादलों का सामना करना पड़ा है। **50** वर्षीय आईएएस अधिकारी का **23** वर्ष में **46** बार तबादला किया जा चुका है। कोलकाता के रहने वाले खेमका ने वर्ष **1988** में आईआईटी खडगपुर से कंप्यूटर साइंस में टॉप किया था।

केंद्र सरकार ने रांची में खेल विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की

04 जनवरी

केंद्र सरकार ने झारखंड की राजधानी रांची में खेल विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की। केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कोयला व ऊर्जा राज्यमंत्री पीयूष गोयल ने रांची में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल विश्वविद्यालय खोले जाने की घोषणा की। उपरोक्त घोषणा के तहत रांची में वर्ष **2017** तक सौ करोड़ रुपये से एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल विवि का निर्माण होगा। इसके साथ ही साथ **15** खेल अकादमी की भी स्थापना की जाएगी। इसमें **14** सौ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

इनमें सात सौ झारखंड के खिलाड़ी होंगे और सात सौ देश भर से होंगे। इन सात सौ खिलाड़ी सह छात्रों में से **350** का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी और **350** का खर्च सीसीएल उठाएगी। इसके साथ ही एक हजार रुपये प्रतिमाह छात्रों को मानदेय भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने झारखण्ड के भूमि बैंक पोर्टल का उद्घाटन किया

04 जनवरी

झारखण्ड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने **jharbhoom.nic.in** नामक राज्य के भूमि बैंक पोर्टल का शुभारम्भ किया। यह पोर्टल निवेशकों को भूमि संबंधित जानकारी प्रदान करने में मददगार साबित होगा। इस पोर्टल के माध्यम से निवेशक राज्य के जिलों में उपलब्ध जमीन के सन्दर्भ में जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था को और सुगम बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है और इन अधिकारीयों के मोबाईल नम्बर और ईमेल आईडी इस पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निवेशकों के लिए भूमि को विभिन्न श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उपलब्ध जमीन की जानकारी देने के लिए डिजिटल मैप से संबंधित कार्रवाई को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए और कोल ब्लॉक आवंटित उद्योगों को लैंड बैंक से जमीन उपलब्ध कराने व फूड प्रोसेसिंग पार्क के लिए भी जल्द से जल्द जमीन चिह्नित करने को कहा गया है।

प्रीमियर बैडमिण्टन लीग (पीबीएल) के दूसरे संस्करण में छह टीमें भाग ले रही हैं।

हैदराबाद में क्रियाशील समुद्री विज्ञान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र की आधारशिला रखी गई

06 जनवरी

केंद्र सरकार द्वारा हैदराबाद (आईएनसीओआईएस) में क्रियाशील समुद्री विज्ञान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र की आधारशिला रखी गई. केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री वाई एस चौधरी ने इसकी आधारशिला रखी। अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र का मुख्य उद्देश्य क्रियाशील समुद्री विज्ञान को प्रोत्साहित करना तथा विज्ञान के लाभ को साधारण जन तक पहुंचाना है। इसके लाभ मछुआरों को सलाह देने, समुद्री स्थिति का पूर्वानुमान व्यक्त करने, सुनामी तथा तूफान संबंधी प्रारम्भिक चेतावनी देने में काम आते हैं। भारत सरकार ने इसके लिए 5 वर्षों में 100 करोड़ से अधिक रुपये दिये।

क्रियाशील समुद्री विज्ञान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 22 देशों के 360 शोधकर्ताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों, केन्द्र सरकार के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए 6 अंतर्राष्ट्रीय और 7 राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये गए हैं।

जल्लीकट्टू से केंद्र सरकार ने प्रतिबंध हटाया

08 जनवरी

केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में पोंगल के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले परंपरागत खेल जल्लीकट्टू से प्रतिबन्ध हटा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2014 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। पर्यावरण मंत्रालय ने जानवरों पर आधारित खेल और उनकी पौराणिक मान्यता को देखते हुए नई अधिसूचना जारी की। इसके तहत सभी तरह के जानवरों जैसे भालू, शेर, बाघ, तेंदुआ, बंदर आदि के दिखाने वाले खेल पर प्रतिबंध रहेगा लेकिन सांड को इससे बाहर कर दिया गया है। इसके अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, केरल और गुजरात में होने वाली परंपरागत बैलगाड़ी दौड़ पर भी लगी रोक हट गई है।

मप्र और सिंगापुर के बीच 4 करार

15 जनवरी

मध्य प्रदेश और सिंगापुर के बीच चार करारनामों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। राज्य के जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि परस्पर सहयोग देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है। इसमें शहरी नियोजन, कौशल विकास, क्लीन एनर्जी एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र सम्मिलित है।

बताया गया है कि मध्यप्रदेश के नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय तथा सिंगापुर कार्पोरेशन इंटरप्राइज के बीच एमओयू हुआ।

प्रदेश के तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग तथा सिंगापुर की आईटीई एजुकेशन सर्विसेज के बीच नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सिंगापुर के सेम्बकार्प ग्रीन इन्फ्रा लिमिटेड के बीच भी करार हुआ।

इसमें प्रदेश के पश्चिमी भाग में 1000 मेगावट का पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त एलटी फूड्स लिमिटेड, इंडिया और डीएसएम न्यूट्रीशन प्रोडक्ट्स, सिंगापुर के बीच भी एमओयू हुआ।

इस एमओयू के अंतर्गत शहरी नियोजन, क्षमता निर्माण, कौशल प्रशिक्षण और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी कार्य किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विकल्पों और प्रस्तावों का अध्ययन कर उन पर विचार किया जाएगा और प्रस्ता. वित उपक्रमों के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि मप्र में विकास का रोडमैप बनाकर कार्य किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम आए। प्रदेश बीमा: राज्य की छवि से बाहर आया।

प्रदेश अब देश में सबसे तेजी से प्रगति करने वाला प्रदेश बन गया है। उन्होंने प्रदेश में उपलब्ध संसाधन, निवेश की अपार संभावनाएं और प्रदेश की अन्य खूबियां भी बताईं।

इस अवसर पर प्रदेश की उद्योग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया एवं अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान 15 जनवरी को स्वदेश के लिए रवाना होंगे।

जागृति पंड्या गुजरात की बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष नियुक्त

15 जनवरी

जागृति पंड्या को मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने बाल अधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

सामाजिक न्याय और अधिका. रिता विभाग के अंतर्गत गुजरात स्टेट कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट एक्ट 2005 के अंतर्गत जागृति पंड्या को बाल अधिकार आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

एचएएल की नई हैलीकॉप्टर निर्माण इकाई की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टुमकुरु, कर्नाटक में रखी।

आतंकवाद के विरुद्ध सऊदी अरब ने की 34 देशों के गठबंधन की घोषणा

16 दिसम्बर

सऊदी अरब की सरकार ने आतंकवाद से लड़ने के लिए एक सैन्य गठबंधन के गठन की घोषणा की है। इस गठबंधन में शामिल होने वाले 34 देशों में मुख्य रूप से मुस्लिम देश शामिल हैं। इस गठबंधन का संचालन-केंद्र सऊदी अरब की राजधानी रियाद में स्थापित किया जाएगा। इस गठबंधन में एशिया, अफ्रीका और अरब देश शमिल हैं परन्तु सऊदी अरब का मुख्य प्रतिद्वंदी इरान इस गठबंधन में शामिल नहीं है। यह कदम सऊदी अरब द्वारा ऐसे समय में उठाया गया है जब वैश्विक समुदाय द्वारा खाड़ी देशों से आतंकवाद के विरूद्ध एकत्र होकर लड़ने का दबाव बना रहा है।

यह गठबंधन इराक, सीरिया, लीबिया, मिस्र और अफगानिस्तान में सक्रीय आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्य करेगा। इस गठबंधन में पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देश शमिल होंगे। पश्चिमी अफ्रीकी देश बेनिन जो की एक गैर मुस्लिम बाहुल्य देश है, भी इस गठबन्धन का हिस्सा है। गठबंधन के 34 सदस्यों की सूची इस प्रकार है - सऊदी अरब, बहरीन, बांग्लादेश, बेनिन, चाड, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, गैबॉन, गिनी, आइवरी कोस्ट, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मलेशिया, मालदीव, माली, मोरक्को, मॉरिटानिया, नाइजर, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीस्तीन, कतर, सेनेगल, सियरा लियोन, सोमालिया, सूडान, टोगो, ट्यूनीशिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और यमन। इसके अतिरिक्त इंडोनेशिया ने भी इस गठबंधन का सदस्य बनने की इच्छा प्रकट की है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की

17 दिसम्बर

अमेरिका की केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के निदेशक मंडल की अध्यक्ष जेनेट येलेन ने इसकी घोषणा की। फेडरल रिजर्व द्वारा करीब सात सालों की रिकॉर्ड गिरावट के बाद पहली बार ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की गई। उपरोक्त फैसले के तहत फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 0.5 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले करीब सात साल तक यह दर शून्य के करीब थी जिसकी शुरुआत वर्ष 2008 के वित्तीय संकट के समय हुई थी। दर में किए गये इस बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं और व्यापारिक संस्थाओं को कुछ कर्ज पर थोड़ी ज्यादा दरें चुकानी पड़ सकती हैं।

बिजनेस के लिहाज से 144 देशों की सूची में भारत 97वें स्थान पर: फोर्ब्स

18 दिसम्बर

कारोबार के लिहाज से फोर्ब्स की 144 देशों की सूची में भारत 97वें स्थान पर है। वर्ष 2015 की इस सूची में भारत को कजाकिस्तान और घाना से भी नीचे रखा पीछे है। व्यापार और मौद्रिक आजादी तथा भ्रष्टाचार एवं हिंसा जैसी चुनौतियों से निपटने जैसे मानकों के मामले में भारत का प्रदर्शन खराब रहा है। फोर्ब्स की इस सूची में डेनमार्क पहले पायदान पर है। अमेरिका चार स्थान लुढ़ककर इस बार 22वें स्थान पर है। 2009 में दूसरे स्थान पर रहने के बाद यह लगातार छठा साल है जब उसका स्थान नीचे आ रहा है। अमेरिका दुनिया की वित्तीय राजधानी है और 17,400 अरब डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन मौद्रिक आजादी और नौकरशाही के मामले में उसका प्रदर्शन खराब रहा है। फोर्ब्स के अनुसार सूची में भारत 97वें स्थान पर है। हालांकि देश खुली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है लेकिन पुरानी आत्मनिर्भर नीतियों का अंश अभी बरकरार है।

भारत के प्रति निवेशकों की धारणा 2014 की शुरुआत से सुधरी है। इसका कारण चालू खाते के घाटे में कमी तथा चुनाव बाद आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ने की उम्मीद है। इससे पूंजी प्रवाह बढ़ा तथा रुपया स्थिर हुआ। कुछ मामलों में देश का प्रदर्शन अच्छा है। निवेशकों की सुरक्षा के मामले में आठवें, नवप्रवर्तन के मामले में 41वें, व्यक्तिगत आजादी के मामले में 57वें तथा संपत्ति अधिकार के संदर्भ में 61वें स्थान पर है। वहीं दूसरी तरफ व्यापार आजादी के मामले में 125वें तथा मौद्रिक आजादी के मामले में 139वें स्थान पर हैं। प्रौद्योगिकी के मामले में 120वें, भ्रष्टाचार के मामले में 77वें तथा लाल फीताशाही के मामले में 123वें स्थान पर है।

पीएनबी एटीएम असिस्ट मोबाइल एप्लिकेशन ग्राहक को पीएनबी एटीएम का पता लगाने में सक्षम करेगा।

संरा सुरक्षा परिषद ने आईएसआईएस, अलकायदा का वित्तपोषण रोकने के लिए प्रस्ताव पारित किया

18 दिसम्बर

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आईएसआईएस और अलकायदा के वित्तपोषण के सभी स्रोतों को नष्ट करने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया और सदस्य राष्ट्रों के वित्त मंत्रियों ने आतंकवादी समूहों के खिलाफ प्रतिबंध कठोर करने का संकल्प जताया है। वित्त मंत्रियों की अब तक की पहली बैठक में पारित प्रस्ताव में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को विस्तृत करने, परमार्थ कारणों के दुरूपयोग को रोकने के लिए वित्तीय प्रणाली में कमियों को दूर करने और आईएसआईएस तथा अलकायदा प्रतिबंध सूची को अद्यतन किए जाने की अपील की। अमेरिका के वित्त मंत्री जैक ल्यू ने इस सत्र की अध्यक्षता की। परिषद ने इस बात पर जोर दिया कि पहले से मौजूद प्रस्तावों के तहत देशों से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उनके क्षेत्र में कोई व्यक्ति आतंकवादियों को वित्तीय संपत्तियां हस्तांतरित न करें। यही आदेश ''आईएसआईएस और अलकायदा प्रतिबंध सूची में शामिल व्यक्तियों, समूहों, उपक्रमों या सस्थाओं को फिरौती के भुगतान पर भी लागू होगा, फिर भले ही यह फिरौती किसी भी तरह या किसी ने भी दी हो।" प्रस्ताव में संदिग्ध लेन देन की पहचान के लिए निजी क्षेत्र के साथ निकट गठजोड़ और सूचना साझा करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढाए जाने की अपील की गई है।

स्पेन की मिरिया बनीं मिस वर्ल्ड

21 दिसम्बर

स्पेन की मिरिया लालागुना रोयो ने मिस वर्ल्ड कॉन्टेस्ट 2015 का ताज अपने नाम कर लिया। रूस की सोफिया निकितचुक दूसरे और इंडोनेशिया की मारिया हरफंती तीसरे नंबर पर रहीं। वहीं, भारत की अदिति आर्या टॉप 20 में भी जगह नहीं बना पाईं। पिछले साल मिल वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली साउथ अफ्रीका की रोलेने स्ट्राउस ने रोयो को मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया। मिरिया ने बार्सिलोना से फार्माकोलॉजी में डिग्री ली है। अब वह न्यूट्रिशियन में मास्टर डिग्री लेने जा रही हैं।

मिस वर्ल्ड कॉन्टेस्ट एक कंटेस्टेंन्ट को एंट्री देने से रोकने को लेकर काफी कॉन्ट्रोवर्सी में भी रहा। ब्यूटी कॉन्टेस्ट में शामिल होने जा रही मिस वर्ल्ड कनाडा एनातासिया लिन को चीन ने एंट्री देने से मना कर दिया था।

शाइमा कासिम ने जीता मिस इराक का ताज

21 दिसम्बर

40 साल बाद आयोजित ब्यूटी कॉन्टेस्ट में किरकुक की रहने वाली 20 साल की शाइमा कासिम अब्दुलरहमान ने मिस ईराक के ताज का खिताब अपने नाम किया। इराक में आखिरी बार 1972 में सौंदर्य प्रतियोगता आयोजित की गई थी। कट्टरपंथियों की ओर से गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी मिलने के बाद भी 150 से अधिक महिलाओं ने इस प्रतियोगिता के लिए आवेदन किया है। हालांकि, 15 प्रतिभागियों ने कट्टरपंथियों के डर से अपने नाम वापस ले लिए हैं। इराक में कई साल से हिंसक घटनाएं हो रही हैं। यहां कबिलाई नेता और कट्टरपंथी संगठन ब्यूटी कॉन्टेस्ट को इस्लाम के खिलाफ बताते रहे हैं। वहीं, इराक में एक तबका ऐसा भी है, जो इस तरह के आयोजनों को कराने के पक्ष में है। इस प्रतियोगिता का लक्ष्य दुनिया को ये संदेश देना था कि इराक सिर्फ मजहबी उन्माद का देश नहीं है बल्कि हम इंसानियत और महिलाओं के सम्मान के बारे में भी सोचते हैं।

मिस्र को विश्व बैंक से एक अरब डॉलर ऋण मंजूर

26 दिसम्बर

The World Bank

अरब देश मिस्र और विश्व बैंक ने एक अरब डॉलर के एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह बैंक द्वारा मिस्र को दिए जाने वाले कुल तीन अरब ऋण की पहली खेप है। समझौते पर मिस्र के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री सहर नासर और विश्व बैंक के मिस्र, यमन और जिबूती मामलों के क्षेत्रीय निदेशक असद आलम ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मिस्र के प्रधानमंत्री शरीफ इस्लाम भी मौजूद थे। बैंक ने मिस्र के लिए कुल आठ अरब डॉलर ऋण को मंजूरी दी है, जिसमें आम बजट में सहयोग के लिए यह तीन अरब डॉलर ऋण भी शामिल है। मिस्र को 2014-15 में 11 प्रतिशत से अधिक बजटीय घाटे का सामना करना पड़ा है, जिसे वह इस साल दो प्रतिशत कम करना चाहता है। गत चार साल से जारी राजनीतिक अस्थिरता के कारण मिस्र आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इसके अलावा अक्टूबर में उत्तरी सिनाई प्रांत में एक रूसी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मिस्र का सबसे कमाऊ पर्यटन उद्योग भी संकट में घिर गया है।

राकेश कुमार सिंह भदोरिया ने भारतीय वायु सेना के उपप्रमुख का कार्यभार सम्भाला है।

संयुक्त राष्ट्र के बजट में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनेगा चीन

27 दिसम्बर

चीन संयुक्त राष्ट्र के आगामी बजट में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनेगा क्योंकि इस अंतरराष्ट्रीय संस्था के कुल सदस्यता बकाये में उसका आकलित योगदान 7.9: होगा। इसके अनुसार 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यता बकाये में चीन का योगदान तीसरा सबसे बड़ा आंका गया है। इस लिहाज से वह अमेरिका और जापान के बाद आता है।

संयुक्त राष्ट्र ने 2016-18 के लिए सदस्य देशों के अंशदान के बारे में बुधवार को एक प्रस्ताव के जरिए फैसला किया। इसके तहत अमेरिका को सबसे अधिक 22: जबकि जापान को 9.7: और चीन को 7.9: अंशदान आवंटित किया गया है। इस आशय के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र आम सभा की 5वीं समिति ने अंगीकार किया जो कि बजटीय मामलों के लिए जवाबदेह है। इसे आमसभा के पूर्ण सत्र में आधिकारिक रूप से मंजूरी दी जाएगी।

एआईआईबी आधिकारिक रूप से लांच

27 दिसम्बर



चीन की पहल वाला एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) आधिकारिक रूप से बीजिंग में लांच हो गया।

इसके वर्ष 2016 की शुरुआत से काम शुरू करने की उम्मीद है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा अगस्त 2013 में पेश किए गए प्रस्ताव के 26 महीने बाद और इस साल जून में करार की शर्तो (एओए) पर 57 संस्थापक देशों के हस्ताक्षर के छह माह बाद इसे लांच किया गया। यह विकासशील देशों का पहला बहुपक्षीय ऋणदाता है, जिसमें जिसमें विकासशील देशों का बहुमत है।

बैंक के बोर्ड निदेशकों और कार्यकारी परिषद की बैठक के बाद एआईआईबी कामकाज शुरू कर देगा। यह बैठक बीजिंग में 16 से 18 जनवरी के बीच होगी। बैठक में एआईआईबी के अध्यक्ष को आधिकारिक रूप से नियुक्त किया जाएगा और बैंक का प्रबंधन दल भी पदभार संभाल लेगा।

बैंक के अध्यक्ष जिन लिकन ने कहा कि बैंक नए सदस्यों की भर्तियां करेगा। पुनर्निर्माण एवं विकास अंतर्राष्ट्रीय बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सदस्य भी एआईआईबी में आवेदन दे सकते हैं। जिन ने कहा कि बैंक नई सदस्यता के लिए हमेशा खुला रहेगा।

एआईआईबी की शुरुआती पूंजी 100 अरब डॉलर है। यह शुरुआत में ऊर्जा, बिजली सृजन, परिवहन, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, पर्यावरणीय सुरक्षा एवं रसद में निवेश को प्राथमिकता देगा।

बैंक द्वारा 2016 के मध्य में परियोजनओं के पहले समूह को ऋण देने की उम्मीद है।

चीन में आतंकवाद रोधी प्रथम कानून पारित

29 दिसम्बर

चीन की शीर्ष विधायिका ने देश के प्रथम आतंकवाद रोधी कानून को मंजूरी दे दी। देश में आतंकवाद से निपटने और वैश्विक सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति के साप्ताहिक द्वैमासिक सत्र के अंत में नीति निर्माताओं ने इस विधेयक को मंजूरी दी।

यह कानून बहुत ही संवेदनशील समय पर पारित हुआ है। पेरिस में आतंकवादी हमले, मिस्र में रूस के यात्री विमान पर हमला, इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा बंधकों की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं विश्व में बढ़ रहे आतंकवाद से आगाह कर रही हैं। इस कानून से पहले चीन में आतंकवाद रोधी कोई विशेषीकृत कानून नहीं था।

क्रोएशिया की नई संसद के अध्यक्ष बने जेलज्को रेनर

29 दिसम्बर

क्रोएशिया की नई संसद ने जेलज्को रेनर को नए अध्यक्ष के रूप में चुना। वह क्रोएशिया डेमोक्रेटिक यूनियन (एचडीजेड) पार्टी के सदस्य हैं। देश में आठ नवंबर को हुए चनाव के बाद संसद के पहले सत्र में कुल 88 सांसदों ने रेनर का समर्थन किया। वह इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। मतदान के दौरान 62 सांसद सदन से नदारद रहे। वहीं एक सांसद ने रेनर के खिलाफ मतदान किया।

रेनर ने मतदान के बाद अपना पहला भाषण दिया, जिसमें उन्होंने देश की एकता और क्रोएशिया को एकजुट रखने का आह्वान किया। रेनर 1995 से 1998 तक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य भी रह चुके हैं। वह 1998 से 2000 तक देश के स्वास्थ्य मंत्री भी रहे हैं। वह पिछली संसद में उप-सभापति भी रह चुके हैं।

इंडियन साइंस कांग्रेस के 103वें संस्करण का आयोजन स्थल मैसूर है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीकी देश गिनी को इबोला मुक्त घोषित किया — 30 दिसम्बर

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीकी देश गिनी को दिसंबर **2015** में इबोला मुक्त घोषित किया। डब्ल्यूएचओ के नियम के अनुसार, किसी देश में खास बीमारी के अंतिम पुष्टि मामले की दूसरी जांच में बीमारी का कोई चिन्ह न पाए जाने के बाद (क्रमशः दो बार) **21** दिन की अवधि पूरी होने के बाद उस देश को बीमारी से मुक्त घोषित कर दिया जाता है।

दो साल पहले पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र में घातक इबोला विषाणु की महामारी फैलने से **11000** से अधिक लोगों की जान चली गई थी। गिनी में गुएकडोउ ऐसा शहर था, जहां इस विषाणु का भारी प्रकोप था और गिनी इस विषाणु की श्रृंखला तोड़ने वाला अंतिम अफ्रीकी देश है। इस बीमारी ने लाइबेरिया, सियरालियोन और गिनी में **11,300** जिंदगियां लील लीं। अफ्रीका के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्रीय निदेशक डॉ मातशिडिसो मोइती ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि तीन देशों- गिनी, लाइबेरिया और सियरालियोन ने संक्रमण फैलने की मूल श्रृंखला को रोका है, जो दो साल पहले इस विनाशकारी महामारी के फैलने के लिए जिम्मेदार था।

अमेरिका आसियान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा — 31 दिसम्बर

अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा कैलिफोर्निया में **15** फरवरी से **16** फरवरी के बीच दक्षिणपूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) सम्मेलन में साझेदार देशों के साथ वार्ता करेंगे। सम्मेलन कैलिफोर्निया में रैंचो मिराज के सनीलैंड्स में होगा, जिसकी मेजबानी पहली बार अमेरिका कर रहा है।

इस सम्मेलन से अमेरिका-आसियान की राजनीति, सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों पर आधारित रणनीतिक साझेदारी के तहत मजबूती मिलेगी। आसियान में ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

ब्रिक्स देशों के बीच ब्रिक्स संघ विश्वविद्यालय के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर — 02 जनवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने ब्रिक्स संघ विश्वविद्यालय पर ब्रिक्स देशों के बीच समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर को पूर्वव्यापी अनुमति प्रदान की। इस समझौता पत्र से ब्रिक्स देशों के मध्य वैज्ञानिक अनुसंधान, उच्च शिक्षा, विश्लेषण एवं सर्वश्रेष्ठ तौर तरीकों के क्रियान्वयन, संयुक्त शोध एवं छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों की अंतरणीयता पर सक्रिय साझेदारी होगी। रूस के मास्को में नवंबर **2015** के दौरान ब्रिक्स देशों के शिक्षा मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की तीसरी बैठक में ब्रिक्स संघ विश्वविद्यालय संबंधी मामले पर सहमति बनी थी।

जापान और दक्षिण कोरिया के बीच 'कम्फर्ट वीमेन' विवाद समाप्त हुआ — 02 जनवरी

जापान और दक्षिण कोरिया के बीच द्वितीय विश्व युद्ध के समय से चल रहा 'कम्फर्ट वीमेन' विवाद समाप्त हो गया। द्वितीय विश्व युद्ध के समय जापानी सैनिकों द्वारा दो लाख से अधिक महिलाओं को सेक्स स्लेव बना कर रखा गया था, जिस पर जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने माफी मांगी। उस दौर की अभी भी **46** महिलाएं कोरिया में जीवित हैं। उनके लिए जापान ने एक अरब येन (करीब **55** करोड़ रुपए) की मदद की पेशकश की है। जापान ने **1910-45** तक कोरिया को अपना उपनिवेश बनाकर रखा था।

कम्फर्ट वीमेन विवाद

जापानी सैनिकों ने जिन महिलाओं को सेक्स स्लेव बनाया था, उनमें अधिकतर कोरियाई थीं। बाकी महिलाएं चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया और ताइवान की थीं। इस दौरान यह भी दावा किया गया कि युद्ध के समय के मानवाधिकारों के मुद्दे को पृथक रूप से सुलझाया जाना चाहिए। अब तक दक्षिण कोरिया की **238** पीड़ित महिलाएं इस मुद्दे के तहत पंजीकरण करा चुकी हैं। "कम्फर्ट वीमेन" शब्द जापानी शब्द "इयानफु" का अनुवाद है जिसका संज्ञात्मक अर्थ वेश्या है। इस मुद्दे को लेकर दक्षिण कोरिया और जापान के बीच तनाव था, जो अब समाप्त हो गया है।

तेलंगाना इलेक्ट्रॉनिक मोटर बीमा पॉलिसियों को स्वीकार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 5 नए देशों को अस्थायी सदस्यता 03 जनवरी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच नए देशों को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यता दी गई। पांचों नए सदस्य देशों मिस्र, जापान, सेनेगल, यूक्रेन और उरुग्वे ने सुरक्षा परिषद की बेहद अहम बैठक में हिस्सा लिया और अपना कार्यकाल प्रारंभ कर दिया। 15 सदस्य देशों वाली सुरक्षा परिषद की यह बैठक मध्यपूर्व में चल रही समस्या, अफ्रीका में चल रहे आंतरिक संघर्ष और दुनिया भर में फैले आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे बेहद अहम मुद्दों पर हुई।

पांचों नए अस्थायी सदस्य देशों का सुरक्षा परिषद में कार्यकाल एक जनवरी से शुरू हो गया और उन्हें पूर्व अस्थायी सदस्य देशों, चाड, चिली, जॉर्डन, लिथुआनिया और नाइजीरिया की जगह शामिल किया गया। पूर्व सदस्य देशों का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हुआ। नए अस्थायी सदस्य देशों के लिए हुए चुनाव में पांचों नए सदस्यों को निर्विरोध चुना गया। सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए हर वर्ष चुनाव कराए जाते हैं तथा अस्थायी सदस्यता हासिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के कुल 193 सदस्यों के बीच दो तिहाई बहुमत हासिल करना होता है। सुरक्षा परिषद में हर साल पांच सदस्यों का चयन किया जाता है।

इजरायल के पर्सन ऑफ द ईयर बने पुतिन 03 जनवरी

'जेरूसलम 29' द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, इस सर्वेक्षण मे शामिल 29 प्रतिशत प्रतिभागियों ने पुतिन को पर्सन ऑफ द ईयर चुना है, जबकि जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल दूसरे स्थान पर रही हैं। सर्वेक्षण के नतीजों से पता चलता है कि पुतिन 2015 में ईज़रायल के लोगों पर अपनी छाप छोडने में कामयाब रहे हैं। लोकप्रिय पत्रिका 'टाइम' द्वारा मर्केल को 2015 का पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया था।

मर्केल को इस सर्वेक्षण में 16 प्रतिशत मत मिले हैं, जबकि ईज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 15 प्रतिशत मतों के साथ तीसरे स्थान पर है। पुतिन को नवंबर में 'फोर्ब्स' पत्रिका द्वारा लगातार तीसरे साल विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली शख्सियत भी चुना गया था।

सऊदी अरब ने ईरान के साथ राजनयिक संबंध समाप्त करने की घोषणा की 04 जनवरी

एक शिया धर्मगुरु को सऊदी अरब की ओर से मृत्युदंड दिए जाने के विरोध में प्रदर्शनकारियों द्वारा तेहरान स्थित उसके दूतावास पर हमला करने के बाद सऊदी अरब ने ईरान के साथ अपने राजनयिक संबंध समाप्त करने की घोषणा की है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री अबेल अल जुबरी ने यह जानकारी दी। लोगों की एक भीड़ ने सऊदी अबर के शेख निम्र अल निम्र को मृत्युदंड के विरोध के बीच तेहरान में सऊदी दूतावास और मशहाद में वाणिज्य दूतावास पर हमला किया।

56 वर्षीय अल निम्र वर्ष 2011 में सऊदी अरब में सरकार विरोधी आंदोलनों के प्रमुख नेता रहे । वह उन 47 लोगों में शामिल थे जिन्हें गत सऊदी अरब में मृत्युदंड दिया गया। जिन अन्य लोगों को फांसी दी गई वे शिया और सुन्नी कार्यकर्ता थे जिनके बारे में सउदी गृह मंत्रालय का कहना है कि वे अल कायदा के हमलों में शामिल थे। इनमें से कुछ से सिर कलम कर दिए गए और अन्य को गोली मारी गई। ईरान ने दूतावास पर हमले के मामले में 44 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस्लामाबाद और बेलारूस की राजधानी मिंस्क सिस्टर सिटी घोषित 05 जनवरी

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद अब बेलारूस की राजधानी मिंस्क की सिस्टर सिटी होगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने हाल ही में बेलारूस की यात्रा की थी, जहां दोनों ही देशों ने इस्लामाबाद और मिंस्क को सिस्टर सिटी बनाने के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक, दोनों राजधानियों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी होगी, जिनमें नगरपालिका निकाय और युवा विकास प्रमुख है।

इस्लामाबाद पहले ही कई प्रमुख शहरों की सिस्टर सिटी है, जिनमें अम्मान, अंकारा, बीजिंग, सियोल, मैड्रिड और जर्काता प्रमुख हैं। पाकिस्तान के दूसरे शहर भी दुनियाभर के कम से कम तीन दर्जन शहरों के साथ सिस्टर सिटी के रूप में जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान में सबसे पहले लाहौर को 1975 में इस्तांबुल की सिस्टर सिटी घोषित किया था।

सेंसर बोर्ड पर गठित समिति के प्रमुख श्याम बेनेगल हैं।

मलाला पर डॉक्यूमेन्टरी बाफ्टा के लिए हुई नामांकित 09 जनवरी

नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त पाकिस्तान की शिक्षा कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई के जीवन पर डॉक्यूमेन्टरी 'हीनेम्डमीमलाला' को 69वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) के डॉक्यूमेन्टरी वर्ग में नामित किया गया है।

मलाला यूसुफजई के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'हीनेम्डमीमलाला' ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) पुरस्कारों के 69वें संस्करण के नामांकन में जगह बनाने में सफल रही है। इसके अति. रिक्त भारतीय मूल के ब्रिटिश फिल्म निर्माता आसिफ कपाडिया की फिल्म ''एमी'' को भी नामांकन में जगह मिली है। पाकिस्तान में महिला शिक्षा अधिकारों के लिए संघर्ष रतमलाला ने सबसे कम आयु में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।उन्हें 2012 में तालिबान ने मारने की कोशिश की थी। अमेरिकी फिल्म निर्माता डे विसगगेनहेम द्वारा निर्देशित डॉक्यूमेंट्री 'हीनेम्डमीमलाला' में मलाला के जीवन के विभिन्न पहलुओं को पर्दे पर उतारा गया है। दूसरी ओर, डॉक्यूमेंट्री की श्रेणी में नामांकन प्राप्त करने वाली आसिफ कपाडिया की फिल्म श्एमीश में गायिका एमीवाइनहा उसके जीवन और उनकी मौत से जुड़े तथ्यों को सामने लाने का प्रयास किया गया है। इस श्रेणी में नामांकन पाने वाली अन्य डॉक्यूमेंट्री में मैथ्यूहीनमैनकी 'कार्टललैंड', मारलन स्टीवनरिलेकी 'लिसिनटूमी' और जेनिफरपीडोमकी 'शेरपा' सम्मिलित हैं। 'एमी' को आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म की श्रेणी में भी नामांकन मिला है।

नेपाल बना यूनिसेफ कार्यकारी बोर्ड का सदस्य 10 जनवरी

नेपाल को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) का सदस्य चुना गया। नेपाल इस संस्था में 2016-18 के बीच एशिया-प्रशांत देशों के समूह का प्रतिनिधित्व करेगा।

संयुक्त राष्ट्र में नेपाल के स्थाई दूत दुर्गा प्रसाद भट्टराई भी सर्वसमति से 2016 के लिए यूनिसेफ कार्यकारी बोर्ड ब्यूरो के उपाध्यक्ष चुने गए। दुर्गा प्रसाद भट्टराई एशिया-प्रशांत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने मनीग्राम को प्रतियोगिता साझेदार बनाया 10 जनवरी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और पैसा ट्रांस्फर करने की सेवा उपलब्ध कराने वाली विश्व की शीर्ष कंपनी मनीग्राम इंटरनेशनल ने आठ वर्ष के करार की पुष्टि की। इस करार के बाद मनीग्राम 2016 से 2013 तक आईसीसी टूर्नामेंट में प्रतियोगिता साझेदार होगा।

आईसीसी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''आईसीसी और मनीग्राम में हाल में पांच वर्ष की सफल साझेदारी पूरी की जिसकी शुरूआत 2010 में वेस्टइंडीज में विश्व टी20 के साथ हुई थी और इसका अंत आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 के साथ हुआ।''

आईसीसी ने कहा, ''आठ वर्ष के मौजूदा समय में यह साझेदारी नयी बुलंदियों पर पहुंचेगी क्योंकि इस दौरान आईसीसी 17 प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा जिसमें दो आईसीसी विश्व टी20 चैम्पियनशिप, दो आईसीसी चैम्पियन्स ट्राफी और दो आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सहित छह बड़े टूर्नामेंट सम्मिलित हैं।''

73वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड 2016 10 जनवरी

अमरीका के लॉस एंजेलिस में 73वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड का ऐलान कर दिया गया। हॉलीवुड का प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवार्ड अपने ग्लैमर और चकाचौंध के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। गोल्डन ग्लोब पुरस्कार 2016 की सूची...

फिल्म्स

बेस्ट मोशन पिक्चर्स (ड्रामा) : द रेवेनेंट

बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा) : ब्री लार्सन (रूम)

बेस्ट पिक्चर (म्यूजिकल / कॉमेडी) : द मार्टियन

बेस्ट एक्टर (म्यूजिकल / कॉमेडी) : मैट डैमन : द मार्टियन

बेस्ट पिक्चर (एनिमेटेड) : इनसाइड आउट

बेस्ट पिक्चर (फॉरेन लैंग्वेज) : सन ऑफ शाऊल)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस : कैट विंसलेट (स्टीव जॉब्स)

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर : सिल्वेस्टर स्टेलोन (क्रीड)

बेस्ट स्क्रीन प्ले : आरोन सोर्किन (स्टीव जॉब्स)

बेस्ट ओरिजिनल स्कोर : एनियो मोर्रिकोन (द हेटफुल एट)

बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग : राइटिंग ऑन द वॉल (स्पेक्टर)

टेलीविजन

बेस्ट टीवी सीरीज (ड्रामा) : मिस्टर रोबोट

बेस्ट टीवी एक्ट्रेस (ड्रामा) : ताराजी पी हेंसन (एम्पायर)

बेस्ट टीवी एक्टर (ड्रामा) : जॉन हैम (मैड मैन)

बेस्ट टीवी सीरीज (म्यूजिकल / कॉमेडी) : मोजार्ट इन द जंगल

भारतीय ऐम्प्युटी पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा ने अर्जेंटीना में माउंट एकांकागुआ पर चढ़ाई करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

बेस्ट टीवी एक्ट्रेस (म्यूजिकल / कॉमेडी) : रशेल ब्लूम (क्रेजी एक्स गर्लफ्रेंड)

बेस्ट टीवी एक्टर (म्यूजिकल / कॉमेडी) : गेल गार्सिया बर्नल (मोजार्ट इन द जंगल)

बेस्ट पिक्चर (मेड फॉर टीवी) : वुल्फ हॉल

बेस्ट एक्ट्रेस इन पिक्चर (मेड फॉर टीवी) : लेडी गागा (अमेरिकन हॉरर स्टोरी : होटल)

www.interviewguru.mahendras.org
www.mahendrapublication.org
stportal.mahendras.org
enews.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org

वाणिज्य विभाग की परियोजना 'दवा' ने वर्ष 2015 का ई-एशिया पुरस्कार जीता 02 जनवरी

वाणिज्य विभाग की 'दवा' अथवा दवा प्रमाणीकरण और सत्यापन आवेदन परियोजना (ड्रग ऑथेंटिकेशन एंड वेरिफिकेशन एप्लीकेशन) ने व्यापार सुविधा श्रेणी के अंतर्गत ई-एशिया पुरस्कार जीता। इसकी घोषणा एशिया पसिफिक काउंसिल फॉर ट्रेड फैसिलिटेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस (एएफएसीटी), तेहरान, ईरान में की गयी। इसके अंतर्गत ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स के मध्य खोज और पता रखने का एक प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है जिससे निर्यातक एवं आयातक को भी लाभ प्राप्त हो सकता है।

दवा परियोजना

- इसका आरंभ **29** जून **2015** को वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। इससे उपभोक्ताओं एवं नियामक एजेंसियों को सुगम तरीकों से दवा के प्रमाणीकरण और सत्यापन की सुविधा दी गयी जिससे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की ब्रांड इमेज बेहतर हो सकती है।
- इस एप्लीकेशन में थोक/खुदरा व्यापारियों के पास उस समय मौजूदा स्टॉक की मात्रा के बारे में जानकारी की सुविधा भी दी गयी है। आवश्यकता होने पर, दवा की उपलब्धता का पता लगाया जा सकता है तथा चोरबाजारी पर भी नियन्त्रण स्थापित किया जा सकता है।
- इसका उद्देश्य भारत के सभी दवा निर्माताओं को कवर करना है। भारतीय दवा उद्योग में लगभग **250** बड़ी यूनिट हैं जबकि **8000** छोटी और मध्यम दर्जे की यूनिट कार्यरत हैं। अभी यह परियोजना पायलट स्टेज पर है लेकिन बाद में इसे सभी दवा निर्यातकों के लिए आवश्यक बना दिया जायेगा।
- एक बार पूर्ण रूप से लागू होने के पश्चात् देश में नकली एवं खराब क्वालिटी की दवाओं का निर्यात नहीं किया जा सकेगा, यदि ऐसा होता है तो उसे आसानी से पता लगाया जा सकेगा एवं उचित कदम उठाया जा सकेगा।

ग्रामीण डाक सेवकों के वेतन ढांचे की समीक्षा के लिए समिति गठित 02 जनवरी

भारत सरकार द्वारा डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवकों के वेतन ढांचे, सेवा शर्तों इत्यादि की समीक्षा करने के लिए एक सदस्यीय समिति का गठन किया गया। डाक सेवा बोर्ड के सेवानिवृत्त सदस्य कमलेश चंद्र समिति का गठन करेंगे। वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारी टी. क्यू. मोहम्मद द्वारा समिति को सहायता प्रदान की जाएगी, जो जीडीएस समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे। यह समिति ग्रामीण डाक सेवकों की सेवा शर्तों पर गौर करेगी और आवश्यक समझे जाने पर अहम परिवर्तन सुझाएगी। समिति के विचारार्थ अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित विषय भी शामिल होंगे:-

- शाखा डाकघरों की प्रणाली, संलग्नता की शर्तों और ग्रामीण डाक सेवकों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक एवं नामांकन की मौजूदा संरचना पर गौर करना और आवश्यक परिवर्तनों की सिफारिश करना।
- ग्रामीण डाक सेवकों के लिए मौजूदा सेवा निर्वहन लाभ योजना/अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों की समीक्षा करना और आवश्यक बदलावों की सिफारिश करना।
- ग्रामीण डाक सेवकों को प्रदान की जाने वाली मौजूदा सुविधाओं/कल्याणकारी उपायों की समीक्षा करना और आवश्यक परिवर्तनों की सिफारिश करना।
- खासकर ग्रामीण डाकघरों में प्रौद्योगिकी को समाहित किए जाने के प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण डाक सेवकों के रूप में संलग्नता के लिए न्यूनतम योग्यता, संलग्नता के तौर-तरीकों, उनके आचरण एवं अनुशासनात्मक नियमों पर गौर करना और कोई परिवर्तन सुझाना।
- डाक विभाग में कुल **2.6** लाख ग्रामीण डाक सेवक हैं, जीडीएस समिति के दायरे में ये सभी जीडीएस शामिल होंगे।

PNB ने लांच किए ग्रीन पिन 03 जनवरी

ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और आसान बनाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक(पीएनबी) ने ग्रीन पिन और मोबाइल एप साहित कई डिजिटल बैंकिंग समाधान पेश किए। बैंक ने 'पीएनबी एटीएम एसिस्ट' मोबाइल एप जारी किया है, जिससे ग्राहक पीएनबी एटीएम का पता लगा सकेंगे।

एंड्रॉयड एप की मदद से ग्राहक जीपीएस का उपयोग करते हुए नजदीकी पीएनबी एटीएम पर पहुंच सकेंगे। बैंक ने बुनियादी बैंक सेवाओं के लिए एक अन्य एंड्रॉयड एप **HHkh** पेश किया है। पीएनबी ने ग्रीन पिन सुविधा भी पेश की है। इससे ग्राहक एसएमएस के जरिए तुरंत दूसरा पिन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा ग्राहकों को इंटरनेट व मोबाइल बैंकिंग को बंद करने या उसे चालू करने के बारे में एसएमएस आधारित सुविधा भी दी जाएगी।

एक्सिस बैंक ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर सेवा "ई-साइन" शुरू करने वाला पहला बैंक बन गया है।

केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2016 से मिट्टी के तेल पर डीबीटी योजना लागू करने की घोषणा

03 जनवरी

केंद्र सरकार ने घोषणा की कि 1 अप्रैल 2016 से एलपीजी की तर्ज पर मिट्टी के तेल पर डीबीटी योजना लागू की जाएगी। प्रारंभिक चरण में इस योजना के आठ राज्यों के चयनित 26 जिलों में लागू किया जाएगा ये राज्य हैं छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और राजस्थान।

- इस योजना के तहत लोगों को बाजार दर पर मिट्टी का तेल खरीदना होगा, लेकिन उन्हें उनके बैंक खातों में सीधे सब्सिडी मिल जाएगी।
- उपभोक्ता को दिया जाने वाला भुगतान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की कीमत और मिट्टी के तेल की बाजार दर मौजूदा अंतर के बराबर होगा।
- मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में सरकार की तरफ से सब्सिडी पर दिये जाने वाले मिट्टी के तेल की मात्रा इसकी घरेलू मांग से ज्यादा है जिससे पता चलता है कि सब्सिडी का दुरुपयोग हो रहा है।
- वित्त वर्ष 2015-16 में राज्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत 86.85 लाख किलोलीटर मिट्टी का तेल आवंटित किया गया, जबकि 2011-12 के नेशनल सेम्पल सर्वे के अनुसार घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी के तेल की मांग 71.30 लाख किलोलीटर थी।
- इन चार वर्षों में बिजली और रसोई गैस कनेक्शनों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण मिट्टी के तेल की मांग कम होने के बावजूद आवंटन मांग से ज्यादा है।

आईआरबी को मिला 10050 करोड़ का ऑर्डर

04 जनवरी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय से जम्मू कश्मीर में जोजिला सुरंग के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-1 के निर्माण एवं रखरखाव के लिए 10050 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन एवं हस्तांतरण आधारित यह परियोजना जम्मू कश्मीर के साथ ही लेह और लद्दाख के लोगों के लिए रणनीति, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। सर्दी के दिनों में जोजिला दर्रे के आसपास के इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण एनएच-1 पर यातायात बाधित हो जाता है। ऐसे में 14.08 किलोमीटर लंबे जोजिला सुरंग के निर्माण से सभी मौसम में राजमार्ग पर यातायात संभव हो सकेगा। परियोजना के लिए छूट अवधि 22 साल है जिसमें सात साल की निर्माण अवधि शामिल है। कंपनी को काम शुरू करने के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्रालय से 981 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। वहीं, परियोजना पूरी होने पर छूट अवधि के अंत तक साल में दो बार करके उसे शेष राशि मिलेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर पर मौद्रिक दंड लगाया

04 जनवरी

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंक स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर पर 10 मिलियन(1 करोड़) का मौद्रिक दंड लगाया। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर पर यह दंड सेंट्रल रेपोजीट्री ऑफ इनफार्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट (सीआरआईएलएस) को जानकारी देने में अनियमितता बरतने के कारण लगाया है। बैंकिंग रेगुलेशन अधिनियम 1949 भारतीय रिजर्व बैंक को शक्ति प्रदान करता है जिसके तहत आरबीआई द्वारा जारी किए गए निर्देश का अनुपालन ना करने पर केन्द्रीय बैंक(आरबीआई) जुर्माना लगा सकता है। सीआरआईएलएस का गठन आरबीआई द्वारा बैंकों के बड़े क्रेडिट्स की जानकारी एकत्र करने के लिए किया गया था। बैंकिंग नियामक आरबीआई ने जानकारी साझा करने में अनियमितता के कारण एसबीटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। तत्पश्चात बैंक द्वारा प्रदान की गई जानकारी के बाद आरबीआई ने बैंक पर जुर्माना लगाया।

केंद्र सरकार ने लौह अयस्क पेलेट्स पर निर्यात शुल्क समाप्त किया

06 जनवरी

केंद्र सरकार ने लौह अयस्क पेलेट्स प्लांट्स की उपयोगिता बढ़ाने एवं इस क्षेत्र में तेजी लाने हेतु निर्यात शुल्क को 5 प्रतिशत से शून्य करने का निर्णय लिया। इस विषय में केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) द्वारा अधिसूचना जारी की गयी। इससे सुस्त मांग और कमजोर कीमतों के बीच यह जिंस अधिक प्रतिस्पर्धी हो सकेगा।

लौह अयस्क पेलेट्स विनिर्माता तथा कुछ खनन कंपनियों ने सरकार से लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क कम करने की मांग की थी जिससे इस जिंस को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। इस्पात एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में कच्चे माल को तैयार करने एवं उसके उत्पादन में कमी आई है। इससे पहले केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में लौह अयस्क पेलेट्स पर पांच प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया था। यह बचे लौह अयस्क का मूल्यवर्धित उत्पाद या कम ग्रेड का लौह अयस्क होता है और इसका इस्तेमाल इस्पात विनिर्माण में किया जाता है।

गुजराती रघुवीर चौधरी को ज्ञानपीठ पुरस्कार 2015 के लिए चुना गया है।

वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों को 1000 करोड़ रुपये आवंटित

07 जनवरी

केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने सात राज्यों में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से बुरी तरह प्रभावित 35 जिलों को 1000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता (एसीए) के राज्यवार आवंटन को मंजूरी दे दी है। इन 35 जिलों में से 16 प्रभावित जिले झारखंड में, 8 छत्तीसगढ़ में, 6 बिहार में, 2 ओडिशा में और 1-1 महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में हैं। गृह मंत्रालय ने प्रति जिला 28.57 करोड़ रुपये की दर से धन का आवंटन किया है। इस हिसाब से झारखंड को 457.12 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ को 228.56 करोड़ रुपये, बिहार को 171.42 करोड़ रुपये और ओडिशा को 57.14 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में से प्रत्येक को 28.57 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।

टाटा ट्रस्ट और मार्स ने देश में कृषि विकास के लिए हाथ मिलाया

07 जनवरी

TATA
LEADERSHIP WITH TRUST

टाटा ट्रस्ट और वैश्विक खाद्य कंपनी मार्स इनकॉरपोरेटेड ने देश में कृषि विकास के लिए हाथ मिलाया है। इसका मकसद देश में कुपोषण की समस्या को समाप्त करना और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है। दोनों के बीच फसल उत्पादकता, कृषि आय और चुनिंदा कृषि जिंसों का टिकाउपन बढ़ाने के तरीके ढूंढने के लिए सहमति ज्ञापन एमओयू पर दस्तखत हुए हैं। इसके अलावा दोनों कंपनियां देश में सुरक्षित, सस्ता और टिकाउ कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए भी सहयोग करेंगी।

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन रतन टाटा ने कहा, शपोषित खाद्य और टिकाउ कृषि में मार्स की वैश्विक क्षमता को देखते हुए टाटा ट्रस्ट का मानना है कि इस सहयोग से भारतीय समुदाय को दीर्घावधि में उद्देश्यपूर्ण लाभ होगा।'

टाटा स्टील ने आठवीं बार जीती प्रधानमंत्री ट्रॉफी

08 जनवरी

वर्ष 2013-14 के लिए टाटा स्टील लिमिटेड को प्रधानमंत्री ट्रॉफी का विजेता घोषित किया गया है। देशभर की इस्पात कंपनियों में बेस्ट परफॉर्मिंग इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के लिए कंपनी को यह ट्रॉफी दी गई है। यह ट्रॉफी टाटा स्टील ने आठवीं बार जीती है। भारत के प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के सुझाव के बाद देश में प्रधानमंत्री ट्रॉफी की शुरुआत की गई थी।

ऑपरेशन में दक्षता, उत्पादन स्तर और खर्च में कटौती के अंतराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचने का लक्ष्य तय करने और देश में समेकित इस्पात संयंत्रों के बीच प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए यह ट्रॉफी दी जाती है। 1992-93 में ट्रॉफी देने की शुरुआत होने के बाद टाटा स्टील को सर्टिफिकेट फॉर एक्सीलेंस दो बार और स्टील मिनिस्टर्स ट्रॉफी एक बार प्राप्त हो चुकी है।

पूर्व आईएएस अधिकारी डीके सीकरी सीसीआई प्रमुख नियुक्त

12 जनवरी

गुजरात के पूर्व आईएएस अधिकारी डीके सीकरी सीसीआई प्रमुख नियुक्त किए गए। 65 वर्ष की आयु तक उनका कार्यकाल ढाई वर्ष का होगा।

- देवेंद्र कुमार सीकरी, गुजरात कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं।
- सीकरी ने केन्द्र में और उनके कैडर राज्य गुजरात में विभिन्न पदों पर कार्य किया। बासठ वर्षीय सीकरी अशोक चावला के उत्तराधिकारी होंगे।
- अशोक चावला का कार्यकाल 07 जनवरी 2016 को चार वर्ष बाद समाप्त हो गया।
- चावला पूर्व वित्त सचिव थे और जून 2011 में पद छोड़ कर धनेन्द्र कुमार के उत्तराधिकारी बने।वरिष्ठता के आधार पर 31 जुलाई 2013 को उन्हें न्याय विभाग में सचिव बनाया गया।
- पूर्व आईएएस अधिकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव, जनगणना के रजिस्ट्रार जनरल, राजकोट, जामनगर और अन्य स्थानों पर कलेक्टर और दूसरों रहे।
- अब तक सीसीआई प्रमुख रहे अशोक चावला विभिन्न विवादों से भी घिरे रहे। जिनमे डीएलएफ, जेपी समूह आईटीडीसी आदि के मामले हैं।

संजय मित्रा को नया सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव नियुक्त किया गया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी उपभोक्ताओं और नागरिकों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन पहल की शुरुआत की

12 जनवरी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने एलपीजी वितरण में प्रभावी और नागरिक अनुकूल सेवाएं प्रदान करने में उपभोक्तामओं और नागरिकों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन पहल की शुरुआत की है।

एलपीजी उपभोक्ताओं और नागरिकों से अनुरोध है कि वे संबंधित ऑनलाइन मंचों पर अपने विचार साझा करें। बहुमूल्यऔ सुझावों/टिप्पवणियों का स्वोगत है और एलपीजी कवरेज तथा आपूर्ति संबंधी उपभोक्ता् उन्मुझखी सेवाओं में सुधार के लिए इन पर विचार किया जाएगा।

यह पहल, हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 को 'एलपीजी उपभोक्तास वर्ष' के रूप में मनाने की कई पहलों में से एक है।

भारती सिहाग ने एनएमडीसी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार संभाला

12 जनवरी

इस्पात मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव भारती एस सिहाग को सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है जो एक जनवरी 2016 से प्रभावी है। सिहाग के पास मंत्रालय के वित्तीय सलाहकार का भी प्रभार है। साथ ही वह तीन महीने या कंपनी के नियमित प्रमुख की नियुक्ति होने तक राष्ट्रीय खनिज विकास निगम रूएनएमडीसीरू का जिम्मा संभालेंगी। एनएमडीसी ने बंबई शेयर बाजार को बताया कि इस्पत मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, भारती एस सिहाग को एनएमडीसी की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इंदिरा नूयी येल एसओएम की 'सबसे उदार स्नातक' घोषित

12 जनवरी

येल स्कूल आफ मैनेजमेंट अपने डीन का पदनाम पेप्सीको की भारतीय मूल की मुख्य कार्यकारी इंदिरा नूयी के नाम करेगा।

उन्होंने अपने संस्थान जहां उन्होंने शिक्षा ग्रहण की, को अघोषित राशि प्रदान की है और वह यहां सबसे अधिक योगदान करने वाली पूर्व-छात्रा हैं और पहली महिला हैं जिन्होंने इस शीर्ष प्रबंधन संस्थान के डीन पद के लिए दान किया है। येल ने नूयी द्वारा दान में दी गई राशि का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि संस्थान के डीन पद के लिए दान और एक नवोन्मेष कोष की शुरुआत के मद्देनजर वह येल स्कूल आफ मैनेजमेंट की 'सबसे उदार स्नातक' बन गई हैं। संस्थान ने कहा, वह शीर्ष प्रबंधान संस्थान में डीन के पद के लिए दान करने वाली पहली महिला हैं। पेप्सीको की चेयरपर्सन ने 1980 में यहां स्नातक किया। नूयी ने कहा है कि संस्थान के अनुभव ने हमेशा के लिए उनके जीवन की दिशा बदल दी और कहा ''संस्थान ने जो मुझे दिया है उसके आगे मेरा उपहार फीका है।

येल ने नेतृत्व के लिए एक विस्तृत विश्व दृष्टि की जरूरत और कारोबार तथा समाज के बीच साझा बिंदु के प्रति सम्मान की बुनियादी समझ पैदा की।'

थोक महंगाई दर नकारात्मक 0.73 प्रतिशत

14 जनवरी

देश में दिसंबर महीने के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर नकारात्मक 0.73 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर में यह दर नकारात्मक 1.99 प्रतिशत थी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक, दालों, सब्जियों विशेष रूप से प्याज की कीमतों में उछाल जारी है। दिसंबर में वार्षिक खाद्य महंगाई दर 8.17 प्रतिशत रही है, जबकि ईंधन और उत्पादित वस्तुओं की दर नकारात्मक बनी हुई है। ईंधन की दर नकारात्मक 9.15 प्रतिशत और उत्पादित वस्तुओं की दर नकारात्मक 1.36 प्रतिशत है।

SBI को 3,300 करोड़ रुपये का ऋण देगा कोरियाई एक्जिम बैंक

14 जनवरी

कोरियाई एक्जिम बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक को 500 मिलियन अमरीकी डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) का ऋण उपलब्ध कराने की हामी भरी है। एसबीआई अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य ने बताया कि कोरियाई बैंक के इस ऋण से भारत में इकाइयों की स्थापना कर रहीं पूर्व

एक्सिस बैंक ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर सेवा "ई-साइन" शुरू करने वाला पहला बैंक बन गया है।



एशियाई राष्ट्र की कंपनियों को फंडिंग करने में बड़ी सहायता मिलेगी। अरुंधति ने यह भी कहा कि सरकार के मिशन श्मेक इन इंडियाश में निवेश करने का विचार कर रही कोरियाई कंपनियों को माल सोर्सिंग करने के लिए भारतीय कंपनियों को भी इससे सहायता मिल सकेगी।

इस करार से प्रधानमंत्री के मिशन मेक इन इंडिया में भाग लेने के लिए कोरियाई कंपनियों के लिए बड़ा अवसर है। बता दें कि इस ऋण के करार पर एसबीआई अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य और कोरियन एक्जिम बैंक के अध्यक्ष ड्यूक हून ली ने हस्ताक्षर किया है।

करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कोरियन एक्जिम बैंक के अध्यक्ष ली ने कहा कि ''हम सफल सहकारी भागीदारी के लिए कोरियाई और भारतीय कंपनियों को हर संभव वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।''

वेल्थ मैनेजमेंट में उतरी SBI, स्टार्टअप शाखा भी की लॉन्च... 14 जनवरी

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को वेल्थ मैनजमेंट सर्विसेज 'SBI म्त्रबसनेपि' शुरू करने की घोषणा की और साथ ही स्टार्ट-अप्स के लिए एक अलग से ब्रांच 'एसबीआई इनक्यूब' का उद्घाटन किया। एक्सक्लूसिफ का लक्ष्य देश में तेजी से बढ़ रहा अमीर तबका है, वहीं एसबीआई इनक्यूब के माध्यम से उद्यमियों को एक छत के नीचे टैक्सेशन से जुड़े इश्यू पर एडवाइजरी सेवा दी जाएगी। बैंक ने बेंगलुरु में इस सेवा की शुरुआत की है और इस वर्ष के अन्य शहरों में भी इसका विस्तार किया जाएगा।

एसबीआई एक्सक्लूसिफ

एक्सक्लूसिफ के जरिए बैंक का ग्राहकों को अच्छी सेवाएं देने की योजना है। एक्सक्लूसिफ ग्राहकों के लिए एक समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर होगा जो उनकी सभी बैंकिंग और निवेश जरूरतों की की देखेगा। यह रिलेशनशिप मैंनेजर को निवेश विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा सहयोग मिलेगा। एसबीआई की चेयरमैन अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि वेल्थ मैनेजमेंट सर्विसेज लॉन्च करना बैंक की प्राथमिकताओं में से एक रहा है। बैंक के पास एचएनआई ग्राहकों की संख्या है जो अच्छी सेवाएं चाहते हैं। एसबीआई एक्सक्लूसिफ के जरिए उनको ये सेवा दी जाएगी।

एसबीआई इनक्यूब

भट्टाचार्य बेंगलुरु में सैंट मार्क रोड पर स्टार्ट-अप्स के लिए शाखा का उद्घाटन करेगी, जो भारत में अपने किस्म का पहली शाखा होगी। शाखा का नाम एसबीआई-इनक्यूब है। साथ ही स्टार्ट-अप्स के लिए बैनरघट्टा रोड पर हेल्प डेस्क का उद्घाटन होगा। यह शाखा विशेष तौर पर स्टार्ट-अप्स की बढ़ रही बैंकिंग जरूरतों को पूरा करेगा।

रिजर्व बैंक ने एटीएम पर सभी बैंकिंग सुविधाएं दिए जाने की अनुमति दी 15 जनवरी

रिजर्व बैंक ने बैंकिंग क्षेत्र में बड़ा बदलाव करने की दिशा में कदम उठाते हुए एटीएम पर हर प्रकार की बैंकिंग सुविधा देने की इजाजत दी।

केंद्रीय बैंक के इस निर्णय से अब एटीएम ही अपने-आप में संपूर्ण बैंक होंगे। इस बदलाव के बाद ऋण के लिए आवेदन करने, ड्राफ्ट बनवाने, ऋण देने, रेलवे के टिकट निकलवाने, बिजली-पानी के बिल जमा कराने की सुविधा एटीएम पर ही मिल जाएगी।

आरबीआई का निर्णय

- बैंक चाहें तो ड्राफ्ट बनाने, ऋण के लिए आवेदन करने, ऋण देने, बीमा देने जैसी सुविधाएं भी एटीएम पर उपलब्ध करा सकते हैं।
- किसी भी तरह की सुविधा या सेवा इस माध्यम से उपलब्ध कराने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।
- इससे पारंपरिक शाखाएं खोलने की आवश्यकता तथा बैंकों की कारोबारी लागत भी काफी कम हो जाएगी।
- बैंक एटीएम के माध्यम से हर प्रकार के उत्पाद तथा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते तकनीक इसकी इजाजत देती है और इस माध्यम के दुरुपयोग तथा वास्तविक ग्राहकों को जालसाजी से बचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए जाते हों।

इससे पहले बैंक को एटीएम के जरिए सिर्फ 11 प्रकार की सुविधा देने की अनुमति थी। इनमें जमा एवं निकासी, पिन बदलने, चेक बुक के लिए रिक्वेस्ट डालने, अकाउंट स्टेटमेंट निकालने, बैलेंस जांचने, दूसरे खातों में पैसा हस्तांतरित करने, दूसरे बैंक के ग्राहकों के खातों में पैसा हस्तांतरित करने, बैंक को ई-मेल भेजने, बिल भुगतान, रेलवे टिकट जारी करने तथा उत्पादों की जानकारी देने की सुविधाएं सम्मिलित थीं।

एलआरएसएएम, भारतीय नौसेना द्वारा प्रक्षेपित किया गया है।

खेल

शिवा, मंदीप एवं अन्य चार भारतीय मुक्केबाज आईओसी छात्रवृत्ति हेतु चयनित 16 दिसम्बर

चार भारतीय मुक्केबाज शिवा थापा, मंदीप जांगड़ा, गौरव बिधूड़ी एवं सुमित सांगवान को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया। इस छात्रवृत्ति के तहत मुक्केबाजों को अगस्त **2016** तक प्रतिमाह **800** अमेरिकी डॉलर (लगभग **53** हजार रुपये) प्रदान किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें ओलंपिक खेलों में शामिल होने एवं आवागमन शुल्क के रूप में **5000** अमेरिकी डॉलर (लगभग **3** लाख **34** हजार रुपये) भी दिए जायेंगे।

शिवा थापा **56** किलोग्राम श्रेणी में विश्व कांस्य पदक विजेता हैं जबकि मंदीप जांगड़ा राष्ट्रमंडल खेलों में **69** किलोग्राम श्रेणी के रजत पदक विजेता हैं। बिधूड़ी ने विश्व मुक्केबाजी मुकाबले के लिए लगातार दूसरी बार स्थान हासिल किया है जिसे यूएसए नॉकआउट द्वारा आयोजित किया जाता है। दूसरी ओर, सुमित ने वर्ष **2010** में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष **2012** के लंदन ओलंपिक्स से पहले एशियन ओलंपिक्स क्वालीफाई गेम में स्वर्ण पदक भी अर्जित किया था।

रोरी मैक्लराय ने यूरोपियन टूर गोल्फर आफ द ईयर का खिताब जीता 17 दिसम्बर

रोरी मैक्लराय ने यूरोपियन टूर गोल्फर आफ द ईयर का खिताब जीता।

पिछले **4** वर्षों में यह उनका तीसरा यूरोपियन टूर गोल्फर आफ द ईयर का खिताब है। रोरी मैक्लराय को गोल्फ मीडिया के पैनल में शामिल सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्ष **2015** के यूरोपीय टूर गोल्फर आफ द ईयर के लिए नामित किया।

इससे पहले मैक्लराय को वर्ष **2012** और **2014** में यूरोपीय टूर गोल्फर आफ द ईयर के लिए चुना गया था।

4 मई **1989** को जन्मे, उत्तरी आयरलैंड के पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी रोरी मैक्लराय यूरोपीय और पीजीए टूर के सदस्य हैं। मैक्लराय चार प्रमुख खिताब जीत चुके हैं।

उनके द्वारा जीते गये मुख्य चैम्पियनशिप में शामिल हैं: वर्ष **2011** में यूएस ओपन, वर्ष **2012** में यूएसपीजीए चैम्पियनशिप और वर्ष **2014** में ब्रिटिश ओपन और पीजीए चैंपियनशिप।

मनोज प्रभाकर अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त 18 दिसम्बर



भारत के पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। पूर्व भारतीय ऑल-राउंडर मनोज वर्ष **2016** में भारत में आयोजित होने वाले टी-**20** विश्व कप तक अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच रहेंगे। इसके साथ ही मनोज प्रभाकर अफगानिस्तान के प्रमुख कोच और पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम उल हक के साथ सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। इंजमाम अफगानिस्तान टीम के प्रमुख कोच हैं।

प्रभाकर ने भारत के लिए **39** टेस्ट मैचों में **1300** रन (**1** शतक और **9** अर्धशतक) और **96** विकेट हासिल किए। प्रभाकर ने **130** एकदिवसीय मैचों में **1858** रन (**2** शतक और **11** अर्धशतक) और **157** विकेट भी हासिल किए। प्रभाकर ने वर्ष **1984** में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट और उसी वर्ष शारजहां में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह दिल्ली रणजी टीम के कोच भी रह चुके हैं।

बीबीसी वर्ष **2015** की सर्वश्रेष्ठ खेल हस्ती का पुरस्कार एंडी मरे को प्रदान किया गया है।

राष्ट्रमण्डल टेटे चैम्पियनशिपः भारतीय पुरुषों ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण, महिलाओं को मिला रजत

19 दिसम्बर

भारत ने 20वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में पुरूष टीम का स्वर्ण पदक जीत लिया है। सूरत में फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराया। हालांकि महिला टीम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। महिलाओं के फाइनल में सिंगापुर ने भारत को 3-1 से हराया। इससे पहले 2004 में मलेशिया में भारतीय पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि भारतीय महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में चौथी बार रजत पदक हासिल किया है। इससे पहले 1975, 1983, 1991 में महिला टीम को रजत पदक मिला था।

इंग्लैंड के डेविड मैक्बेथ और भारत के हरमीत देसाई के बीच हुए पहले मैच में भारत को हार मिली। देसाई 2-0 से बढ़त लेने के बाद डेविड के जवाबी खेल के सामने टिक नहीं पाए। लेकिन भारत के सौम्यजीत घोष ने श्रीलंकाई मूल के हेलशेन वीरासिंघे को आसान मुकाबले में हरा टीम की बराबरी कराई। भारत के जी. साथीयान ने इंग्लैंड के सबसे कमजोर खिलाड़ी टॉम जारविस के खिलाफ खेलते हुए जीत दर्ज कर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। इस बढ़त का फायदा सौम्यजीत ने डेविड के खिलाफ हुए रिवर्स मैच में उठाया और मैच 11-6,3-11,11-9,11-8 से जीत लिया। भारतीय महिला टीम ने हालांकि उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं किया। अंकिता दास, लिन ये के खिलाफ हुए पहले मैच में पहला गेम जीतने के बावजूद भी हार गईं जबकि मनिका को झू यिहान के खिलाफ हुए मैच में शिकस्त झेलनी पड़ी। अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए मौमा दास ने कोह कई शिन को हराया लेकिन रिवर्स मैच में मनिका लिन ये से मुकाबला हरा गईं।

डैन कार्टर वर्ष 2015 के 'बीबीसी ओवरसीज स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी ऑफ द इयर' चुने गए

20 दिसम्बर

न्यूजीलैंड के रग्बी खिलाड़ी डेनियल विलियम कार्टर को बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी ऑफ द इयर पुरस्कार के लिए चुना गया। इस वर्ष पहली बार विजेता को सार्वजनिक वोट के मध्यम से चुना गया है। इस क्रम उन्होंने नोवाक जोकोविच, केटी लेडेकी, उसैन बोल्ट, जॉर्डन स्पेथ और सेरेना विलियम्स को भी पीछे छोड़ दिया। कार्टर वर्ष 2015 में आयोजित रग्बी वर्ल्ड कप विजेता टीम न्यूजीलैंड का हिस्सा भी थे। सर्वाधिक टेस्ट रग्बी अंक अर्जित करने वाले 33 वर्षीय कार्टर ने तीसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। यह पुरस्कार 20 दिसम्बर को उन्हें उत्तरी आयरलैंड की राजधानी, बेलफास्ट के एसएसई अरीना में प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन पहली बार यहाँ आयोजित किया जा रहा है। कार्टर ने वर्ल्ड कप जीतने के बाद वर्ष 2015 में संन्यास ले लिया। अपने पूरे कैरियर में कार्टर ने 112 कैप्स जीती और 1598 अंक अर्जित किए। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2003 में की।

ग्रीक टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर जेकुपोविक पर लगा आजीवन प्रतिबंध

20 दिसम्बर

टेनिस इंटेग्रिटी यूनिट ने ग्रीक टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर जेकुपोविक पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। टेनिस खिलाडी जेकुपोविक को भ्रष्टाचार रोधी कार्यक्रम के तहत दोषी पाया गया है। जेकोपोविक पर भ्रष्टाचार के पाँच आरोप हैं।

इस निर्देश के बाद 33 वर्षीय जेकुपोविक तत्काल प्रभाव से शासी निकाय द्वारा आयोजित किए जाने वाले किसी भी खेल के लिए अयोग्य हो गए हैं। जेकोपोविक की वर्ष 2008 में कैरियर की उच्च रैंकिंग 267 थी। इस सत्र में उन्होंने दो एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में भाग लिया है।

बाला देवी और लिंगदोह चुने गए साल सबसे अच्छे भारतीय फुटबाल खिलाड़ी

20 दिसम्बर

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने युजेंसन लिंगदोह को साल का सबसे अच्छा पुरुष फुटबाल खिलाड़ी चुना है जबकि बाला देवी महिला वर्ग का खिताब हासिल करने में सफल रहीं। एआईएफएफ के प्रमुख प्रफुल्ल पटेल ने वार्षिक आम बैठक में इसकी घोषणा की। लिंगदोह को आई-लीग क्लबों के कोचों के मतों के आधार पर साल का सबसे अच्छा खिलाड़ी चुना गया। उन्हें पुरस्कार के तौर पर दो लाख रुपये नकद और ट्रॉफी दी जाएगी।

प्रीतम कोटाल को 2015 का एआईएफएफ इमर्जिंग प्लेअर ऑफ द ईयर चुना गया। महिला वर्ग में इस साल यह पुरस्कार पहली बार दिया गया और इस साल इसे प्यारी जाजा ने हासिल किया। ओडिशा फुटबाल संघ को 2015 के लिए 'बेस्ट ग्रासरूट प्रोग्राम' पुरस्कार दिया गया। सीआर श्रीकृष्णा को 2015 का सबसे अच्छा रेफरी और सापम केनेडी को सबसे अच्छा सहायक रेफरी घोषित किया गया।

"स्टार वार्स" वैश्विक बॉक्स ऑफिस बिक्री में 1 अरब डॉलर की कमाई पार करने वाली फिल्म बन गयी है।

आईपीटीएल में सिंगापुर स्लैमर्स ने जीता खिताब

21 दिसम्बर

इंटरनेशनल प्रीमियर टेनिस लीग (आईपीटीएल) के दूसरे संस्करण में सिंगापुर स्लैमर्स ने गत चैम्पियन इंडियन एसेज को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच के पहले मुकाबले में कार्लोस मोया ने फैब्रिस सांटोरो को 6-4 से हराकर स्लैमर्स को बढ़त दिलाई। बेलिंडा बेंसिक ने इसके बाद दूसरे मुकाबले में स्वेतलाना कुजनेत्सोवा को 6-5 से हराया और स्लैमर्स की बढ़त को दोगुना कर दिया। सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी ने मिश्रित युगल वर्ग के तहत हुए तीसरे मुकाबले में डस्टिन ब्राउन और कैरोलीना प्लिस्कोवा को 6-2 से मात देकर इंडियन एसेज को पहला अंक दिलाया। हालांकि पुरुष एकल वर्ग के तहत हुए अगले मुकाबले में स्टानिस्लास वावरिंका ने बर्नाड टॉमिक को 6-3 से मात देकर स्लैमर्स की बढ़त को और बढ़ा दिया। वावरिंका इसके बाद हुए पुरुष युगल मुकाबले में मार्सेलो मेलो के साथ खेलने उतरे और इवान डोडिग-बोपन्ना की जोड़ी को 6-3 से हराते हुए स्लैमर्स को खिताब दिला दिया। स्लैमर्स को विजेता के खिताब के अलावा 10 लाख डॉलर की इनामी राशि भी मिली, वहीं उप-विजेता इंडियन एसेज को पांच लाख डॉलर दिए गए।

फीफा क्लब विश्व कप फाइनल का चैंपियन बना बार्सिलोना

21 दिसम्बर

फीफा क्लब विश्व कप के खेले गये फाइनल मुकाबले में स्पेन के टॉप क्लब एफसी बार्सिलोना ने लियोनेल मेसी के एक और लुइस सुआरेज के दो गोलों की मदद से रिवर प्लेट को 3-0 से हरा दिया। यह स्पेनी क्लब की 2015 में पांचवीं खिताबी जीत है।बार्सिलोना की तरफ मैच का पहला गोल 34वें मिनट में मेसी ने किया। नेमार के एक शानदार पास पर मेसी ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे किया। उनके बाद सुआरेज ने 49वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को 2-0 से आगे कर दिया। सुआरेज ने यह गोल सर्गियो बुस्क्वेट्स के पास पर किया।28 साल के सुआरेज ने बार्सिलोना के लिए तीसरा और अंतिम गोल 68वें मिनट में नेमार के पास पर किया।

फेड कप में भारत का नेतृत्व करेंगी सानिया मिर्ज़ा

22 दिसम्बर

दुनिया की नंबर एक युगल खिलाड़ी और देश की शीर्ष टेनिस स्टार सानिया मिर्जा अगले वर्ष 3 फरवरी से शुरु होने वाले फेड कप टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। अखिल भारतीय टेनिस संघ की एस पी मिश्रा की अगुवाई वाली चयन समिति ने 3 से 5 फरवरी के

बीच थाईलैंड के हुआ हिन में होने वाले फेड कप के एशिया ओसियाना ग्रुप एक मैचों के लिए 4 सदस्यीय टीम का चयन किया। सानिया के अलावा टीम की अन्य सदस्यों में देश की नंबर एक एकल महिला खिलाड़ी अंकिता रैना, राष्ट्रीय चैंपियन प्रेरणा भांबरी और प्रार्थना थोम्बारे शामिल हैं। टूर्नामेंट में करमन कौर थांडी को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। सानिया की अगुवाई में भारत ने 2015 के सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह ग्रुप एक में जगह बनाने में सफल रहा था। भारतीय टीम अब वह विश्वकप ग्रुप-दो प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश करेगी। चयनकर्ताओं ने गुवाहाटी में फरवरी में होने वाले दक्षिण एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला वर्ग में 6-6 सदस्यीय टीमों का चयन किया है।

पुरुष टीम में साकेत मिनैनी, रामकुमार रामनाथन, सनम सिंह, विजय सुंदर प्रशांत, पुरव राजा और दिविज शरण शामिल हैं। जीवन नेदुचेझियन को रिजर्व खिलाड़ी बनाया गया है। महिला टीम में अंकिता, प्रेरणा, रिषिका सुनकारा, नताशा पाल्हा, प्रार्थना और शर्मदा बालू शामिल हैं। जीशान अली पुरुष टीम जबकि शालिनी ठाकुर महिला टीम की कोच होंगी।

आईसीसी ने स्टीव स्मिथ को चुना वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

23 दिसम्बर

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटरों ने इस साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सालाना पुरस्कारों में बाजी मारी जिसमें स्टीव स्मिथ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और टेस्ट क्रिकेटर चुने गए जबकि भारतीयों की झोली खाली रही। स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के चौथे और कुल 11वें खिलाडी बन गये जिन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी मिली। उनसे पहले रिकी पोंटिंग (2006 और 2007), मिशेल जानसन (2009 और 2014), माइकल क्लार्क (2013) यह ट्राफी जीतने वाले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं।

18 सितंबर 2014 से 13 सितंबर 2015 की वोटिंग अवधि के दौरान स्मिथ ने टेस्ट में 13 मैचों में 82.57 की औसत से 1734 रन बनाये। इसमें सात शतक और छह अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 26 वनडे में 1249 रन बनाये जिनमें चार शतक और आठ अर्धशतक शामिल थे।स्मिथ 2015 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे। इससे पहले उन्हें वर्ष की आईसीसी टेस्ट और वनडे टीम में भी शामिल किया गया जिसका चयन आईसीसी चयन समिति ने किया। इसके अध्यक्ष भारत के पूर्व कप्तान और आईसीसी क्रिकेट समिति के प्रमुख अनिल कुंबले थे।

लालियान जुआला छांगते एक फुटबॉलर है।

माइकल ब्रैडली अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबाल खिलाड़ी घोषित

23 दिसम्बर

अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबाल टीम और टोरंटो एफसी के कप्तान माइकल ब्रैडली को वर्ष **2015** में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबाल खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉनकैफ गोल्ड कप में अमरीकी फुटबाल टीम की कप्तानी करने वाले **28** वर्षीय मिडफील्डर माइकल ने टूर्नामेंट के दौरान ही अपना **100** वां मैच खेला था। वर्ष **2007** में सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुने जाने वाले माइकल को **43** प्रतिशत समर्थन मिला, जबकि फैबियन जॉनसन को **33** लोगों का प्रतिशत समर्थन प्राप्त हुआ।

दूसरी ओर अमेरिका की राष्ट्रीय महिला फुटबाल टीम और ह्यूस्टन डेस क्लब की सदस्य कार्ली लॉयड को सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबाल खिलाड़ी घोषित किया गया, जबकि मैथ्यू मियाज्गा को अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ युवा फुटबाल खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सानिया-मार्टिना आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियन चुनी गईं

24 दिसम्बर

भारत की सानिया मिर्जा और स्विटजरलैंड की उनकी जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने **2015** आईटीएफ महिला युगल विश्व चैम्पियन चुना है। अमेरिका की सेरेना विलियम्स और सर्बिया के नोवाक जोकोविक को महिला और पुरुष एकल में विश्व चैम्पियन चुना गया है। सेरेना के लिए यह छठां और जोकोविक के लिए यह पांचवां मौका है, जब इन्हें यह खिताब मिला है। पुरुष युगल में यह खिताब जेन-जुलियन रोजर और होरिया टेकाऊ को मिला है।

हंगरी के डलमा गाल्फी और अमेरिका के टेलर फ्रीट्ज को आईटीएफ जूनियर विश्व चैम्पियन चुना गया है। जबकि जिसके ग्रीफेफिओन और शिन्गो कुनेएडा को व्हीलचेयर पुरस्कार मिला है। विजेताओं को अगले साल **31** मई को पेरिस में पुरस्कार दिए जाएंगे।

डब्ल्यू वी रमन, नरेंद्र हिरवानी और टी ए शेखर एनसीए के कोच नियुक्त

24 दिसम्बर

पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डब्ल्यू वी रमन, नरेंद्र हिरवानी और टी ए शेखर को बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की कोचिंग पैनल में शामिल किया गया। डब्ल्यू वी रमन बल्लेबाजी कोच होंगे, टीए शेखर तेज गेंदबाजी और हिरवानी स्पिन गेंदबाजी कोच होंगे। इन नवनियुक्त अधिकारियों की सहायता हेतु कोचों का एक पैनल होगा। एनसीए निदेशक दिलीप वेंगसरकर इन लोगों की सूची तैयार करेंगे। इसका निर्णय बीसीसीआई की संयुक्त बैठक में किया गया, बेंगलूरु स्थित एनसीए के नवीनीकरण के लिए स्थायी स्थान की तलाश की जा रही है। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक स्थानों में धर्मशाला और पुणे शामिल हैं।

शिवा केशवन ने एशिया चैंपियनशिप में जीता रजत

27 दिसम्बर

पांच बार के ओलंपियन और दो बार के एशियाई चैंपियन भारत के स्टार खिलाड़ी शिवा केशवन ने जापान में संपन्न **18** वीं एशियाई लूज चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। स्पर्धा की दो हीटों में **2/10** के स्कोर के साथ केशवन ने कड़ा मुकाबला खेला लेकिन मामूली चूक से वह मेजबान खिलाड़ी हिदेनरी कानायामा से पिछड़ गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जापानी प्रतिद्वंद्वी को स्वर्ण पदक मिला जबकि कोरिया के डोंग हियोन किम तीसरे स्थान में रहकर कांस्य पदक हासिल करने में सफल रहे। उल्लेखनीय है कि केशवन दो बार विश्वकप टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं और न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में वह नेशंस कप में **15**वें स्थान पर रहे थे। उम्मीद है कि वह वर्ष **2016** जनवरी और फरवरी में तीन विश्वकप टूर्नामेंट में भी भाग लेंगे। आगामी दोनों शीतकालीन ओलंपिक खेल एशिया में आयोजित होंगे। वर्ष **2018** में कोरिया और वर्ष **2022** में चीन में ओलंपिक खेल आयोजित होने हैं।

अक्षय कुमार बने पीबीएल के ब्रांड एंबेसडर

27 दिसम्बर

हिंदी फिल्म जगत के स्टार अभिनेता अक्षय कुमार देश के एकमात्र बैडमिंटन लीग टूर्नामेंट 'प्रीमियर बैडमिंटन लीग' (पीबीएल) से बतौर ब्रांड एंबेसडर जुड़ गए। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। नए नाम के साथ दो वर्ष के अंतराल के बाद फिर से शुरू किए गए पीबीएल का आयोजन दो जनवरी से **17** जनवरी के बीच होगा। पीबीएल के अध्यक्ष अखिलेश दासगुप्ता ने इस मौके पर कहा, "हम अक्षय कुमार का लीग में स्वागत करते हैं। हमारा उद्देश्य लीग में

बुर्ज खलीफा साल **2015** का दुनिया का सबसे अच्छा आकर्षण स्थल चुना गया है।

रोमांच लाना है और उनकी मौजूदगी न सिर्फ प्रशंसकों को आकर्षित करेगी बल्कि खिलाड़ियों को भी रोमांचित करेगी।" अक्षय कुमार ने कहा, "मैं हमेशा ही खेल से जुड़े रहने में विश्वास करता हूं और इस लीग के माध्यम से मैं खेल को अपना समर्थन दे पाऊंगा। बैडमिंटन ने हमें काफी कुछ दिया है और मैं इस लीग में नए खिलाड़ियों से मिलने को लेकर काफी उत्साहित हूं।" पीबीएल में शहर आधारित छह फ्रेंचाइजी टीमें खेलेंगी, जिनमें दिल्ली ऐसर्स, हैदराबाद, हंटर्स, बेंगलुरू टॉप गन्स, चेन्नई स्मैशर्स, मुंबई रॉकेट्स और अवध वॉरियर्स शामिल हैं।

मुंबई गरूड़ पहली पीडब्ल्यूएल चैम्पियन बनी

28 दिसम्बर

मुंबई गरूड़ ने फाइनल में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए हरियाणा हैमर्स को 7.2 से हराकर पहला प्रो कुश्ती लीग खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट में पिछले सारे मैच जीतने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरी थी और अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए उसने जीत दर्ज की। एक समय 1.2 से पिछड़ने के बाद मुंबई ने अगले चार मुकाबले लगातार जीतकर सातवें ही मुकाबले में ट्राफी जीत ली और आखिरी दो मैच बेनतीजा रहे । मुंबई के लिये कप्तान एडेलिन ग्रे, जियोर्जी एस, ओडुनायो एडेकुओरोये और ओडिकाजे एलिजबार ने मुकाबले जीते।

मुंबई के अमित धनकर ने पुरूषों के 65 किलो वर्ग में हरियाणा के विशाल राणा को 12.0 से हराया । विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता ओकसाना हरहेल ने महिलाओं के 58 किलो वर्ग में मुंबई की साक्षी मलिक को हराकर स्कोर बराबर किया । पुरूषों के 74 किलोवर्ग में हरियाणा के लिवान लोपेज एजकुइ ने मुंबई के प्रदीप को 11.6 से मात दी ।

विकास ठाकुर ने भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

28 दिसम्बर

सेना खेल नियंत्रण बोर्ड की 68वीं पुरुष और 31वीं महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में विकास ठाकुर ने 341 किलोग्राम भार उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। विकास ने तीनों स्पर्धाओं, स्नैच, क्लीन एवं जर्क में रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने स्नैच में 154 किलोग्राम तथा क्लीन एवं जर्क में 187 किलोग्राम (कुल 341 किलोग्राम) भार उठाया।

विकास ने इससे पहले बनाये गये अपने ही 339 किलोग्राम के रेकॉर्ड को तोड़ा जो उन्होंने केरल के त्रिचूर में 35वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था। महाराष्ट्र के हर्षद वास्देकर दूसरे और हरियाणा के शुभम तीसरे स्थान पर रहे जिन्होंने क्रमशः 305 और 302 किलोग्राम भार उठाया। दूसरे स्थान पर रहे हर्षद और विकास ठाकुर के बीच काफी बड़ा अंतर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया टीम के 1000 शतक

28 दिसम्बर

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज जोए बर्न्स (128) और उस्मान ख्वाजा (144) ने शतक लगाए। बर्न्स और ख्वाजा के शतकों की बदौत आस्ट्रेलिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर 1000 शतक लगाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। इस क्रम में इंग्लैंड 964 शतकों के साथ दूसरे और भारत 688 शतकों के साथ तीसरे स्थान पर है। हालांकि 629 शतकों के साथ वेस्टइंडीज का चौथे स्थान पर मौजूद होना जरूर चौंकाता है। शीर्ष पांच में आखिरी देश पाकिस्तान है। पाकिस्तान के नाम क्रिकेट के हर प्रारूप को मिलाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 543 शतक हैं।

मेसी को 'ग्लोब सॉकर अवार्ड' में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

28 दिसम्बर

स्टार फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को सातवें 'ग्लोब सॉकर अवार्ड' समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही इस समारोह में एफसी बार्सिलोना को सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार मिला। पुरस्कार समारोह में बार्सिलोना को फुटबाल में मीडिया का सबसे अधिक आकर्षण पाने वाले क्लब का पुरस्कार भी मिला और क्लब के अध्यक्ष जोसेप मारिया बाटरेमेयु को साल के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का खिताब मिला।

बेल्जियम के कोच मार्क विलमोट्स को सर्वश्रेष्ठ कोच, जबकि इटली के एंड्रिया पिरलो और इंग्लैंड के फ्रैंक लामपार्ड को 'प्लेयर करियर' के पुरस्कार से नवाजा गया।

एशिया की सबसे बड़ी भूमिगत रेलवे स्टेशन चीन में खोला गया है।

दिल्ली को हरा गुजरात ने पहली बार जीती विजय हजारे ट्राफी

29 दिसम्बर

विजय हजारे ट्राफी फाइनल में गुजरात ने कप्तान पार्थिव पटेल (105) के शानदार शतक के बाद जसप्रीत बुमराह(28/5) और आर.पी. सिंह(42/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली को 139 रन से हरा पहली बार ट्राफी पर कब्जा जमा लिया है। गुजरात की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में पार्थिव पटेल के शतक की मदद से 273 रन बनाए। जिसके जवाब में दिल्ली की पूरी टीम 134 रन के स्कोर पर आलआउट हो गई। दिल्ली की ओर से सर्वाधिक 60 रन की पारी पवन नेगी ने खेली। उनके अलावा उन्मुक्त चंद ने 33 रन की पारी खेली। इन दोनों खिलाडियों के अलावा दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े पर भी नहीं पहुंच पाया। गुजरात की ओर से आर पी सिंह ने 4 विकेट तथा जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लेकर दिल्ली के विजय हजारे टूर्नामेंट जीतने के सपने को तोड़ दिया। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में पार्थिव पटेल के शतक की मदद से 273 रन बनाए। हालांकि गुजरात की शुरुआत इतने अच्छी नही रही उसके शुरुआत के दो विकेट टीम के 50 रन के स्कोर से पहले ही गिर गए थे लेकिन कप्तान पार्थिव पटेल ने रूजुल भट्ट के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचाया।

राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा मैसूर

31 दिसम्बर

9 से 16 जनवरी के बीच होने वाले राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के 66वें संस्करण की मेजबानी मैसूर को सौंपी गई। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) के तत्वाधान में कर्नाटक बास्केटबॉल संघ इस चैम्पियनशिप की मेजबानी चामुंडी विहार स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में करेगा।

कॉम्प्लेक्स में दो इनडोर और एक आउटडोर कोर्ट है। मैसूर को पूरे 30 वर्षो के बाद बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है। इससे पहले मैसूर ने 1987 में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया था। लीग प्रारूप के इस नॉकआउट इवेंट में कुल 140 मैच खेले जाएंगे। 29 पुरुष बास्केटबॉल टीमों और 24 महिला बास्केटबॉल टीमों ने अब तक टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 2014-15 सत्र का आयोजन राजस्थान के भीलवाड़ा में किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ की महिला टीम और उत्तराखंड की पुरुष टीम ने खिताब जीते थे।

ब्योर्न इजबर्ग 2016 की हॉकी इंडिया लीग के लिए टूर्नामेंट डायरेक्टर नियुक्त

31 दिसम्बर

स्वीडन के ब्योर्न इजबर्ग कोल इंडिया हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के टूर्नामेंट डायरेक्टर नियुक्त किये गये। इसके अतिरिक्त मलेशिया के मुथुकुमार बालाकृष्णन को चौथे कोल इंडिया हॉकी इंडिया लीग में असिस्टेंट टूर्नामेंट डायरेक्टर का कार्यभार दिया गया है। स्कॉटलैंड के एंडी मीर को लीग का अंपायर मैनेजर नियुक्त किया गया है।

50 वर्षीय इजबर्ग को टूर्नामेंट डायरेक्टर का वृहद अनुभव प्राप्त है जिसमें वर्ष 2012 के लंदन ओलंपिक्स, तीन एफआईएच ट्रॉफी टूर्नामेंट्स (लाहौर-2004, कुआलालंपुर-2007, ऑकलैंड-2011, पोलैंड-2011) शामिल हैं। उन्होंने बीजिंग ओलंपिक 2008 में असिस्टेंट टूर्नामेंट डायरेक्टर के पद पर कार्य किया एवं एफआईच जर्मनी-2006 तथा भारत-2010 में भी इसी पद पर कार्यरत रहे हैं।

कोहली और मिताली बने 2015 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

01 जनवरी

भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली को BCCI ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है, और मिताली राज को साल के सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का एम.ए, चिदंबरम अवार्ड दिया जाएगा। देविका वैद्य को सर्वश्रेष्ठ जूनियर महिला खिलाड़ी का अवार्ड मिलेगा। पूर्व विकेटकीपर सैयद किरमानी को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान दिया जाएगा।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को इस साल तीन अहम कामयाबियों को हासिल करने के लिए साल का सर्वोत्तम संघ चुना गया है। संघ ने रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जीती हैं।

कर्नाटक के बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा को रणजी ट्राफी में सर्वाधिक स्कोर बनाने के लिए माधवराव सिंधिया पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उथप्पा ने 11 मैचों में 50.66 की औसत से 912 रन बनाए थे।

सर्वाधिक विकेट लेने का पुरस्कार कर्नाटक के आर विनयकुमार और मुंबई के शादरुल ठाकुर को दिया जाएगा। इन्होंने पिछले सत्र में समान 48 विकेट लिए थे।

राखी हल्दर ने महिलाओं के 69 किग्रा वर्ग में सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया।

उरुग्वे के सानचेज चुने गए दक्षिण अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी

01 जनवरी

उरुग्वे के अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी कार्लोस सानचेज को दक्षिण अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया है। उन्हें **2015** के रे डे अमेरिका अवार्ड के लिए नामित किया गया है।

सानचेज **1995** के बाद दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह अवार्ड जीता है। इससे पहले **1995** में एनजो फ्रानसेसकोली को यह खिताब मिल चुका है। दक्षिण अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी को रे डे अमेरिका अवॉर्ड दिया जाता है। सानचेज ने अर्जेंटीना के फुटबाल क्लब रिवर प्लेट को छोड़कर मेक्सिको के क्लब रयाडोस डी मोनटेरे से नबंवर में तीन साल का करार किया।

भारत सातवीं बार बना सैफ चैंपियन

04 जनवरी

कप्तान सुनील छेत्री के अतिरिक्त समय में किये गये गोल की बदौलत भारत ने पिछले चैंपियन अफगानिस्तान को **2-1** से हराकर पिछली बार फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के साथ ही सातवीं बार दक्षिण एशियाई फुटबाल फेडरेशन (सैफ) कप जीता। भारत **2013** में काठमांडो में खेले गये टूर्नामेंट में अफगानिस्तान से **0-2** से हार गया था लेकिन फाइनल में उसने बेहतर खेल दिखाया और अफगानिस्तान को बैकफुट पर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत ने पहले एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की और बाद में अतिरिक्त समय में विजयी गोल दागा।

स्टीफन कान्सटेनटाइन की कोचिंग वाली भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत दर्ज कर सकती थी लेकिन दो अवसरों पर उसे गोल से वंचित किया गया। आखिर में हालांकि भारत इन दोनों टीमों के बीच सैफ कप में लगातार तीसरे फाइनल में विजेता रहा। भारत ने इससे पहले **1993**, **1997**, **1999**, **2005**, **2009** और **2011** में खिताब जीता था।

आस्ट्रेलिया ने की अंडर 19 विश्वकप में भाग न लेने की घोषणा

05 जनवरी

क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी जेम्स सुदरलैंड ने घोषणा की कि आस्ट्रेलिया वर्ष **2016** के अंडर**19** विश्वकप में भाग नहीं लेगा। आस्ट्रेलिया सरकार की अनुसंशा पर क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने यह निर्णय लिया। आस्ट्रेलिया सरकार के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से अस्ट्रेलिया टीम के लिए बांग्लादेश असुरक्षित है। बांग्लादेश के चटगांव में **27** जनवरी **2016** से शुरू होने वाले अंडर**19** विश्वकप में आस्ट्रेलिया ग्रुप डी में शामिल था, इस समूह में अस्ट्रेलिया के साथ नेपाल, भारत और न्यूजीलैंड भी शामिल थे। यह प्रतियोगिता **16** देशों के मध्य आयोजित होनी है।आस्ट्रेलिया की वापसी के बाद आईसीसी ने आयरलैंड की अंडर **19** टीम को प्रतियोगिता में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है।

प्रणव धनावडे ने इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में 1009 रन बनाकर वर्ल्ड रिकार्ड कायम किया

05 जनवरी

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रणव धनावडे ने **1009** रन बनाकर विश्व रिकार्ड कायम किया। प्रणव का वर्ल्ड रिकॉर्ड, **129** चौके और **59** छक्कों के साथ बनाए **1009** रन बना कर पूरा हुआ। प्रणव **1009** रन बनाकर नाबाद रहे। प्रणव ने पहले ही पारी में नाबाद **652** रन बनाकर **117** साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया था। इससे पहले **1899** में इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज आर्थर कोलिंस ने **628** रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने **78** चौके और **30** छक्के लगाये थे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एचटी भंडारी कप इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रणव ने आर्य गुरुकुल स्कूल के खिलाफ **1009** रन पूरे किये।

इंग्लैंड के प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए रूनी

06 जनवरी

इंग्लैंड फुटबाल टीम के कप्तान वेन रूनी को लगातार दूसरे वर्ष इंग्लैंड का साल का सर्वश्रेष्ठ फुटबालर चुना गया। इंग्लिश प्रीमियर क्लब मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेलने वाले रूनी ने हाल ही में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड स्थापित किया और उन्हें चौथी बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ इंग्लिश खिलाड़ी को दिए जाने वाले पीओटीवाई अवार्ड के लिए चुना गया। रूनी ने **2015** में इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए कुल आठ मैच खेले और पांच गोल दागे। इस दौरान स्विट्जरलैंड के खिलाफ पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल करने के साथ ही उन्होंने करियर के कुल गोलों की संख्या **50** कर ली और बॉबी चार्ल्सटन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। रूनी को मार्च में बर्लिन में जर्मनी के खिलाफ होने वाले मैच और वेंब्ले स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

केंद्र ने सूखाग्रस्त महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश को रु. **5,000** करोड़ रुपये से अधिक राशि की मंजूरी दी है।

दलीप ट्रॉफी गुलाबी गेंद से दिन-रात के प्रारूप में खेली जाएगी 06 जनवरी

भारत का घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी इस वर्ष नए अवतार में वापसी कर रहा है।

दलीप ट्रॉफी के आगामी संस्करण के मैच दिन-रात प्रारूप में खेले जाएंगे और गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 1961-62 में शुरू किया गया दलीप ट्राफी पिछले साल व्यस्त कार्यक्रम के चलते आयोजित नहीं किया जा सका था, और अब एक साल के अंतराल के बाद यह नए कलेवर में वापसी को तैयार है।

तब से लेकर अब तक इसके प्रारूप में काफी बदलाव किए गए, लेकिन अब जो बदलाव किए गए हैं उन्हें हम अब तक के सबसे बड़े बदलावों के रूप में देख सकते हैं।

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमों के बीच हुए पहले दिन-रात्री टेस्ट मैच की सफलता को देखते हुए बीसीसीआई ने यह फैसला लिया है।

बीसीसीआई को उम्मीद है कि इससे अपनी चमक खो बैठी दलीप ट्रॉफी फिर से लोकप्रियता हासिल करेगा और यह प्रयोग लोगों का ध्यान दलीप ट्रॉफी की तरफ खींचने में सफल साबित होगा। समिति ने टेस्ट मैचों में दर्शकों को आकर्षित करने के कई विकल्पों पर बात की है।

2016-17 में भारत को बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया के साथ 13 टेस्ट मैच, 10 अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैच और एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलना है।

स्वीडन में गोल्ड मेडल जीतकर अपूर्वी चंदेला ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया 07 जनवरी

भारतीय निशानेबाज अपूर्वी चंदेला ने स्वीडिश कप ग्रांप्री में महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

चंदेला ने चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता यी सिलिंग के 211 अंक के रिकार्ड को तोड़ते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया है। उन्होंने प्रतियोगिता में 211.2 अंक अर्जित किए। स्वीडन की एस्ट्रिड स्टीफेन्सन (207.6) ने रजत पदक और स्टीन नीलसन (185.0) ने कांस्य पदक जीता है।

अपूर्वी चंदेला ने पिछले साल अप्रैल में कोरिया में हुए आईएसएसएफ वर्ल्डकप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

सानिया मिर्जा-मार्टिना हिंगिस ने जीता ब्रिसबेन इंटरनेशनल का डबल्स खिताब, लगातार 26वीं जीत दर्ज की 09 जनवरी

भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और उनकी जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस एक बार फिर से छा गई हैं।

उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए ब्रिसबेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का युगल खिताब अपने नाम किया है। विश्व की नंबर एक जोड़ी की यह लगातार 26वीं जीत है।

यह लगातार 26वीं जीत

भारत की सानिया मिर्जा और स्विट्जरलैंड की मार्टिना हिंगिस ने वर्ष 2016 की शुरुआत ब्रिस्बेन ओपन टेनिस महिला डबल्स खिताब के साथ की। विश्व की नंबर एक जोड़ी की यह लगातार 26वीं जीत है।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सानिया-हिंगिस ने फाइनल में जर्मनी की वाइल्डकार्ड धारी एंजिलिक कर्बर और आंद्रिया पेटकोविच को 7-5, 6-1 से हराया। यह खिताबी मुकाबला मात्र 69 मिनटों तक चला।

पिछले वर्ष महिला डबल्स में दबदबा बनाने वाली इस इंडो-स्विस जोड़ी का यह लगातार छठा खिताब है।

उन्होंने इस कड़ी में यूएस ओपन, ग्वांगझू, वुहान, बीजिंग, डब्ल्यूटीए फाइनल्स और अब ब्रिस्बेन खिताब जीता है।

दूसरा ब्रिस्बेन ओपन खिताब

सानिया का यह दूसरा ब्रिस्बेन ओपन खिताब है, इससे पहले वे अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स के साथ 2013 में यह खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।

2012 में इटली की सारा इरानी और रॉबर्टा विंसी ने लगातार 25 मैच जीते थे। उस दौरान उन्होंने लगातार पांच खिताब (बार्सिलोना, मैड्रिड, रोम, फ्रेंच ओपन और एस-हर्टोगेन्बोश) प्राप्त किए थे।

सानिया-हिंगिस ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए लगातार 26 जीत दर्ज की। अब गिगी फर्नांडिज और नताशा ज्वेरेवा (लगातार 28 जीत) ही उनसे आगे हैं। वहीं बेलारूस की विक्योरिया अजारेंका ने विश्व की 10वें नंबर की एंजलिक कर्बर को 6-3, 6-1 से हराकर खिताब प्राप्त किया।

विक्टोरिया ने यहां सात वर्ष बाद खिताब जीता है जबकि करीब ढाई वर्ष बाद उन्होंने कोई डब्ल्यूटीए ट्रॉफी प्राप्त की है।

NTPC has been appointed as the official partner for the HWL Finals.

नडाल को हराकर जोकोविक बने कतर ओपन चौंपियन

09 जनवरी

विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने फाइनल मुकाबले में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी स्पेन के राफेल नडाल को 6-1, 6-2 से हराकर 1,189,605 डॉलर की ईनामी राशि वाले कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।

जोकोविक ने एक घंटे 13 मिनट तक चले इस मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और नडाल की चुनौती को आसानी से ध्वस्त कर वर्ष का अपना पहला खिताब प्राप्त किया।

नडाल इस मैच में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। जोकोविक और नडाल के बीच यह 47वां मुकाबला था जिसमें जीत दर्ज करने के बाद सर्बियाई खिलाड़ी का कॅरियर रिकार्ड 24-23 हो गया है।

14 ग्रैंड स्लेम खिताबों के बादशाह नडाल के कॅरियर का यह 99वां फाइनल मैच था। हालांकि वह इस मैच में कोई खास चुनौती नहीं पेश कर सके और उन्होंने मैच में तीन एस लगाये जबकि 28 वर्षीय जोकोविक ने चार एस लगाये।

नडाल ने सात में से तीन ब्रेक अंकों को भुनाया और जोकोविक ने मिले एकमात्र ब्रेक अंक को भुनाया। जोकोविक गत वर्ष कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद लगातार 16वीं बार फाइनल में पहुंचे हैं।

सर्बियाई खिलाड़ी ने अपने गत 10 में से नौ मुकाबलों को जीता है।

वर्ष 2015 जोकोविक के लिए शानदार वर्ष साबित हुआ था और उन्होंने तीन ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने के अतिरिक्त वर्ल्ड टूर फाइनल्स में भी जीत दर्ज की थी। वह 2015 में चारों ग्रैंड स्लेम के फाइनल में पहुंचे थे। हालांकि फ्रेंच ओपन में वह खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गये थे।

वावरिंका ने चौथी बार जीता चेन्नई ओपन

10 जनवरी

स्विस टेनिस स्टार स्टैन वावरिंका ने एसडीटी टेनिस स्टेडियम में क्रोएशिया के बोर्ना कोरिक को हराते हुए चेन्नई ओपन का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। इसके साथ वावरिंका ने इस 425,535 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के 20वें संस्करण में अपने खिताब की रक्षा की। यह उनका चौथा चेन्नई ओपन खिताब है।

मौजूदा फ्रेंच ओपन विजेता वावरिंका ने एक घंटे 27 मिनट चले खिताबी मुकाबले में 19 वर्ष के कोरिक को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से हराया।

यह विश्व के चौथे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी वावरिंका का कोरिक के खिलाफ तीसरी जीत है। दोनों के बीच तीन मुकाबले हुए हैं। वावरिंका ने इससे पहले यहां 2011, 2014 और 2015 में खिताबी जीत प्राप्त की थी। 2013 में वावरिंका ने फ्रांस के बेनोइट पियरे के साथ यहां युगल खिताब भी जाता था। पुरस्कार के तौर पर वावरिंका को 75,700 डॉलर मिले।

सानिया मिर्जा शीर्ष स्थान पर बरकरार, बोपन्ना युगल रैंकिंग में नौवें स्थान पर

12 जनवरी

भारत की सानिया मिर्जा ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में महिला युगल में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि उनकी जोड़ीदार स्विटजरलैंड की मार्टिना हिंगिस दूसरे स्थान पर हैं। सानिया 11,395 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है, जबकि हिंगिस के 11,355 अंक हैं।

विश्व की नंबर एक महिला युगल टीम सानिया और हिंगिस ने लगातार 26 मैच जीते हैं। इस दौरान इस जोड़ी ने छह खिताब जीते, जिसमें अमेरिकी ओपन, ग्वांग्झू, वुहान, बीजिंग, डब्ल्यूटीए फाइनल्स और ब्रिसबेन में खिताब सम्मिलित हैं।

वर्ष 2012 के सारा इरानी और रोबर्टा विंची की इटली की जोड़ी के लगातार 25 मैच जीतने के बाद यह सबसे लंबी जीत का क्रम है। भारतीय पुरुषों में रोहन बोपन्ना युगल में शीर्ष 10 में सम्मिलित एकमात्र भारतीय हैं। वह नौवें स्थान पर हैं।

पुरुष एकल में युकी भांबरी 95वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। साकेत मयनेनी 168वें स्थान पर, जबकि सोमदेव देववर्मन 173वें स्थान पर हैं। सर्बिया के नोवाक जोकोविच शीर्ष पर चल रहे हैं, जबकि उनके बाद ब्रिटेन के एंडी मर्रे और स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर का नंबर है।

इसरो ने 6 उपग्रहों के साथ किया रॉकेट का सफल प्रक्षेपण

17 दिसम्बर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सिंगापुर के छह उपग्रहों के साथ ध्रुवीय प्रक्षेपण यान यानी पीएसएलवी-सीए रॉकेट का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इसरो को इस सफलता पर बधाई दी है। इस पीएसएलवी-सीए रॉकेट की लंबाई **44.4** मीटर और भार लगभग **227** टन है। इन **6** उपग्रहों के प्रक्षेपण के अलावा इसरो राकेट के इंजन की योग्यता की भी जांच करेगा। यह मिशन इसरो का इस साल **2016** का आखिरी मिशन है।

इस वर्ष इसरो ने श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण स्थल से **14** उपग्रहों को लांच किया, जिनमें तीन उपग्रह भारत के और **11** दूसरे देशों के थे। इनमें से **13** उपग्रहों को जहां पीएसएलवी प्रक्षेपण यान द्वारा लांच किया गया, वहीं एक संचार उपग्रह 'जीसैट-**6**' को भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के जरिए प्रक्षेपित किया गया। पिछले ही महीने इसरो ने एक भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-**15** को यूरोपियन स्पेस एजेंसी द्वारा निर्मित एरियन रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया था। इसे मिलाकर इस वर्ष भारत द्वारा प्रक्षेपित किए जाने वाले उपग्रहों की कुल संख्या **21** हो जाती है।

इसरो ने 'मल्टिपल बर्न फ्यूल इंजन' का सफल परीक्षण किया

17 दिसम्बर

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने अपने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) को अंतरिक्ष में पुनः चालू करने का परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया। यह परीक्षण उस समय सफल हुआ, जब इसका इंजन सिंगापुर के छह उपग्रहों को छोड़ने के मिशन के दौरान रॉकेट से अलग हो गया।

'मल्टिपल बर्न फ्यूल इंजन' का इस्तेमाल पीएसएलवी-सी**35** रॉकेट में इस्तेमाल किया जाएगा, जो दो उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। तकनीकी रूप से कहा जाए तो भारत ने पहली बार किसी 'मल्टिपल बर्न फ्यूल इंजन' का परीक्षण किया है। एक रॉकेट के जरिए कई उपग्रह छोड़ने का काम इसरो के लिए नया नहीं है और यह काम इसरो कई वर्षो से कर रहा है। लेकिन चुनौती एक रॉकेट के जरिए कई उपग्रहों को विभिन्न कक्षाओं में छोड़ने की है। इसी का परीक्षण इसरो ने उस समय पूरा किया, जब पीएसएलवी ने सिंगापुर के छह उपग्रहों को अपने से अलग कर दिया। पीएसएलवी रॉकेट चार इंजनों वाला रॉकेट है, जिसमें बारी-बारी से ठोस और तरल ईंधन भरे होते हैं। पीएसएलवी के चौथे इंजन को मात्र **67** मिनट की उड़ान के दौरान या इंजन के अलग होने के **50** मिनट बाद सफलतापूर्वक पुनः चालू कर दिया गया। पुनः चालू करते समय चौथा इंजन **523.9** किलोमीटर की ऊंचाई पर था, जबकि उपग्रह **550** किलोमीटर की ऊंचाई पर रॉकेट से अलग हुआ। इंजन के पुनः अलग होने से पहले **524** किलोमीटर की ऊंचाई पर इंजन को कुछ सेकेंड के लिए चालू किया गया।

जेफ विलियम्स एप्पल इंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त

21 दिसम्बर

जेफ विलियम्स एप्पल इंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त किए गए। एप्पल के सीओओ का पद वर्ष **2011** में टिम कुक के सीईओ बनने के बाद से खाली था। विलियम्स पिछले **17** वर्ष से एप्पल इंक के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा जॉनी स्रोउजी को हार्डवेयर टेक्नोलॉजी का सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया और टॉर मेहेरन को मार्केटिंग कम्युनिकेशन का वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया।

विलियम्स वर्ष **1998** में एप्पल में शामिल हुए थे। वर्ष **2004** से विलियम्स कंपनी की सप्लाई चेन, सर्विस और सपोर्ट के साथ साथ सोशल रेस्पान्सिबिलिटी वाले कार्यों को भी देखा करते थे। उन्होंने आईफोन के लांच के साथ ही मोबाइल फोन के बाजार में एप्पल की प्रविष्टि करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एप्पल में शामिल होने से पहले, विलियम्स ने आईबीएम में तीन साल तक इंजीनियरिंग और संचालन की भूमिका में काम किया। इसके अलावा सीनियर वर्ल्ड वाइड मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट फिल शिलर को ऐप स्टोर के प्रमुख का अतिरिक्त चार्ज दिया गया।

अमिताभ कांत को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

चीन ने डीएएमपीई उपग्रह का प्रक्षेपण किया

26 दिसम्बर

चीन ने रहस्यमय काले पदार्थ पर प्रकाश डालने वाले डार्क मैटर पार्टिकल एक्सप्लोरर (डीएएमपीई) उपग्रह का प्रक्षेपण किया। यह देश का पहला अंतरिक्ष टेलीस्कोप था और इसका प्रक्षेपण जीक्वान (श्रपनुनंद) उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक लांग मार्च 2-डी रॉकेट द्वारा किया गया। उपग्रह का उद्देश्य अदृश्य कण डार्क मैटर के स्मोकिंग गन के संकेत प्राप्त करना है। वैज्ञानिकों को कहना है कि ब्रह्मांड का अधिकांश द्रव्यमान इन्हीं कणों से बना हैं।

यह उपग्रह 500 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य की समकालिक कक्षा में स्थापित होगा, जो अंतरिक्ष में उच्च ऊर्जा कणों की दिशा, ऊर्जा और इलैक्ट्रिक चार्ज का निरीक्षण करेगा। इस उपग्रह को वुकोंग (नावदह) उपनाम दिया गया।

स्पेस एक्स ने फेल्कन 9 रॉकेट का सफल प्रक्षेपण और अवतरण किया

28 दिसम्बर

अमेरिकी एयरोस्पेस निर्माता और अंतरिक्ष परिवहन सेवा प्रदाता स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कारपोरेशन(स्पेस एक्स) ने फेल्कन 9 रॉकेट का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर इतिहास रच दिया। फेल्कन 9 नामक इस रॉकेट का प्रक्षेपण फ्लोरिडा के केप कार्निवल से किया गया।

इस प्रक्षेपण में रॉकेट ने 11 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। इन 11 उपग्रहों का सम्बन्ध मशीन टू मशीन वैश्विक संचार के ओआरबीकॉम (ORBCOM) मिशन से था।

इस प्रक्षेपण के बाद पृथ्वी की निम्न कक्षा में ओआरबीकॉम मिशन के अंतर्गत भेजे के उपग्रहों की संख्या 17 हो गई। यह पहली बार है जब कोई रॉकेट उपग्रहों को स्थापित करने के बाद पुनः धरती पर वापस लौटने में सफल रहा है।

इस तकनीक के माध्यम से भविष्य में इस तरह के मिशन में आने वाले खर्च में कमी लाना संभव होगा, क्योंकि इसके मध्यम से एक बार प्रयोग हो चुके रॉकेट को पुनः प्रयोग में लाया जा सकेगा। इससे पूर्व कम्पनी ने ऐसा ही एक प्रयास वर्ष 2015 के जून माह में किया था जो विफल रहा जिससे नासा के 2 टन माल का नुक्सान हुआ था।

किसी अन्तरिक्ष मिशन में लगभग आधे से ज्यादा खर्च मिशन के लिए बनाए गए रॉकेट में आता है। यह रॉकेट सिर्फ एक मिशन के लिए ही प्रयोग में आते थे और उसके बाद व्यर्थ हो जाते थे।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने खत्म की अंतरिक्ष एजेंसी

29 दिसम्बर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संघीय अंतरिक्ष एजेंसी को समाप्त करने के एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। एजेंसी का काम अब उसी नाम (रॉसकॉसमोस) के साथ स्टेट कॉरपोरेशन करेगा, जिसकी स्थापना जुलाई में पुतिन के एक कानून के हस्ताक्षर के बाद हुई थी।

रॉस्कॉस्मोस स्टेट कॉरपोरेशन युनाइटेड रॉकेट तथा स्पेस कॉरपोरेशन का काम भी देखेगा और इस प्रकार यह शोध, विकास व बाह्य अंतरिक्ष का इस्तेमाल करने वाली अकेली एजेंसी होगी। नव सृजित कॉरपोरेशन अंतरिक्ष संचालन का प्रबंधन करेगा और नियामक नियंत्रण का क्रियान्वयन करेगा। नया संगठन संबंधित सरकारी व व्यापार संरचना को मजबूत करने में मदद करेगा, संचालन को आसान करेगा, कार्यविधि की निगरानी करेगा तथा उद्योग में मौजूदा समस्याओं का समाधान करेगा।

पेंडोरम टेक्नोलॉजी ने 3 डी प्रिंटिंग का उपयोग करते हुए भारत का पहला कृत्रिम वृक्क ऊतक विकसित किया

30 दिसम्बर



पेंडोरम टेक्नोलॉजी प्रॉइवेट लिमेटिड ने दिसंबर 2015 में भारत का पहला कृत्रिम वृक्क ऊतक विकसित किया। यह 3 डी मानव अंगों के विनिर्माण क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। कृत्रिम वृक्क ऊतक मानव वृक्क के लिए महत्वपूर्ण कार्य करता है जिसमें मेटाबाल्जिम, जैव रसायनों के स्राव जैसे कोलेस्ट्रॉल और एल्बुमिन और डिटोक्सिफिकेशन शामिल है।

कृत्रिम वृक्क ऊतक की विशेषताएं

- इन टिश्यू का जीवनचक्र 8 सप्ताह का होता है ।
- इस तकनीक से लिवर फेल होने की बीमारी से जूझ रहे मरीजों की जान बचाई जा सकेगी।
- इस तकनीक के दुष्प्रभाव कम है और इसे कम लागत पर बनाया जा सकता है।

5 मिलिमीटर लंबे एक टिश्यू को बनाने के लिए एक करोड़ लिवर सेल्स की जरूरत पड़ती है। इसकी आवश्यकता को बायोमटेरियल ग्लूनकोस, प्रोटीन, जीवित सेल और 3डी आर्किटेक्चर से पूरा किया जाता है।

दीपक मोहंती, वित्तीय समावेशन पर एक समिति के अध्यक्ष हैं।

कार की सस्ती बैटरी के लिए एआरएआई ने किया गठजोड़ 05 जनवरी

देश में वाहन क्षेत्र के लिए शोध करने वाले संस्थान ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने यात्री कारों के लिए सस्ती बैटरी विकसित करने की खातिर विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर से हाथ मिलाया है। इसमें उस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जो अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले वाहनों की बैटरी तैयार करने में की जाती है। एआरएआई इलेक्ट्रिक वाहनों व हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल के लिए बैटरी का विकास व उसकी जांच करेगा और इसके बाद ऐसी बैटरी की लागत घटाने की खातिर बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए तकनीक के हस्तांतरण की पेशकश करेगा। यह परियोजना के तहत एआरएआई व वीएसएससी का ध्यान भारतीय वाहन उद्योग के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों व हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की तकनीक विकसित करने पर होगा। विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर के निदेशक के सिवन ने कहा, अंतरिक्ष के वाहनों में इस्तेमाल होने वाली तकनीक का वाहन क्षेत्र की बैटरी में इस्तेमाल की अवधारणा पहले से ही सिद्ध है और अब एआरएआई के साथ गठजोड़ से इसकी जांच वाहनों में वास्तविक तौर पर इस्तेमाल की खातिर हो सकेगी। इसके तीसरे चरण के तहत यह तकनीक बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए तब हस्तांतरित की जाएगी जब इसकी अनुपूरक तकनीक की अवधारणा व वॉल्यूम आदि से बैटरी की अफोर्डेबिलिटी तय होगी। आम जिंदगी में अंतरिक्ष की तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है।

भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर ने डार्क मैटर की पहचान के लिए ग्लैक्टो सेसिमिक विधि विकसित की 10 जनवरी

भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक सुकन्या चक्रवर्ती के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने डार्क मैटर की प्रधानता वाली छोटी आकाशगंगाओं का पता लगाने के लिए एक नई विधिदृ ग्लैक्टोसेसिमोलॉजी विकसित की है। रोचेस्टर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, न्यूयॉर्क की असिस्टेंट प्रोफेसर सुकन्या चक्रवर्ती ने 7 जनवरी **2016** को किस्सिम्मी में अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके बारे में जानकारी दी। इसे द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स को दे दिया गया है। खोजी गई विधि आकाशगंगाओं की आंतरिक संरचनाओं और द्रव्यमान का मानचित्र बनाने के लिए ग्लैक्टिक डिस्क पर तरंगों का उपयोग करती है। यह बहुत कुछ भूकंपविज्ञान की तरह ही होता है जो भूकंपीय तरंगों का उपयोग पृथ्वी की आंतरिक संरचना के बारे में जानने के लिए करता है। यह विधि अंतरिक्ष के रहस्यमयी घटनाओं को समझने में मदद करेगी।

प्रक्रिया में टीम ने स्पेक्ट्रोस्कोपिक ऑब्जर्वेशन का उपयोग नोर्मा नक्षत्र में तीन सेफिड वैरिएबल्स की गति की गणना में की। सेफिड वैरिएबल्स एक प्रकार के तारे होते हैं जिन्हें आकाशगंगाओं की दूरी की गणना में पैमाने के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। टीम ने कोई **3** लाख प्रकाशवर्ष दूर स्थित डार्क मैटर के प्रभुत्व वाली छोटी आकाशगंगा का पता लगाने के लिए सेफिड वैरिएबल्स का प्रयोग किया। इसके विपरीत, मिल्की आकाशगंगा के डिस्क पृथ्वी से कोई **48000** प्रकाश वर्ष की दूरी पर समाप्त हो जाते हैं। अध्ययन में **450000** मील प्रति घंटा (एमपीएच), यानि, मिल्की वे के तारकीय डिस्क में सितारों से **437000** एमपीएच अधिक तेज, की औसत गति से चलने वाले सेफिड वैरिएबल्स के कल्चर को समझने की कोशिश की गई है। बाद में उन्होंने बताया कि वे रेडियल वेग की तलाश कर रही थी, जो सबूत है और इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह हमारी आकाशगंगा का हिस्सा नहीं है।

सौर ऊर्जा से सबसे अधिक दूरी तय करने का रिकार्ड जूनो मिशन के नाम 14 जनवरी

बृहस्पति के लिए नासा के जूनो मिशन ने नया रिकॉर्ड कायम किया है। सौर ऊर्जा से चलने वाले इस अंतरिक्षयान ने सूर्य से **79.3** करोड किलोमीटर की दूरी तय करके यह रिकार्ड कायम किया। इससे पहले का रिकार्ड यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी रोसेट्टा के पास था जिसने अक्तूबर **2012** में **79.2** करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की थी। जूनो इस वर्ष चार जुलाई को बृहस्पति ग्रह पर पहुंचेगा। अगले वर्ष तक वह बृहस्पति ग्रह का **33** बार चक्कर लगायेगा। इसके समीप से गुजरते हुए जूनो इस ग्रह के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त करेगा। सैन एंटोनियो स्थित दक्षिण पश्चिम अनुसंधान संस्थान के प्रधान जांचकर्ता स्कॉट बॉलटन ने कहा कि बृहस्पति के बादलों और इस ग्रह पर छुपे रहस्यों को खोलने के लिए वे लोग जूनो में सभी ज्ञात तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।इस मिशन के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से जुडे देशों इटली बेल्जियम और फ्रांस ने मदद दी है। यान में इस प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं जो बृहस्पति ग्रह के रोजमर्रा के घटनाक्रम का पता लगाने के अतिरिक्त उसके अंतर को खंगालने का भी प्रयत्न करेंगे। इस मिशन के दो प्रमुख उद्देश्यों में बृहस्पति पर पानी की मौजूदगी का पता लगाना और उसकी सतह के बारे में अधिक जानकारी जुटाना होगा।

इस मिशन के जरिए वैज्ञानिक बृहस्पति के चुंबकीय क्षेत्र और वहां पिछले **300** वर्ष से चल रहे तूफान के बारे में भी पता लगाने की कोशिश करेंगे। ध रती से देखने पर यह तूफान बृहस्पति की सतह पर एक बडे लाल धब्बे के रूप में दिखता है।नासा ने **1973** में पायोनियर अंतरिक्ष यान के जरिए बृहस्पति ग्रह के शोध की अपनी यात्रा का आगाज किया था। इसके बाद आने वाले तीन दशक में वायजर उल्एसिस और कैसनी अंतरिक्ष यानों ने इस ग्रह के वातावरण का जायजा लिया। जुनो अंतरिक्ष यान के बाद नासा की श्यूरोपा जूपिटर सिस्टम मिशनश को **2020** में वहां भेजने की योजना है, जो बृहस्पति के तीन बडे चंद्रमाओं यूरोपा गैनिमेड और कैलिस्टो की बर्फीली सतहों का अध्ययन कर वहां पानी होने की संभावनाओं की तलाश करेगा।

विजय हजारे क्रिकेट ट्रॉफी **2015** गुजरात टीम ने जीता है।

स्नैपडील ने हिंदी एवं तेलगु में मोबाइल वेबसाइट आरंभ की

16 दिसम्बर



ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट स्नैपडील डॉटकॉम ने हिंदी एवं तेलगु भाषाओं में अपनी मोबाइल वेबसाइट आरंभ की। स्नैपडील भारत में 270 मिलियन उपयोगकर्ताओं के साथ कार्यरत है। बहुभाषा का यह प्लेटफॉर्म केवल मोबाइल वेबसाइट पर मौजूद होगा। यह सुविधा स्नैपलाइट प्लेटफॉर्म के साथ मौजूद होगा जिसमें वे उपभोक्ता भी इसका उपयोग कर सकेंगे जहां इंटरनेट की क्वालिटी बेहतर नहीं है। स्नैपलाइट मोबाइल वेबसाइट उपयोगकर्ताओं के लिए स्नैपडील द्वारा तैयार वेबसाइट है।

कम्पनी के अनुभवों एवं उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रियाओं पर आधारित बहुभाषा प्लेटफॉर्म को मोबाइल एप्प एवं डेस्कटॉप वेबसाइट के लिए भी आरंभ किया जायेगा। भारत में अन्य 130 मिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए स्नैपडील 11 क्षेत्रीय भाषाओं - हिंदी, तेलगु, गुजराती, तमिल, मराठी, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, उड़िया, असमी एवं पंजाबी में भी 26 जनवरी 2016 से सेवाएं आरंभ करेगा।

फिलीपींस की सुंदरी पिया अलोंजो वर्त्जबैक मिस यूनिवर्स-2015 बनीं

21 दिसम्बर

अमेरिका के लॉस वेगास शहर में आयोजित 64वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में मिस फिलीपींस पिया अलोंजो वर्त्जबैक ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता। मिस कोलंबिया एड्रियाना गुटिरेज फर्स्ट रनर अप और मिस यूएस ओलिविया जॉर्डन सेकंड रनर अप रहीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्टीव हार्वे ने गलती से मिस कोलंबिया को इस खिताब के लिए घोषित किया लेकिन बाद में उन्होंने गलती सुधारते हुए मिस फिलीपींस ने नाम की घोषणा की।

भारत की ओर से भाग ले रहीं उत्तराखंड की उर्वशी रौतेला टॉप 15 में भी स्थान हासिल नहीं कर पायीं। लास वेगास के प्लेनेट हॉलिवुड रिजॉर्ट एंड कैसिनो में मिस यूनिवर्स कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में 80 देशों की सुंदरियों ने हिस्सा लिया।

चीनी वैज्ञानिकों ने प्रकाशित की हिमालयी पादप जगत पर किताब

22 दिसम्बर

हिमालय के पर्वतीय इलाके में पादप जगत की विविधता को समझने के लिए चीनी वैज्ञानिकों की अगुवाई में वैज्ञानिकों की एक टीम ने 'फ्लोरा ऑफ द पैन हिमालयाज' शीर्षक से पुस्तक पेश की है। इस पुस्तक के तीन संकलन प्रकाशित किए गए हैं। रियोजना की शुरुआत 2010 में हुई थी, जिसका उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र में स्थानीय पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण, साथ ही वनस्पति संसाधन के बेहतर इस्तेमाल के लिए एक वैज्ञानिक दिशा-निर्देश प्रदान करना है।

इस परियोजना का नेतृत्व चीनी विज्ञान अकादमी (सीएएस) के शिक्षाविद हांग देयूआन के साथ ब्रिटेन, अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के वनस्पतियों ने भी हिस्सा लिया।

अब वैज्ञानिकों की योजना 2020 तक इस पुस्तक को 50 खंडों में प्रकाशित करने की है।

सीएएस के इंस्टीट्यूट ऑफ बॉटनी के अनुसार, इसके तीनों संकलनों को चाइना साइंस प्रेस और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने प्रकाशित किया है। इस शोध के दौरान पिछले पांच वर्षों में वैज्ञानिकों ने वनस्पतियों के 60 हजार प्रजातियों के नमूने इकट्ठे किए।

इसके अलावा 20 हजार से ज्यादा डीएनए के नमूने और 50 हजार पौधों की तस्वीरें भी इकट्ठी की गईं। शोध के दौरान वनस्पतियों की कुछ नई प्रजातियां भी खोज निकाली गईं।

हिमालयी क्षेत्र में चीन, भारत, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान के हिस्से शामिल हैं और इस क्षेत्र में वनस्पतियों की 20 हजार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं।

अक्षय कुमार को प्रीमियर बैडमिंटन लीग (PBL) के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है।

ओहियो का पहला महाकवि नामित किया गया इंडो-यूएस डॉक्टर

25 दिसम्बर

अमेरिका के ओहियो प्रांत ने 36 वर्षीय एक भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर को पहले महाकवि के तौर पर नामित किया है। अपनी कविता में विभिन्न शैलियों के प्रदर्शन के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। ओहियो प्रांत के गवर्नर जॉन कसिक ने परमाणु विकिरण नैदानिक विज्ञानी अमित मजूमदार को दो साल के लिए इस मानद पद पर नामित किया। वह अगले साल एक जनवरी से दो साल तक इस पद पर रहेंगे। मजूमदार ने बताया कि उनका इरादा ओहियो के समृद्ध कला समुदाय के साथ मिलकर कविता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्विषयक दृष्टिकोण सामने लाने का है।

औरंगाबाद में 'रोटी बैंक' योजना शुरू

29 दिसम्बर

अंजता एलोरा गुफाओं के लिए मशहूर महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में एक अनोखी और महत्वकांक्षी योजना 'रोटी बैंक' की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति गरीब, वृद्ध, बीमार लोगों के लिए रोटियों को जमा कर सकता है और जरूरतमंद लोग वहां से रोटी या अन्य शाकाहार और मांसाहार व्यंजन ले सकते हैं।

रोटी बैंक की योजना की शुरुआत भारत में सर्वप्रथम बुंदेलखंड में हुई थी। इसके बाद अब इसे पांच दिसंबर को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शुरू किया गया है। इस योजना की शुरुआत हारून मुख्ती इस्लामिक सेंटर (एचएमआईसी) के संस्थापक यूसुफ मुकाती ने की है।

शेनझेन में एशिया का सबसे बड़ा भूमिगत रेलवे स्टेशन खुला

31 दिसम्बर

चीन के शेनझेन शहर में एशिया का सबसे बड़ा भूमिगत रेलवे स्टेशन खुल गया। इसके साथ ही गुआंग्झू व हांगकांग के बीच हाई-स्पीड ट्रेन सेवा शुरू हो गई। इस नई लाइन के शुरू होने से गुआंग्झू से हांगकांग पहुंचने में लगने वाला समय घटकर आधे घंटे से भी कम हो गया है। फुतियान हाईस्पीड रेलवे स्टेशन शेनझेन में कुल 1,47,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाया गया है। इसका आकार फुटबॉल के 21 मैदानों के बराबर है।

भूमिगत रेलवे स्टेशन का संचालन करने वाले गुआंग्झू रेलवे निगम के अनुसार, इसके तीन भूमिगत फ्लोर में 3,000 यात्रियों के बैठने का इंतजाम है। एक आम ट्रेन से गुआंग्झू से हांगकांग की यात्रा करने में करीब दो घंटे लगते हैं, जबकि हाई-स्पीड ट्रैक से यह यात्रा अवधि घटकर आधे घंटे की हो गई है। वहीं, हांगकांग के पास स्थित शेनझेन के लोग इस हाई-स्पीड ट्रेन से मात्र 15 मिनट में हांगकांग पहुंच सकते हैं।

पाक सिंगर अदनान सामी को मिली भारत की नागरिकता

31 दिसम्बर

पाकिस्तानी गायक अदनान सामी को नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की नागरिकता प्रदान कर दी है। हालांकि अदनान सामी को भारत में रहने के लिए पहले से ही अनिश्चित अवधि के लिए छूट दी गई थी, लेकिन 1 जनवरी से वह बतौर भारतीय नागरिक भारत में रहेंगे।

लाहौर में जन्मे अदनाम शामी ने 26 मई 2015 को गृह मंत्रालय से अपील की थी कि मानवीय आधार पर उन्हें भारत में रहने की इजाजत दी जाए। जब यूपीए सरकार ने सामी की वीजा अवधि बढ़ाई थी तो उस वक्त भाजपा ने इसका जोरदार विरोध किया था।

एक साल की वैधता वाले पर्यटक वीजा पर 31 मार्च, 2001 को अदनान पहली बार भारत आए थे। यह वीजा उन्हें इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायुक्त ने जारी किया था।

उनका वीजा बाद में समय-समय पर बढ़ाया गया। 27 मई, 2010 को जारी उनका पाकिस्तानी पासपोर्ट 26 मई, 2015 को समाप्त हो गया और पाकिस्तान सरकार ने उनका पासपोर्ट नवीनीकृत नहीं किया।

उसके बाद उन्होंने अपने ठहराव को मानवीय आधार पर कानूनसम्मत बनाने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया।

गाओफेन-4 चीन का अवलोकन उपग्रह है।

प्रवासी पक्षियों के संरक्षण से संबंधित सहमति पत्र को कैबिनेट की मंजूरी

31 दिसम्बर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने प्रवासी पक्षियों के संरक्षण से संबंधित सहमति पत्र को मंजूरी दी। इसके तहत अफ्रीका और यूरेशिया के प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के हस्ताक्षर वाले एक सहमति पत्र को मंजूरी दी गई। प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन में इसे 'शिकारी पक्षी पर सहमति पत्र' भी कहा गया है। इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला भारत 54वां देश है।

यह सहमति पत्र एक समझौता है। यह समझौता प्रवासी पक्षी संरक्षण के अंतर्गत हुआ लेकिन इसका अध्याय 4 का पैरा 4 कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। सहमति पत्र के तहत देशों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे शिकारी पक्षियों की प्रजातियों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए काम करेंगे।

इस समय सहमति पत्र पर पक्षियों की 76 प्रजातियां दर्ज हैं जिनमें से 46 प्रजातियां भारत में भी पाई जाती हैं। इनमें गिद्ध, बाज, उल्लू, चील आदि शामिल हैं।

मौजूदा वन्य जीवन (सुरक्षा) कानून 1972 के प्रावधानों के साथ इस सहमति पत्र को जोड़ने पर निष्कर्ष निकलता है कि भारत जैसे देश भी इसी दायरे में लाया गया है जो इनके संरक्षण और आवास की सुरक्षा करते हैं भले ही दो देशों के आर-पार इनका संरक्षण क्यों न करना पड़े। नेपाल और पाकिस्तान हमारे वे पड़ोसी हैं जो इस सहमति पत्र के दायरे में आते हैं।

अरुणिमा सिन्हा ने माउंट अकांकागुआ पर फहराया तिरंगा

03 जनवरी

विश्व रिकॉर्डधारी पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा ने एवरेस्ट फतह करने के बाद अब एशिया के बाहर सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट अकांकागुआ पर पहुंचने की उपलब्धि भी हासिल कर ली है।

उन्होंने अर्जेंटीना में स्थित 6,962 मीटर ऊंची माउंट अकांकागुआ पर्वत चोटी पर पहुंचने में बीते 25 दिसंबर को कामयाबी हासिल की और वहां तिरंगा फहराया। अरुणिमा मिशन 7 समिट के तहत अब तक दुनिया की पांच सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर पहुंच चुकी हैं और कृत्रिम पैर के सहारे ऐसा करने वाली वह दुनिया की पहली महिला बन गई हैं।

अरुणिमा ने 2011 में एक ट्रेन हादसे में अपना बायां पैर गंवाने के बाद 21 मई 2013 को दुनिया को चौंकाते हुए कृत्रिम पैर के सहारे एवरेस्ट फतह किया था। उनकी इस उपलब्धि का सम्मान करते हुए उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया था।

सचिन तेंदुलकर मधुमेह जागरूकता अभियान के ब्रांड एंबेसडर बने

05 जनवरी

भारत रत्न और महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अब देश में मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाते नजर आएंगे। मधुमेह के उपचार कि दिशा में काम करने वाली दुनिया की अग्रणी नोवो नॉर्डिस्क ने सचिन को मधुमेह के खिलाफ भारत में शुरू किए गए अपने जागरूकता अभियान 'चेंजिंग डायबिटीज' का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।

भारत में इस समय 6.92 करोड़ लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं तथा 2035 तक यह संख्या 12.35 करोड़ तक पहुंच जाने की आशंका है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि 3.5 करोड़ लोगों को तो पता तक नहीं है कि उन्हें मधुमेह है। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक मेल्विन डीसूजा ने कहा, भारत दुनिया में सर्वाधिक मधुमेह मरीजों वाला देश है तथा नोवो नॉर्डिस्क मधुमेह और इससे जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाने को प्रतिबद्ध है।

एस. चिक्कारंगाप्पा ने मैकलॉयड रसेल टूर गोल्फ चौम्पियनशिप खिताब जीता।

मैरी बारा जनरल मोटर्स की अध्यक्ष नियुक्त

05 जनवरी

अमेरिकी वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर्स के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने कम्पनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैरी बारा को कंपनी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने थियोडोर सॉल्सो का स्थान लिया है। सॉल्सो बोर्ड के लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पद पर कार्य करेंगे। उनकी यह नियुक्ति तत्काल से प्रभावी है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करने से पहले वह वर्ष **2013** से अगस्त, **2014** तक कार्यकारी उपाध्यक्ष, वैश्विक उत्पाद विकास, खरीद और आपूर्ति श्रृंखला के पद पर कार्यरत थीं। जबकि वर्ष **2011** से वह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वैश्विक उत्पाद विकास के पद पर कार्यरत थी।

फोर्ब्स की 30 से कम आयु में उपलब्धियां हासिल करने वालों की सूची में 45 भारतीय

06 जनवरी

फोर्ब्स की **30** साल से कम आयु के सफल व्यक्तियों की सालाना सूची में **45** भारतीय और भारतीय मूल के लोग शामिल हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में बिल्कुल नयी परिस्थितयां तैयार कीं। फोर्ब्स की '**30** अंडर **30**' की सूची में **600** पुरुष-महिलाएं शामिल हैं जो अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण युवा उद्यमी, रचनात्मक नेतृत्व और चमकते सितारे हैं। ये उद्यमी उपभोक्ता प्रौद्योगिकी, शिक्षा, मीडिया, विनिर्माण एवं उद्योग, कानून एवं नीति, सामाजिक उद्यमी, विज्ञान और कला क्षेत्रों से जुड़े हैं। पहले पेशेवर सफलता के लिए युवावस्था बाधा मानी जाती थी। बुजुर्गी का अर्थ था ज्यादा संसाधन, ज्यादा ज्ञान, ज्यादा पैसा। अब ऐसा नहीं है। जो प्रौद्योगिकी के दौर में बड़े हुए हैं उनकी महत्वाकांक्षाएं बड़ी हैं. ये गतिशील, उद्यमशील और बेताब डिजिटल दुनिया के लिए बिल्कुल उपयुक्त है जिसमें वे बड़े हुए हैं। यदि **30** से कम साल में आप दुनिया बदलना चाहते हैं तो अब लाभ की स्थिति में हैं। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी खंड में **22** साल के रितेश अग्रवाल हैं जो ओयोग रूम्स के संस्थापक तथा मुख्य कार्यकारी हैं।

सिंगापुर में भारतीय मूल की सामिया खान ने जीता हिंदी साहित्य पुरस्कार

10 जनवरी

सिंगापुर में भारतीय मूल की नौ वर्ष की लड़की ने हिंदी भाषा से जुड़ी एक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता है। सामिया खान ने **8-12** वर्ष के आयुवर्ग में यह पुरस्कार 'हिंदी प्रेरणा पुरस्कार' की शुरुआत के मौके पर जीता।सिंगापुर में उत्तरी भारतीय मूल के छात्रों के लिए हिंदी को दूसरी भाषा के तौर पर पढ़ाया जाता है। इस प्रतियोगिता को **8-12** वर्ष, **13-16** वर्ष और **16** वर्ष से अधिक आयुवर्ग के तौर पर तीन श्रेणियों में रखा गया था। सामिया चौथी कक्षा की छात्रा है

भारतीय उच्चायुक्त विजय ठाकुर सिंह ने सामिया को यह पुरस्कार प्रदान किया। अंशुल तुकोल ने युवा समूह में कहानी लेखन का पुरस्कार जीता। अंजलि त्रिपाठी ने खुली प्रतियोगिता में पुरस्कार जीता। कविता, संबोधन और लेखन तीनों श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर संजय कुमार ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

टैंक रोधी मिसाइल 'नाग' का सफल परीक्षण

15 जनवरी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेश निर्मित तीसरी पीढ़ी के एंटी टैंक मिसाइल नाग का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

यह परीक्षण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज मैं किया गया।

परीक्षण के दौरान मिसाइल ने **4** किमी दूर स्थित लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। यह परीक्षण इमेजिंग इन्फ्रारेड सीक्र्स (आईआईएस) की क्षमता का परीक्षण करने के लिए रात्रि मैं किया गया था।

इसके अतीरिक्त परीक्षण के दौरान थर्मल टारगेट सिस्टम का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

इस सफल परीक्षण के साथ नाग मिसाइल अब अंतिम परीक्षण के लिए तैयार है।

नाग टैंक रोधी मिसाइल

- इस मिसाइल का निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी. आरडीओ) द्वारा, स्वदेश एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (आईजीएमडीपी) के अंतर्गत किया गया है।
- यह फायर एंड फॉरगेट टैंक रोधी मिसाइल है।
- हेलिना, नाग मिसाइल का हेलिकॉप्टर संस्करण है।
- इसकी क्षमता **500** मीटर से **4** किमी(जमीन पर), **7-10** किमी (आकाश में)।

2016 रियो ओलिंपिक खेलों के लिए कुश्ती रेफरी के रूप में भारतीय अशोक कुमार को चयनित किया गया है।

Mahendra's™

helping hand

Website

www.mahendras.org
www.interviewguru.mahendras.org
www.mahendrapublication.org
stportal.mahendras.org
enews.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.bankersguru.org
www.railwayguru.org
www.sscguru.org

भारत में सूखा प्रबंधन : एक अवलोकन

किसी क्षेत्र में जब पानी की उपलब्धता सांख्यिकीय आवश्यकताओं से नीचे हो जाती है तो उस स्थिति को सूखा कहते है।

भारत में वर्षा और जलवायु परिस्थितियों में उच्च अस्थायी और स्थानिक विविधताओं की वजह से अलग-अलग तीव्रता में लगभग हर वर्ष सूखा पड़ता है।

जब वर्षा सामान्य स्थितियों में -20% से -59% (पूर्व चेतावनी),-60% से 99% (सूखा) और -1005 (भयंकर सूखा) हो तो सूखे की घोषणा की जाती है। देश के करीब 68% क्षेत्र में अलग-अलग डिग्री के सूखे का खतरा है।

35% इलाका जहां 750 मिमी से 1125 मिमी के बीच वर्षा होती है उसे सूखा प्रवण और 750 मिमी से कम वर्षा वाले 33% क्षेत्रों को समय पूर्वक सूखा प्रवण इलाका माना जाता है।

सूखे का वर्गीकरण :

सूखे को मौसमी सूखा, जलविज्ञान संबंधी सूखा (हाइड्रोलॉजिकल) और कृषि सूखा में वर्गीकृत किया जाता है।

मौसम विज्ञान संबंधी सूखे को दीर्घकाल औसत के संबंध में वर्षा में कमी के आधार पर वर्गीकृत किया गया है-25% और उससे कम सामान्य, 26-50% मध्यम और 50% से अधिक गंभीर।

जलविज्ञान संबंधी (हाइड्रोलॉजिकल) सूखा तब होता है जब सतह और उप सतह में जल का स्तर इतना कम हो जाए कि सामान्य और विशेष जरूरतों के लिए पानी की कमी होने लगे।कृषि सूखे की पहचान-मौसम संबंधी सूखे का लगातार 4 सप्ताह, 15/5 से 15/10 के लिए 50 मिमी साप्ताहिक वर्षा, बाकी बचे वर्ष के लिए ऐसे 6 लगातार सप्ताह और खरीफ के मौसम में 80% फसल की बुआई।

सूखे का कारण

दक्षिण-पश्चिम मानसून से भारत में वर्षा की मात्रा और पैटर्न जैसे जलवायु परिवर्तन सूखे के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। इसके अलावा दक्षिणी दोलन के अल नीनो (ईएनएसओ) चरण ने भी भारत में सूखे को प्रभावित किया है।

भूमि-उपयोग में परिवर्तन, कृषि के अनुचित तरीके और जल निकासी के मुद्दे। ये सभी मिट्टी के जल अवशोषण क्षमता को कम करते है।

प्राकृतिक संसाधनों में कमी, खराब जल प्रबंधन, वनों की कटाई ने सूखे की स्थिति और जोखिम को बढ़ा दिया है।

सूखे का प्रभाव

सूखे का आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव बदलता रहता है। सूखे की वजह से कृषि में होने वाला नुकसान किसानों की आमदनी और उनके क्रय शक्ति को प्रभावित करता है और उन्हें बेरोजगार बना देता है। साल 2002 के सूखे, जो भारत के गंभीर सूखों में से एक था, ने, इसके 56% भौगोलिक क्षेत्र को प्रभावित किया। साथ ही इसकी वजह से 18 राज्यों के 300 मिलियन लोग और 150 मिलियन पशु प्रभावित हुए।

पेयजल आपूर्ति की कमी और खाद्य असुरक्षा, चारे की कमी, पशुओं की बिक्री में कमी, मिट्टी की नमी और भू-जल तालिका का कम होना, कुपोषण, भुखमरी आदि इसके अन्य परिणाम है।

राजस्थान, बुंदेलखंड, कर्नाटक और ओडीशा के क्षेत्र सूखा संबंधित अभाव और संघर्ष के विशेष उदाहरण हैं जबकि छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा आदि जैसे राज्यों में सूखा अनुचित कृषि प्रथाओं और खराब जल प्रबंध ान का नतीजा है।

भारत में सूखा प्रबंधन

सूखे की स्थितियों की निगरानी और प्रबंधन के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय नोडल मंत्रालय है।



मुंबई गरुड़ उद्घाटन प्रो कुश्ती लीग जीता।

वर्षों से भारत की सूखा प्रबंधन रणनीतियों ने समग्र विकास में अपना योगदान दिया है। उदाहरण के लिए **1965-1967** में आए सूखे ने 'हरित क्रांति' को प्रोत्साहित किया, इसके बाद **1972** में ग्रामीण गरीबों के लिए सूखा रोजगार सृजन कार्यक्रम बनाए गए।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपना फोकस राहत केंद्रित दृष्टिकोण से हटाकर वर्तमान सूखा प्रबंधन रणनीति पर कर दिया है।

इसमें संस्थागत तंत्र, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण प्रथाएं, सामुदायिक भागीदारी और ईडब्ल्यूएस का संचालन शामिल है।

संस्थागत तंत्र

भारत ने एक संस्थागत तंत्र बनाया है जो मंत्रालयों के बीच समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

सूखे से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) का गठन **2005** आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत किया गया है।

सूखे के प्रतिकूल वित्तीय प्रभावों से निपटने के लिए **1999** में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एनएआईएस) और **2007** में मौसम आधारित फसल बीमा योजना की शुरुआत की गई थी।

विभिन्न राज्यों में सूखा से निपटने के लिए किए जाने वाले प्रयासों में समन्वय स्थापित करने के लिए सूखा प्रबंधन समूह का गठन किया गया था।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ विभिन्न राज्यों में सूखे की स्थिति की निगरानी करता है, सरकार का राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक कोष गंभीर प्राकृतिक के आपदाओं से संबंधित है।

सूखा संभावित क्षेत्र विकास कार्यक्रम और रेगिस्तान विकास कार्यक्रम एकीकृत आकलन के आधार पर तैयार योजनाओं का उपयोग करते है।

इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (आईसीआरआईएसएटी) सेंट्रल एरिड जोन रिसर्च इंस्टीट्यूट इंडियन ग्रासलैंड एंड फोडर रिसर्च इंस्टीट्यूटय इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग आदि जैसे अनुसंधान संस्थान कुछ ऐसे संस्थान हैं जो सूखा प्रबंधन में शामिल है।

रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण प्रथाएं

भारत सरकार के कई कार्यक्रम सूखे की स्थिति में समुदायों में लचीलेपन के निर्माण में मदद करते है।

राष्ट्रीय हरित मिशन का उद्देश्य वन क्षेत्र की गुणवत्ता में सुधार करना है। वर्तमान में **2012-17** की अवधि के लिए **2.8** मिलियन हेक्टेयर (एमएचए) खराब जमीन और उस पर निर्भर करने वाले लोगों की आजीविका में सुधार लाने के लिए **2.14** अरब डॉलर का खर्च होगा।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का जमीन, पानी और वनीकरण गतिविधियों पर बहुत अधिक फोकस है। इसी प्रकार एकीकृत वाटरशीड प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी) का लक्ष्य वर्षा सिंचित/खराब क्षेत्र के **750** लाख हेक्टेयर भूमि का विकास करना है।

भारत का राष्ट्रीय जल नीति मसौदा पानी की कमी, इसके वितरण में असमानता और जल संसाधनों के संबंध में योजना, प्रबंधन और उसके उपयोग की कमी जैसे मुद्दों को संबोधित करता है।

अन्य कार्यक्रमों में वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय वाटरशीड विकास परियोजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय लघु सिंचाई मिशन शामिल है।

समुदाय की भागीदारी

समुदाय की भागीदारी का दृष्टिकोण सरकार के प्रयासों की प्रभावकारिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

इसके तहत ग्राम सभा/पंचायत अनुसंशित राहत कार्य, जिला और ब्लॉक स्तर की समितियां राहत कार्यों की मंजूरी और निगरानी में शामिल होती हैं और प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन में स्वयंसेवी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

ड्राउट अर्ली वार्निंग सिस्टम्स (ईडब्ल्यूएस) का संचालन

ईडब्ल्यूएस के दो घटक हैं-सूखे का अनुमान और सूखे की निगरानी। आईएमडी और मध्यम रेंज के मौसम पूर्वानुमान का राष्ट्रीय केंद्र सूखे की तैयारी और पूर्व चेतावनी के लिए मौसम संबंधी सूचना समर्थन का प्रस्ताव देता है।

सूखे की निगरानी की सीमाओं को पार करने के लिए नेशनल एग्रीकल्चरल ड्रॉउट असेसमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएडीएएमएस) परियोजना प्रसार, गंभीरता के स्तर और कृषि सूखे के निरंतरता पर करीब-करीब वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराता है।

निष्कर्ष

सूखा प्रबंधन प्रथाओं ने बड़े पैमानों पर लोगों के लिए प्रतिकूल परिणामों को कम कर दिया।

हालांकि, इन प्रयासों को वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण, बेसिन या सूक्ष्म स्तर पर जल का संरक्षण आदि की तरह ही पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन पर अधिक जोर देने की जरूरत है।

जलवायु परिवर्तन प्रभावों के आलोक में पूर्व चेतावनी प्रणाली के लिए क्षमता निर्माण और कौशल को बढ़ाने की जरूरत है। राष्ट्रीय वास्तविक समय सूखा निगरानी और मौसम पूर्वानुमान के लिए टॉप-डाउन अप्रोच की जरूरत है।

साथ ही राष्ट्रीय कवरेज देने के लिए मौजूदा क्षेत्रीय एवं स्थानीय प्रणालियों पर बनी बॉटम-अप अप्रोच की जरूरत है।

नेपाल को चीन से मुफ्त वीजा देने का निर्णय लिया गया है।

प्रौद्योगिकी विजन 2035 – विज्ञान का उपयोगी स्वरूप

3 जनवरी 2016 को 103वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने 'प्रौद्योगिकी विजन दस्तावेज 2035' का अनावरण किया।

दस्तावेज में 2035 के भारतीयों का उल्लेख करते हुए उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों का विवरण दिया गया है। यह वर्ष 2035 में उपलब्ध होने वाली प्रौद्योगिकियों का उल्लेख मात्र नहीं है बल्कि एक विजन है, जिसके अंतर्गत हमारे देश के नागरिक वर्ष 2035 में किस प्रकार प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करेंगे, इसका ब्योरा भी है।

इस दस्तावेज को पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को समर्पित किया गया है।

दस्तावेज की प्रस्तावना में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक) द्वारा तैयार 12 क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी रोडमैप वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं को प्रेरित करेगा। उल्लेखनीय है कि टाइफैक ने 'प्रौद्योगिकी विजन 2035' दस्तावेज भी तैयार किया है। यह आवश्यक है कि हर युवा अपनी क्षमताओं का भरपूर इस्तेमाल करे और राष्ट्र के लाभ के लिए उनकी क्षमताओं का पूरा उपयोग किया जाए। इसके लिए यह जरूरी है कि हमारे बच्चों और युवाओं की पोषण, स्वास्थ्य, ज्ञान, कौशल, संपर्कता और पहचान की आवश्यकताएं पूरी की जाएं। श्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्धिजीवी वर्ग, विश्वविद्यालयों और थिंक टैंकों का आवाहन किया कि वे विजन को पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। इस दस्तावेज के अनावरण के बाद श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकीकरण के साथ नए रणनीतियां बनाने का प्रयास करेगी।

विजन दस्तावेज के 12 चिन्हित क्षेत्र :

शिक्षा, चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवा, खाद्य एवं कृषि, जल, ऊर्जा, पर्यावरण, आवास, यातायात, बुनियादी ढांचा, निर्माण, सामग्री

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी

तैयार हो जाने के बाद रोडमैप को सरकार को पेश किया जाएगा और सरकार उपरोक्त क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों को अपनाने के संबंध में काम करेगी।

दस्तावेज में कहा गया है कि प्रौद्योगिकी नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाने के साथ देश को भी अधिकार संपन्न करेगी।

'प्रौद्योगिकी विजन दस्तावेज 2035' का लक्ष्य सुरक्षा, समृद्धि में बढ़ोत्तरी और प्रत्येक भारतीय की अस्मिता को सुनिश्चित करना है। इसका उल्लेख संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित सभी भाषाओं के संबंध में दस्तावेज में 'हमारी आकांक्षा' या 'विजन वक्तव्य' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। विजन दस्तावेज में 12 विशेषाधिकारों (छह वैयक्तिक और छह सामूहिक) का उल्लेख भी किया गया है जो सभी भारतीय नागरिकों को उपलब्ध होंगे। ये इस प्रकार हैं :

वैयक्तिक विशेषाधिकार, स्वच्छ वायु और पेयजल, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा

सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा और सार्वजनिक स्वच्छता

24x7 बिजली, बेहतर आवास, बेहतर शिक्षा, आजीविका और सर्जनात्मक अवसर, सामूहिक विशेषाधिकार, सुरक्षित और तेज आवागमन, सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय रक्षा, सांस्कृतिक विविधता और जिवन्तता

पारदर्शी और प्रभावशाली शासन, आपदा और जलवायु लचकता, प्राकृतिक संसाधनों का पारिस्थिकीय अनुकूल संरक्षण

विजन दस्तावेज के अनुसार ये विशेषाधिकार भारत के प्रौद्योगिकी विजन के केंद्र में हैं। इन विशेषाधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकियों का निर्धारण किया गया है- 1. जिन्हें तेजी से तैनात किया जा सके, 2. जिन्हें प्रयोगशाला से व्यवहार में लाया जा सके, 3. जिनके लिए लक्ष्य अनुसंधान आवश्यक है और 4. जो अभी भी कल्पना में हैं। प्रौद्योगिकियों के इन अंतिम वर्गों के संबंध में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वियरेबल टेक्नालॉजी, सिंथेटिक बायोलॉजी, ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस, बायो प्रिंटिंग और रिजरेटिव मेडिसिन जैसे उत्कृष्ट 'ब्लू स्काई' अनुसंधान उल्लेखनीय हैं। इसके अलावा सटीक कृषि और रोबोट आधारित खेती, वर्टिकल खेती, इंटरेक्टिव फूड, ऑटोनोमस व्हेकिल, बायोलियोमिनेसंस, इमारतों की 3डी प्रिंटिंग, भूकंप की भविष्यवाणी, मौसम प्रौद्योगिकियां, हरित खनन आदि ऐसी अन्य प्रौद्योगिकियां हैं जिनसे मानव की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की आवश्यकताएं पूरी की जा सकेंगी।

'स्वच्छ वायु और पेय जल' की आवश्यकताएं पूरी करने वाली विभिन्न प्रौद्योगिकियों का वर्गीकरण नीचे दी गई तालिका में उपलब्ध है :

दस्तावेज में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियों का हवाला भी दिया गया है, जिन्हें हम एक राष्ट्र के रूप में हल करेंगे-

- पोषण सुरक्षा की गारंटी और महिलाओं तथा बच्चों में खून की कमी को समाप्त करना
- सभी नदियों और जल स्रोतों में पानी की बेहतर गुणवत्ता और मात्रा सुनिश्चित करना
- सभी के लिए शिक्षा और भाषा संबंधी सुविधाएं प्रदान करना

चीन ने एक बच्चे की नीति में ढील दे दी है।

- बिजली के विकेन्द्रीयकृत वितरण के लिए विकास करना
- देश के आकार को देखते हुए महत्वपूर्ण संसाधनों को सुरक्षित करना
- पारिस्थितिकिय हालात के मद्देनजर कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करना
- लेह और तवांग तक रेल सुविधा बढ़ाना
- राष्ट्र के जलवायु पैटर्न को समझना और उसके अनुकूल काम करना
- स्वतंत्र निर्वाचन प्रक्रिया और वित्तीय अधिकारिता सुनिश्चित करना

प्रौद्योगिकी का समाज पर प्रभाव संबंधी तथा पूंजी आधारित और श्रम शक्ति आधारित विकल्प के ऊपर बहस होती रही है। पूंजी आधारित प्रौद्योगिकी विशेषकर भारत में जहां मानव संसाधन की बहुतायत है, उसे श्रम शक्ति के संदर्भ में बाधक माना जाता है और यह बहस की जाती है कि उससे रोजगार कम होंगे। विजन दस्तावेज इस मिथक को तोड़ता है और उसका कथन है कि प्रौद्योगिकी से श्रम शक्ति को कुशल बनाया जा सकता है, जिससे समाज की आवश्यकताएं पूरी की जा सकेंगी।

इस दस्तावेज में 'कार्रवाई का आह्वान' जैसी प्रमुख गतिविधियों के बारे में भी बताया गया है। इसमें पहली गतिविधि ज्ञान का सृजन है। दूसरी गतिविधि के अनुसार विकास और नवाचार के लिए इको प्रणाली तैयार करने के बारे में उल्लेख किया गया है। प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन की गतिविधि भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस दस्तावेज में भावी भारत के बारे में रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। हर क्षेत्र के लिए जो प्रौद्योगिकी रोडमैप दिया गया है, उसके अनुसार भविष्य की प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास पहलें और नीतियों की जानकारी दी गई है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिये, विजन दस्तावेज **2035** में भारतीय तकनीकी परिदृश्य की क्षमताओं और बाधाओं के एक तर्कसंगत आंकलन की परिकल्पना की गई है।यह भारतीय परिप्रेक्ष्य में प्रौद्योगिकियों का वर्गीकरण छह श्रेणियों में करता है जो निम्न प्रकार हैं:-

प्रौद्योगिकी नेतृत्व- आला प्रौद्योगिकियाँ जिनमें हम मुख्य दक्षता रखते हैं जैसे, कुशल मानव शक्ति, बुनियादी ढांचा और एक पारंपरिक ज्ञान आधार जैसे कि परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान।

प्रौद्योगिकी स्वतंत्रता- सामरिक प्रौद्योगिकियाँ जिन्हें हमें अपने दम पर विकसित करना है क्योंकि उन्हें कहीं और से प्राप्त नहीं किया जा सकता जैसे कि, रक्षा क्षेत्र।

प्रौद्योगिकी नवाचार- असमान प्रौद्योगिकियों को एक साथ जोड़ना या एक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नयी उपलब्धि हासिल कर इसे दूसरी प्रौद्योगिकी पर लागू करना उदाहरण के लिए- क्लोरोफिल आधारित सिंथेटिक मार्ग पर सौर सेलों को स्थापित करना जो कि अक्षय ऊर्जा का एक शक्तिशाली भविष्य स्रोत है।

प्रौद्योगिकी अपनाना- अन्यत्र से प्रौद्योगिकियों प्राप्त कर स्थानीय जरूरतों के अनुसार उन्हें संशोधित करना और अन्य स्रोतों पर निर्भरता कम करने जैसे, वर्षा जल संचयन, कृषि जैव प्रौद्योगिकी, विलवणीकरण, ऊर्जा कुशल इमारतों के क्षेत्रों में विदेशी सहयोग स्थापित करना।

प्रौद्योगिकी बाधायें- वे क्षेत्र जहाँ प्रद्योगिकी गंभीर प्रकृति की और समस्याग्रस्त है अर्थात् उसका गंभीर विधिक व नैतिक मुद्दों के कारण एक

नकारात्मक सामाजिक या पर्यावरणीय प्रभाव है जैसे कि, आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलें।

विजन दस्तावेज के, एक अलग खंड में, सभी प्रमुख हितधारकों के लिए एक 'कार्रवाई का आह्वान' दिया गया है। यह भारत के तकनीकी कौशल की दीर्घकालिक स्थिरता पर ध्यान आकर्षित कराता है, यह महत्वपूर्ण है कि नवाचार में उपलब्धि हासिल करने के लिये तकनीकी शिक्षण संस्थान बड़े पैमाने पर उन्नत अनुसंधान में संलग्न हों।

सरकार ने लंबे समय से परिकल्पित अपने वित्तीय समर्थन को बढ़ाकर वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद के **1%** से **2%** कर दिया है।

मुख्य अनुसंधान के क्षेत्र में पूर्णकालिक समकक्ष वैज्ञानिकों की संख्या में भी वृद्धि आवश्यक है।

निजी क्षेत्र की भागीदारी और प्रयोगशाला से खेतों तक आसानी से प्रयोग में लायी जा सकने वाली प्रौद्योगिकियों में निवेश करना और आर्थिक लाभ के मामले में कार्यकुशलता बढ़ाना।

उद्योग उद्योग द्वारा प्रायोजित छात्र इंटर्नशिप और अन्य बातों के अलावा शोध फैलोशिप की आवश्यकताओं के आधार पर विचार विनिमय, नवीन पाठ्यक्रम डिजाइन के माध्यम से स्थापित शैक्षणिक क्षेत्र-बुद्धिजीवी-उद्योग कनेक्ट।

छात्रों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों को एकीकृत करके प्रौद्योगिकी उत्पाद/प्रक्रिया के लिए अनुसंधान के द्वारा अनुसंधान के पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण।

दस्तावेज में 'कार्रवाई के आह्वान' के एक हिस्से के रूप में तीन महत्वपूर्ण गतिविधियों की पहचान की गयी है। इसमें सबसे पहला ज्ञान का सृजन है। इसमें कहा गया है कि भारत ज्ञान क्रांति के क्षेत्र में अग्रणी होने से पीछे नहीं रह सकता, भले ही वह विशुद्ध ज्ञान से संबंधित हो या प्रयोगिक क्षेत्र से। दूसरी गतिविधि जिसे परिलक्षित नहीं किया जा सकता, नवाचार और विकास के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के डिजाइन की बात करती है। दस्तावेज में पुनः दिलचस्प तरीके से कहा गया है कि पारिस्थितिकी तंत्र की डिजाइन की प्राथमिक जिम्मेदारी अनिवार्य रूप से सरकारी अधिकारियों पर निर्भर है। एक तीसरी महत्वपूर्ण गतिविधि जिसका यह उल्लेख करता है वह यह कि इसमें विशिष्ट लक्ष्यों, परिभाषित व समय सीमा से जुड़े चिन्हित खिलाड़ियों के साथ कुछ राष्ट्रीय मिशन की शुरूआत की जानी आवश्यक है। हालांकि यह विजन दस्तावेज, पूरे देश को समग्र रूप से ध्यान रखते हुये देश को भविष्य की ओर ले जाता है, प्रत्येक क्षेत्र का प्रौद्योगिकी रोडमैप प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित भविष्य प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियों, अनुसंधान एवं विकास निर्देशों, अनुसंधान के संकेतों, प्रत्याशित चुनौतियों और नीति अनिवार्यता की रूपरेखा प्रदान करेगा।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत द्वारा निर्मित अफगानिस्तान की नई संसद का उद्घाटन किया।

मृदा स्वास्थ्य

मृदा स्वास्थ्य कार्ड-कृषि क्रांति के लिए एक उपकरण

दीर्घकालीन अवधि से कृषि भारतीय जनसंख्या का मुख्य आधार रही है। भारतीय कृषि की गाथा, रोजगार सृजन, आजीविका, खाद्य, पोषण और पारिस्थितिकी सुरक्षा में अपनी बहु-आयामी सफलता के एक वैश्विक प्रभाव के साथ, बेहद शानदार रही है। कृषि और इससे संबंधित गतिविधियां भारत में कुल सकल घरेलू उत्पाद में **30** प्रतिशत का योगदान करती है। हरित क्रांति से परिवर्तन के प्रथम दौर का शुभारंभ हुआ था। भारत गेहूँ, चावल, चीनी, मूंगफली के साथ-साथ कॉफी, नारियल और चाय जैसी नकदी फसलों के मामले में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक हो गया।

भारत की दृष्टि अब दूसरी हरित क्रांति के लिए पूर्वी भारत पर केंद्रित है। उच्च गुणवत्तायुक्त उत्पादकता और किसानों के कल्याण जैसे दोहरे लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ कृषि में निवेश वृद्धि की आवश्यकता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समय-समय पर बल दिया गया है।

समूचे परिदृश्य में, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने कृषक समुदाय के लिए जागरूकता अभियान और कृषि-ज्ञान में वृद्धि पर जोर दिया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में सुधार और बेहतर सिंचाई एवं ग्रामीण विद्युतीकरण जैसे सहायता उपायों के अतिरिक्त एनडीए सरकार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना पर भी खास जोर दिया है।

केंद्र सरकार द्वारा फरवरी, **2015** में इस योजना का शुभारंभ किसानों को 'मृदा कार्ड' जारी करने के लिए किया गया है, जिसमें व्यक्तिगत खेतों के लिए आवश्यक पोषकों और उर्वरकों के लिए फसल के अनुसार सलाह दी जाएगी। इसका उद्देश्य आगतों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से उत्पादकता में सुधार के लिए किसानों को सहायता प्रदान करना है।

केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह के शब्दों में, यह अत्यंत महत्वपूर्ण पहल किसानों को उनकी फसलों की उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ विविधिकरण के लिए भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। इसके माध्यम से देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निश्चित रूप से महत्वपूर्ण योगदान दिया जाएगा। मृदा स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जागरूकता और खाद की भूमिका से पूर्वी भारत में भी अधिक खाद्यान उत्पादन में सहायता के साथ-साथ मध्य प्रायद्वीपीय भारत में उत्पादन में हो रही गिरावट को दूर करने में भी मदद मिलेगी। पूर्वी भारत में अनाज, चावल और गेहूँ में वृद्धि से स्थानीय स्तर पर खाद्यान्न भंडार बनाने के लिए एक अवसर मिलेगा। इससे पंजाब और हरियाणा पर कृषि दबाव में भी कमी होगी। मूलतः मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एक सफल मॉडल के तौर पर सामने आने के बाद किया गया। वर्ष **2003-04** से स्वयं में यह एक तथ्य है कि मृदा स्वास्थ्य देखभाल के लिए वैज्ञानिक उपायों की पहल के मामले में गुजरात मृदा स्वास्थ्य कार्ड पेश करने वाला प्रथम राज्य रहा है। गुजरात में **100** से ज्यादा मृदा प्रयोशालाएं स्थापित की गई थीं और इस योजना का परिणाम काफी संतोषजनक रहा था। इसकी शुरुआत के बाद से, गुजरात की कृषि आय **2000-01** में **14,000** करोड़ रुपए से बढ़कर **2010-11** में उच्चतम **80,000** करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी। जुलाई, **2015** में, केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रथम बार मृदा प्रबंधन कार्य प्रणालियों और मृदा स्वास्थ्य बहाली को प्रोत्साहन देने के लिए **3** वर्ष की अवधि में कृषि जनसंख्या के व्यापक स्तर पर **14** करोड़ कार्ड धारकों को एक बार में शामिल किया जाएगा। सही मायनों में, कृषि के अंतर्गत नई भूमियों को लाने के लिए किसी भी ठोस कदम की अनुपस्थिति के साथ कृषि में तेजी से उत्पादन के हस्तक्षेपों ने पहले से फसलों को प्रभावित किया है और कृषि भूमियों से मूल्यवान पोषक तत्वों से वंचित किया है। विशेषज्ञ और कृषि वैज्ञानिकों ने अक्सर यह कहा है कि भारत के विभिन्न भागों में एक अकाल और सूखे की संभावना हो सकती है। इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि यदि आवश्यक सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए अगले **10** वर्षों में भोजन की कमी हो सकती है।

विशेषज्ञों ने भूमि में अधिक विविधता के लिए जेनेटिक खाद्य कृषि के महत्व पर भी चर्चा की है। कृषि मंत्रालय ने इस तथ्य पर जोर दिया है कि अधिक दालों और हरी सब्जियों को उगाया जा सके क्योंकि यह भूमि में प्राकृतिक बदलाव ला सकती है। जाने-माने विशेषज्ञ और 'हरित क्रांति के जनक' एम. एस. स्वामीनाथन के अनुसार विभिन्न प्रकार की फसलों की खेती के लिए विकल्प की आवश्यकता है। मृदा स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जागरूकता से इन गतिविधियों को और अधिक आसान एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सकेगा। राज्यों में मृदा के अध्ययन भी यह दिखाते हैं कि दालें, सूरजमुखी, बाजरा अथवा चारा और सब्जियों जैसी वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है।इस प्रकार से हम यह समझ सकते हैं कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड तंत्र का उद्देश्य निश्चित रूप से कुछ अत्यावश्यक क्रांतिकारी परिवर्तन और देश के कृषि परिदृश्य में हितकारी प्रभाव लाने में मदद प्रदान करना है।इस योजना के साथ वास्तव में बहुत सी महत्वपूर्ण पहलें जुड़ी है। इसके अंतर्गत, सरकार फसल विविधिकरण को अपनाने वाले किसानों की मदद कर सकती है। किसान भूमि की उर्वरा शक्ति के कारक को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और नई मूल्य संवर्द्धित फसलों की ओर आकर्षित हो सकते हैं। इससे कृषि में जोखिम घटाने में सहायता मिलेगी और संपूर्ण खेती प्रक्रिया की लागत में भी कमी आएगी।कुछ राज्य पहले से ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी कर रहे हैं, लेकिन यह देखा गया था कि राज्यों पृष्ठ सं. 89 पर...

'डिजिटल इंडिया वीक **2015**' के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को देश में पहला स्थान मिला है।

